पौष शुक्ल पक्ष दशमी 7:26 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मुरादाबाद, शनिवार, 20 जनवरी 2024

वर्ष 4, अंक 301, पृष्ठ 16

मूल्य 5 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण


# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार


www.amritvichar.com





भारत स्वास्थ्य सेवा क्रांति में सबसे आगे 16

अजय देवगन ने शेयर किया शैतान का फर्स्ट लुक 15


## एक नजर

### दलजीत सिंह एसएसबी के महानिदेशक नियुक्त



नई दिल्ली। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को शुक्रवार को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गई है। उत्तर प्रदेश कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी चौधरी इस समय सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

### डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को फिर मिला पैरोल

चंडीगढ़। साध्वी यौन शोषण और पत्रकार रामचन्द्र छत्रपती की हत्या के मामलों में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को एक बार फिर 50 दिनों का पैरोल मिला है। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख रोहतक के सुनारिया जेल में बंद है। पैरोल के दौरान वह उत्तर प्रदेश के बरनावा आश्रम में रहेगा।

### ईडी ने केरल के पूर्व मंत्री इसाक को किया तलब

कोच्चि। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता थॉमस इसाक को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) से जुड़े एक मामले में पूछताछ के लिए नया समन जारी किया है। यह मामला पिछली एलडीएफ सरकार में वित्त मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान वित्तीय लेनदेन में कथित उल्लंघन की जांच से जुड़ा हुआ है।

### महुआ मोइत्रा ने खाली किया सरकारी बंगला

नई दिल्ली। लोकसभा से निष्कासित सांसद महुआ मोइत्रा ने शुक्रवार को यहां अपना सरकारी बंगला खाली कर दिया। इससे एक दिन पहले, दिल्ली उच्च न्यायालय ने बंगला खाली कराने पर रोक लगाने की याचिका खारिज कर दी थी। मोइत्रा के वकील शादान फरासत ने कहा कि सुबह 10 बजे तक बंगला खाली कर दिया गया।

# राममंदिर पर आकाश से होगी पुष्प वर्षा

## अलौकिक होगा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह विश्व को लुभाएगी रामनगरी अयोध्या

## पुलिसकर्मियों की होगी काउंसिलिंग आतिथ्य और संस्कृति का सुअवसर

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

**अमृत विचार :** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का समारोह अलौकिक होगा। राममंदिर पर आकाश से फूलों की बारिश भी होगी। भव्य सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रम और शाम को दिवाली पूरे विश्व को लुभाएगी। मंगलाचरण और मत्रों के बीच संत-धर्माचार्य समेत देश-विदेश के अतिथियों को अनुपम आतिथ्य संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। सुरक्षा एजेंसियों में समन्वय और पुलिसकर्मियों की काउंसिलिंग के साथ आतिथ्य-संस्कृति सबका दिल जीतेगी।

अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आगामी 22 जनवरी को नव्य-दिव्य-भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के बालरूप विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को अलौकिक बनाने के लिए ने सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। बताया कि श्रीराम मंदिर पर पुष्पवर्षा भी होगी। इसके लिए न्यास के पदाधिकारियों और एयरफोर्स से संवाद व समन्वय बना लें। भारत के सभी प्रांतों से आ रहे संत, धर्माचार्य, गणमान्य जनों की सुरक्षा व सम्मान के पुख्ता इंतजाम हों। साथ ही हर वीवीआईपी के साथ एक ऐसे लाइजनिंग अधिकारी की तैनाती की जाए जो श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति यज्ञ, अयोध्या के पौराणिक, ऐतिहासिक और भौगोलिक महत्व से सुपरिचित हों। आमंत्रित जनों के सुविधाजनक आवागमन के लिए उनसे सतत संवाद बनाएं। इसके लिए सक्रिय कॉल सेंटर को 24 घंटे चालू रखा जाए।



प्राण प्रतिष्ठा से पहले सोशल मीडिया मंचों पर वायरल रामलला की मूर्ति।

### अस्थायी मंदिर में आज से रामलला के दर्शन बंद

श्रीराम लला के अस्थायी मंदिर में 20 जनवरी से आम श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन नहीं होंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार शाम से 22 जनवरी तक के लिए दर्शन-पूजन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। भक्त अब भव्य मंदिर में रामलला के दर्शन 23 जनवरी से कर सकेंगे। 23 जनवरी से दर्शन-पूजन के लिए भी ट्रस्ट की ओर से व्यवस्था बनाई जा रही है। अस्थायी मंदिर में विराजमान रामलला की मूर्ति गर्भगृह में रखी जाएगी।

### अरण्य मंथन के साथ हवन कुंड में हुआ अग्नि का प्रवेश



हवन कुंड के लिए अग्नि जलाने का उपक्रम करते आचार्यगण।

अयोध्या। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जन्मभूमि परिसर में चल रहे अनुष्ठान के चौथे दिन अरण्य मंथन के साथ हवन कुंड में अग्नि देवता का प्रवेश हुआ। यह अनुष्ठान मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा के हाथों संपन्न हुआ। शुक्रवार को सुबह नौ बजे से शुरू हुए अनुष्ठान में औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास और शाम को धान्याधिवास संस्कार आदि कार्यक्रम हुए। अनुष्ठान काशी के विद्वान पं. लक्ष्मीकांत दीक्षित और पं. गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ के साथ आए 121 आचार्य ने मंत्रोच्चार के बीच संपन्न कराया। पूजा में यज्ञ कुंड में आहुतियां भी डाली गईं। प्राण प्रतिष्ठा के लिए अधिवास प्रक्रिया एवं आचार्य : सामान्यत : प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सात अधिवास की परंपरा है। जिन्हें विधि विधान पूर्वक किया जा रहा है। ट्रस्ट के मुताबिक भारतीय आध्यात्मिकता, धर्म, संप्रदाय, पूजा पद्धति, परंपरा के 150 से अधिक परंपराओं के संत, महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, श्रीमहंत, महंत, नागा सहित 50 से अधिक आदिवासी, गिरिवासी, तातवासी, द्वीपवासी आदिवासी परंपराओं के प्रमुख व्यक्तियों की कार्यक्रम में उपस्थिति रहेगी। जो मंदिर परिसर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का दर्शन करेंगे।

### सभी को समयबद्ध कार्ययोजना से कराएंगे दर्शन

मुख्यमंत्री ने अपील किया कि बिना प्रोग्राम के न आएं। धैर्य बनाकर अपनी बारी का इंतजार करें और यहां के कार्यक्रम के अनुरूप ही आएं। विश्वास दिलाया कि यहां व्यवस्था की जा रही है। किसी को असुविधा नहीं होगी। प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन के साथ लोकल स्तर पर व्यवस्था कर रहे हैं। प्रदेश में बीट प्रणाली लागू करने को कहा है, जो निचले स्तर तक लोगों से संवाद बनाकर लाने व व्यवस्थित रूप से दर्शन कराने में योगदान दे सके। लोकल स्तर पर राज्य से बसों की व्यवस्था की जा रही है। दर्शन कब कैसे और किस प्रकार होगा, यह प्रक्रिया न्यास तय करेगा और हम उसके अनुरूप व्यवस्था कर रहे हैं।

### पैदल कतई न आएं, अव्यवस्था की स्थिति न बने

मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच सदी के बाद यह अवसर आया है, इसलिए हर किसी के मन में उमंग व उत्साह है। हर श्रद्धालु रामलला का दर्शन करना चाहता है। मेरी अपील है कि भीषण शीतलहरी चल रही है। पैदल न आएं। हम जनपदों व राज्यों को व्यवस्था दे रहे हैं। तीर्थ क्षेत्र न्यास से चर्चा कर कार्ययोजना बनाएंगे। अव्यवस्था की स्थिति न बनने पाए।

### जानें कब क्या हुआ

- 22/23 दिसंबर 1949 में रामलला गर्भगृह में प्रकट हुए थे।
- 25 मार्च 2020 को टेंट से अस्थायी मंदिर में विराजमान किए गए ।
- 9 नवम्बर 2019 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा मंदिर निर्माण का निर्णय आया।
- 18 जनवरी को भव्य मंदिर के मूल गर्भगृह में स्थापित किए गए।
- 22 जनवरी 2024 की दोपहर प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य पूजन होगा।
- 23 जनवरी 2024 से आम श्रद्धालुओं को मंदिर में दर्शन सुलभ होगा।

**एक फरवरी को पूरी राज्य सरकार होगी शरणागत :** श्रीरामलला विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के भव्य समारोह के उपरांत एक फरवरी को राज्य सरकार के सभी मंत्रिगण एक साथ श्रीरामलला का दर्शन-पूजन करने का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।

# बिलकिस बानो केस : दोषियों को 21 तक करना होगा सरेंडर

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ शीर्ष कोर्ट ने आत्मसमर्पण के लिए समय बढ़ाने संबंधी याचिका खारिज की

गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को 21 जनवरी तक आत्मसमर्पण करना होगा, क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने आत्मसमर्पण के लिए समय बढ़ाने के अनुरोध संबंधी उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि दोषियों द्वारा बताए गए कारणों में कोई दम नहीं है। दोषियों ने आत्मसमर्पण के लिए और समय दिए जाने का अनुरोध करते हुए गुरुवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के गुजरात सरकार के फैसले को आठ जनवरी को रद कर दिया था और और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश दिया था। गुजरात सरकार ने सभी 11 दोषियों को 15 अगस्त 2022 को सजा में छूट दे दी थी और उन्हें रिहा कर दिया था। पीठ ने कहा कि हमने आवेदकों के वरिष्ठ अधिवक्ता और वकील तथा गैर-आवेदकों के वकील की दलीलों को भी सुना है। आवेदकों द्वारा आत्मसमर्पण के लिए और वक्त दिए जाने के लिए बताए कारणों में कोई दम नहीं है, इसलिए, ये याचिकाएं खारिज की जाती हैं।

# राहुल की संसद सदस्यता बहाली के खिलाफ याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ शीर्ष कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर लगाया एक लाख का जुर्माना

सुप्रीम कोर्ट ने निरर्थक याचिकाएं दाखिल करने को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल करने वाली अधिसूचना को रद करने के अनुरोध संबंधी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी और याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।

सुप्रीम कोर्ट ने 'मोदी' उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में 2019 में राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि मामले में चार अगस्त, 2023 को उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगा दी थी। राहत मिलने के तीन दिन बाद सात अगस्त को लोकसभा सचिवालय ने एक अधिसूचना जारी कर गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल कर दी थी। लखनऊ निवासी अशोक पांडे द्वारा दाखिल याचिका न्यायमूर्ति बीआर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। सुनवाई के लिए दो बार बुलाए जाने के बावजूद पांडे पेश नहीं हुए। पीठ ने याचिकाकर्ता द्वारा दायर अलग-अलग याचिकाओं पर सुनाए गए दो पिछले आदेशों का भी हवाला दिया। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछली याचिकाओं को क्रमशः पांच लाख रुपये और एक लाख रुपये का जुर्माना लगाकर खारिज कर दिया था।

# आतंकी गुरपतवंत पन्नू के कहने पर अयोध्या की रेकी कर रहा था गैंगस्टर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ रामोत्सव में वारदात की साजिश रच रहा था एसएफजे का मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू

▸▸ एटीएस की पूछताछ में पकड़े गए गैंगस्टर का आतंकी संगठन से संबंध होने का खुलासा

**अमृत विचार :** अयोध्या में गुरुवार को पकड़े गए तीन संदिग्धों का प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) से संबंध है। गैंगेस्टर शंकर लाल दुसाद उर्फ शंकर जाजोद खालिस्तान समर्थक आतंकी पन्नू के कहने पर अपने दो साथियों के साथ अयोध्या में रेकी करने आया था। पूछताछ में पता चला है कि एसएफजे का मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू रामोत्सव में किसी वारदात की साजिश रच रहा है। पकड़े गए तीनों राजस्थान के रहने वाले हैं। दुसाद के पास से फर्जी पहचान-पत्र और फर्जी सिम कार्ड भी मिला है।

एटीएस के मुताबिक अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर विशेष सतर्कता व सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सूचना मिली कि एक गैंगेस्टर अपने कुछ साथियों के साथ सड़क मार्ग से श्रीराम जन्मभूमि, अयोध्या आ रहा है। इस सूचना पर सक्रियता त्रिमूर्ति होटल जाते समय हरियाणा की नंबर वाली स्कॉर्पियों में सवार तीनों को एटीएस टीम ने दबोच लिया। पूछताछ में उनकी पहचान सीकर (राजस्थान) का शंकर लाल दुसाद उर्फ शंकर जाजोद और प्रदीप पुनिया तथा झुन्झुन (राजस्थान) का अजीत कुमार शर्मा के रुप में हुई।



### वाहन में श्रीराम नाम का झंडा लगाकर मूवमेंट

पूछताछ में शंकरलाल दुसाद ने बताया कि विदेश में रह रहे खालिस्तान समर्थक हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा ने गुरपतवंत सिंह पन्नू का संदेश देते हुए कहा था कि वह अयोध्या जाकर वहां रेकी कर नक्शा भेजे तथा उसके निर्देश का इंतजार करे। उसी अनुसार घटना को अंजाम दिया जाएगा एवं सामग्री आदि उपलब्ध करा दी जाएगी। इसलिए वह लोग अपने वाहन में श्रीराम का झंडा लगाकर रेकी कर रहे थे, जिससे किसी का शक न जाए। बाकी दोनों साथियों की बाबत दुसाद ने बताया गया कि यह उसके साथी हैं और वह इनको अपने साथ मदद के लिए लाया था।

# न्यायिक कार्य छोड़कर नमाज पढ़ने के लिए जाना अनुचित

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मुस्लिम अधिवक्ताओं के नमाज पढ़ने जाने पर न्याय मित्र करेंगे जिरह

**अमृत विचार :** अवैध धर्मांतरण के मामले में अदालत में उपस्थित गवाह से नमाज पढ़ने जाने का हवाला देकर जिरह न करने पर, एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने निर्देश दिया है कि जिन- जिन अभियुक्तों की ओर से मुस्लिम अधिवक्ता हैं, उन्हें न्याय मित्र भी उपलब्ध कराया जाए। कोर्ट ने कहा कि इससे गवाह से निर्बाध जिरह होती रहेगी।अदालत ने गवाह से जिरह करने के लिए 20 जनवरी की तिथि नियत की है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी से संबंधित इस मामले में न्यायालय के समक्ष गवाह उपस्थित था। इस दौरान बचाव पक्ष को से एक अर्जी देकर इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य दिलाए जाने का आवेदन किया गया जिसका विरोध लोक अभियोजक नागेंद्र गोस्वामी ने किया तथा कहा कि जिन इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की नकल आरोपियों द्वारा मांगी जा रहे हैं, वह यूआरएल के ओपन सोर्स पर उपलब्ध है जहां से पुनः प्राप्त की जा सकती हैं। वहीं मामले में हाजिर गवाह से जिरह करने के लिए जब कोर्ट ने अधिवकताओं से कहा तो मुस्लिम अधिवक्ता नमाज को कह कर चले गए तथा हिंदू अधिवक्ताओं ने भी जिरह नहीं की। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि न्यायिक कार्य छोड़कर बीच में नमाज पढ़ने की पढ़ने के लिए जाना अनुचित है।

अदालत ने कहा है कि यह मामला अवैध धर्मान्तरण से संबंधित है तथा दिन प्रतिदिन सुनवाई करने का आदेश है परंतु इस प्रकार से विलंब करने से विचारण पूर्ण नहीं होगा। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि मुस्लिम अधिवक्ताओं के साथ-साथ न्यायालय की सहायता के लिए न्याय मित्र उपलब्ध करा दिया जाए जिससे नमाज पढ़ने के लिए जाने पर न्याय मित्र द्वारा जिरह की जाती रहे तथा शीघ्र विचारण पूर्ण हो सके।

# पीएम आवास में रिश्वत का खुला खेल... पीओ डूडा निलंबित, इंजीनियर बर्खास्त

## योजना की मॉनीटरिंग करने वाली संस्था को किया डिबार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ पीओ डूडा को मूल विभाग भेजा विभागीय कार्रवाई के भी आदेश

▸▸ सांसद धर्मेंद्र कश्यप से लाभार्थी ने कही थी रिश्वत लेने की बात

**अमृत विचार :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप के आवास की चाबी सौंपने के दौरान रिश्वत लेने के बाबत पूछने पर महिला लाभार्थी शारदा ने आवास के लिए 30 हजार की रिश्वत देने की बात कही थी। महिला से रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने के बाद कई जिम्मेदारों पर बड़ी कार्रवाई की गई है।

सूडा के अपर निदेशक के आदेश पर पीओ डूडा देवेश कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया। उन्हें मूल विभाग में भेजने के साथ उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश भी दे दिए। जिलाधिकारी ने जिला नगरीय अभिकरण विभाग में तैनात म्यूनिसिपल सिविल इंजीनियर शिव कुमार को बर्खास्त कर दिया। साथ ही शहरी

> शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना में रिश्वत देने की बात कहने का वीडियो देखा था। पीओ डूडा को निलंबित और इंजीनियर को बर्खास्त कर दिया है। संस्था को डिबार किया गया है। पीओ डूडा को उनके मूल पद पर संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्रवाई की जाएगी। जांच कराई जा रही है।
> – **मनोज कुमार**, जिलाधिकारी

प्रधानमंत्री आवास योजना की मॉनीटरिंग करने वाली संस्था मैसर्स सरयू बाबू इंजीनियर फॉर रिसोर्स डेवलपमेंट को डिबार कर दिया है।

गुरुवार को नगर उसावां में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आंवला सांसद धर्मेन्द्र कश्यप ने शहरी पीएम आवास योजना की लाभार्थी शारदा को आवास की चाबी सौंपी थी। सांसद ने पूछा कि किसी ने पैसे तो नहीं लिए हैं। इस पर लाभार्थी ने 30 हजार रुपये लिए जाने की बात कही। सांसद ने जांच के निर्देश दिए थे। इसी दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिसका शासन ने संज्ञान ले लिया। पीओ डूडा देवेश कुमार को निलंबित कर उन्हें मूल विभाग उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड भेजा गया है। सूडा के अपर निदेशक आनंद कुमार शुक्ला ने डीएम को आदेश जारी कर पीओ डूडा के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के लिए भी कहा। अपर निदेशक ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में इस तरह की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# रालोद लोकसभा की सात सीटों पर उतारेगी प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सपा का कांग्रेस से पहले रालोद के साथ हुआ सीटों पर समझौता

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन में समाजवादी पार्टी (सपा) व राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के लिए भले ही सीटें न फाइनल हुईं हों, मगर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दरियादिली दिखाते हुए सपा के खाते में आने वाली सीटों में सात रालोद को देने की सहमति दी। यह निर्णय अखिलेश यादव और रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की बैठक में लिया गया। शुक्रवार को दोनों नेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह जानकारी साझा की।

अब लोकसभा चुनाव में रालोद सात सीटों पर लड़ेगी। अन्य सीटों पर गठबंधन के प्रत्याशी को समर्थन देगी।

> पूर्व में 2019 के लोकसभा चुनाव में रालोद ने तीन प्रत्याशी उतारे थे, इस बार सीटों की संख्या बढ़कर सात हो चुकी है। ये सीटें बागपत, मथुरा, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, अमरोहा और कैराना हैं। इन सात सीटों पर रालोद प्रत्याशी होंगे। अन्य सभी सीटों पर रालोद, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताएगी। –**अनिल दुबे**, राष्ट्रीय प्रवक्ता रालोद

रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर गठबंधन की बधाई देते हुए कहा कि उम्मीद है कि सभी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट होकर गठबंधन प्रत्याशियों को विजयी बनाएंगे।

# मुद्रा बाजार भी 22 को आधे दिन बंद रहेंगे

मुंबई। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कारण मुद्रा बाजार 22 जनवरी को दोपहर ढाई बजे तक बंद रहेंगे। यह नौ बजे के बजाय दोपहर ढाई बजे खुलेंगे। सरकार के सोमवार 22 जनवरी को आधे दिन की छुट्टी की घोषणा करने के बाद यह फैसला किया गया। इससे पहले गुरुवार को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने केंद्रीय संस्थानों और केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठानों के संबंध में आदेश जारी किया था कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बीमा कंपनियां और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर आधे दिन का अवकाश रहेगा। आरबीआई ने शुक्रवार को जारी परिपत्र में कहा कि केंद्रीय बैंक के दायरे में आने वाले बाजारों के लिए कारोबार का समय सोमवार को अपराह्न ढाई बजे से शाम पांच बजे तक रहेगा।

# लोगों को बचाने के लिए मौत को 1 .5 किमी दौड़ाता रहा चालक

## ट्रक में लदे थे 364 गैस सिलेंडर , आग लगने के बाद जलते ट्रक को आबादी से दूर ले गया , आधे घंटे तक होता रहा विस्फोट

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** करनैलगंज के भुलियापुर गांव के पास हुए हादसे में अगर ट्रक चालक हिम्मत नहीं दिखाता तो बड़े पैमाने पर जनहानि हो जाती। लेकिन उसने हिम्मत नहीं छोड़ी और आग लगने के बाद अपनी जान की परवाह किए बगैर वह डेढ़ किलोमीटर तक हाइवे पर ट्रक दौड़ाता रहा। जब उसने सुरक्षित स्थान देखा तो ट्रक को किनारे लगाकर उससे कूदा और अपनी जान बचाई। चालक ने जैसे ही वाहन रोका आग की लपटों ने पूरे ट्रक को कब्जे में ले लिया। गैस सिलेंडरों में ताबड़तोड़ धमाकों से पूरा इलाका दहल उठा।



आग लगने के बाद खाक हुआ ट्रक और बिखरा पड़ा सिलेंडरों का मलबा।

हादसे का शिकार हुए ट्रक में कुल 364 एलपीजी गैस सिलेंडर लदे थे। ट्रक रात में लखनऊ के गुडंबा इलाके से सिलेंडर लादकर गोंडा के सूर्या गैस एजेंसी के लिए निकला था। ट्रक को चालक पवन पाल चला रहा था। ट्रक सुबह आठ बजे के करीब गोंडा -लखनऊ हाइवे पर करनैलगंज के भुलियापुर गांव के पास पहुंचा तो ट्रक के इंजन में शॉर्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गयी। जब आग लगी तो ट्रक जरवल कस्बे में था।

सड़कों पर लोग और कई वाहन थे। भीड़भाड़ वाला इलाका देख चालक पवन के हाथ पांव फूल गए। लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी। रुकने के बजाय उसे वह पूरे सूझबूझ के साथ हाइवे पर ट्रक को दौड़ाता रहा। करीब डेढ़ किलोमीटर तक जाने के बाद जब वह जिले के करनैलगंज थाने के भुलियापुर गांव के समीप पहुंचा तो सडक सुनसान देखकर उसने ट्रक रोका और क्लीनर समेत ट्रक छोड़कर दूर भागा।

तब तक आग की लपटें गैस सिलेंडरों तक पहुंच गयी थीं। ज्योंही सिलेंडरों ने आग पकड़ी पूरा इलाका तेज धमाकों से दहल उठा। धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के गांव के लोग भयभीत हो उठे।

करीब आधे घंटे तक ताबड़तोड़ धमाके होते रहे। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ आवागमन ठप हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गयी। पुलिस और पांच फायर वाहनों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक ट्रक पूरी तरह से खाक हो चुका था।

### एक किमी दूर तक बिखरे गैस सिलेंडर

आग पकड़ने के बाद तेज धमाकों के साथ गैस सिलेंडर हवा में रॉकेट का तरह उड़ते नजर आए। धमाके के चलते सिलेंडर के टुकडे एक किमी दूर तक खेतों में बिखर गए। आग पर काबू पाने के बाद पुलिस घंटों तक सिलेंडर का मलबा इकट्ठा करने में जुटी रही। अगर कस्बे में ये हादसा हो जाता तो कई जिंदगियों पर भारी पड़ जाता।




# अलौकिक, अद्वितीय अयोध्या

## समग्र विकास

₹31 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं से संवर रही अयोध्या

₹1,919 करोड़ से जौनपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत 4 खंडों का दोहरीकरण

₹1,463 करोड़ से महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम

₹241 करोड़ से अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का कायाकल्प

₹845 करोड़ से राम पथ (सहादतगंज से नया घाट तक) का निर्माण

₹246 करोड़ से राजर्षि दशरथ स्वसाशी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या का निर्माण

₹75 करोड़ से बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण

₹68 करोड़ से भक्ति पथ (अयोध्या मुख्य मार्ग से हनुमान गढ़ी होते हुए श्री राम जन्मभूमि तक) का निर्माण

चौरासी, चौदह एवं पंच कोसी परिक्रमा पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण


महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम


अयोध्या धाम जंक्शन


महर्षि अरुंधति पार्किंग एवं व्यावसायिक संकुल


सूर्य कुण्ड द्वार

₹67 करोड़ से महर्षि अरुंधति पार्किंग एवं व्यावसायिक संकुल (पूर्वी एवं पश्चिमी)

₹65 करोड़ से धर्म पथ (एनएच-27 से नया घाट पुराने पुल तक) का निर्माण

₹45 करोड़ से एनएच-27 बाईपास महोबरा बाजार से टेढ़ी बाजार होते हुए श्रीराम जन्मभूमि तक 4 लेन रोड का निर्माण

₹41 करोड़ से श्रीराम जन्मभूमि पथ (सुग्रीव किला से श्रीराम जन्मभूमि तक) का निर्माण

₹37 करोड़ से कलेक्ट्रेट परिसर में लक्ष्मण कुंज स्मार्ट वाहन पार्किंग का निर्माण

₹34 करोड़ से पुलिस कर्मियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण

₹20 करोड़ से अयोध्या-सुलतानपुर एनएच-330 से एयरपोर्ट तक 4 लेन सड़क का निर्माण

₹17 करोड़ से सोहावल क्षेत्र के पिखरौली ग्रामसभा में सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना

₹17 करोड़ से अमानीगंज में वाहन पार्किंग एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7535080677 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

☞ वीर खालसा सेवा समिति का 20वां स्थापना दिवस पूर्वाह 12:15 बजे।

☞ ज्वालानगर स्थित मनोकामना मंदिर में शनि देव की पूजा शाम 6 बजे।

## एक नजर

### नाजिम ने उत्तीर्ण की नेट परीक्षा, परिवार में खुशी



**दढ़ियाल, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव जटपुरा निवासी नाजिम ने दिसंबर 2023 में आयोजित नेट परीक्षा दी थी। इसका परिणाम 18 जनवरी को आया। नाजिम ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। इससे उनके परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। बताया है कि नाजिम ने 300 में 186 अंक प्राप्त किए हैं। उनका चयन असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए होगा।

### उगाही का मुद्दा उठाया

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में वार्ड 37 के सभासद दिनेश रस्तोगी उर्फ दिन्ने ने कहा कि लकड़ी, जानवर के गोथ के ठेकेदार द्वारा लकड़ी, जानवर गोथ तुलवाने की एंट्री कराए जाने का शुल्क लिया जा रहा है। जिसमें ट्रक से 100, ट्राली से 50, डनलप से 20 और तांगा से 20 रुपये की उगाही की जा रही है। इसके लिए पालिका की ओर से कोई भी ठेका नहीं हुआ है। भरी बैठक में सभासद द्वारा पर्ची दिखाए जाने पर पालिका कर्मचारियों में अफरा-तफरी मची रही। सभासद ने पर्ची विधायक को सौंपी तो उन्होंने मौके पर ही ईओ, सिटी मजिस्ट्रेट से जांच कराए जाने के लिए कहा।

### रासुका लगने पर पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने विधानसभा की कार्यवाही कराई थी स्थगित, रिहा होने तक सदन नहीं चलने का दिया था अल्टीमेटम

# राम मंदिर आंदोलन में पूर्व मंत्री शिव बहादुर के खिलाफ हुई थी रासुका की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाजपा के कद्दावर और हिंदुओं के फायर ब्रांड नेता पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना उर्फ शिब्बू भाई राम मंदिर आंदोलन में शामिल हुए थे। इसके लिए मुलायम सिंह यादव सरकार के मंत्री आजम खां के इशारे पर उन पर रासुका लगाई गई थी। लखनऊ विधान सभा में कल्याण सिंह के सदन से वॉक आउट करने के बाद रासुका हटी थी। शिव बहादुर सक्सेना शहर विधायक आकाश सक्सेना के पिता है।



पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना।

नगर के मोहल्ला ज्वाला नगर निवासी पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना बताते हैं कि 1989 में वह पहली बार विधायक बने। 24अक्टूबर 1990 को रथ यात्रा जो आडवाणी लेकर आ रहे थे उसे पटना में लालू प्रसाद यादव ने रोक दिया था। भाजपा नेतृत्व की कॉल आई की हर जिले में सत्याग्रह किया जाए। इस दौर में राम मंदिर के लिए राम सेवक जी जान से लगे हुए थे। वह विधायक थे लिहाजा 870 लोगों को लेकर जिला कचहरी में गिरफ्तारियां दीं। 20 बसों से सबको मुरादाबाद जेल भेज दिया। वहां जेल में जगह कम पड़ गई थी तो टेंट लगा कर वहां रहे। 14 दिन बाद उनके साथ आए बंदी बनाए गए राम सेवकों को रिहा कर दिया गया। जबकि उन्हें, बिलासपुर नगर पालिका चेयरमैन प्रमोद जौहरी, मंडी समिति चेयरमैन राजेश जौहरी शाहबाद के वेद प्रकाश शर्मा को रासुका में निरुद्ध कर दिया गया।

27 दिन बाद कल्याण सिंह को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने यह मामला विधान सभा में उठाया। कह दिया, जब तक शिव बहादुर नहीं आएंगे, विधान सभा में कार्यवाही नहीं चलेगी और इसके बाद हाउस स्थगित हो गया। 28 दिन बाद सुबह रामपुर से सिटी मजिस्ट्रेट और एडीएम उनकी रिहाई का परवाना लेकर मुरादाबाद पहुंचे और शिव बहादुर सक्सेना को रिहा किया गया। उस समय रामपुर में कर्फ्यू लगा था। उन्हें उनके घर नहीं आने दिया जा रहा था।

वह बताते हैं कि यह सब आजम खां के दबाव में हो रहा था क्योंकि वह उस वक्त मंत्री थे। बाद में जिला प्रशासन के हस्तक्षेप पर रामपुर अपने घर पहुंचे। लेकिन राम मंदिर का आंदोलन चलता रहा। वर्ष 1992 में वह अयोध्या प्रोटोकाल के चलते नहीं पहुंच सके थे। केंद्र में भाजपा सरकार के दौरान एक केंद्रीय मंत्री के साथ अयोध्या गए टेंट में रामलला के दर्शन किए थे।




1998 में अयोध्या में रामलला के दर्शन करने पहुंचे शिव बहादुर सक्सेना, (बीच में)।

### शिव बहादुर सक्सेना मेरे राजनैतिक गुरु : मुकेश



व्यापारी संगठन चलाने वाले मुकेश आर्य बताते हैं कि उन्हें संघ से प्रेरणा मिली, उन्होंने सात वर्ष की आयु में शीत शिविर में भाग लिया और शिव बहादुर सक्सेना विधायक ही नहीं उनके राजनैतिक गुरु भी थे। उनके इशारे पर उत्साह से लबरेज उनके जैसे नवयुवक लामबंद हुए। गिरफ्तारी के डर से उनके साथी अपने घरों पर नहीं सोते थे। कचहरी में प्रदेश सरकार की दमनकारी नीति के खिलाफ नारेबाजी करने पर पुलिस ने भाजपाइयों को गिरफ्तार कर लिया। शिब्बू भाई को जीप में बैठाकर कुछ लोगों के साथ मुरादाबाद जेल ले जाया गया। आंदोलन में अनिल वशिष्ठ सूर्य प्रकाश पाल, प्रमोद आहूजा भी शामिल हुए थे। मुकेश उस वक्त को याद कर कहते हैं कि मुरादाबाद जेल में पंजाब के कई कार सेवकों से भी मिलना हुआ। टेंट लगाकर राम सेवकों को अस्थायी जेल में रखा गया था। वहां एक सपा नेता के इशारे पर असमाजिक तत्वों ने गोलियां भी चलाईं। तत्कालीन जेलर की सूझ बूझ से राम सेवक सकुशल रहे। 20-22 दिन बाद रिहा हुए। लेकिन कार सेवा में जुटे रहे और अयोध्या कूच करने की योजना बनाते रहे।

### राम मंदिर संघर्ष लाया रंग : प्रमोद



भाजपा नेता प्रमोद आहूजा बताते हैं कि उन जैसे लोगों का संघर्ष रंग लाया, अब मंदिर बन रहा है तो मन में संतुष्टि का भाव है। प्रमोद बताते हैं कि कार सेवा की तिथि घोषित होने के बाद वह अपने साथियों के साथ 30 दिनों तक अयोध्या में जानकी महल में रहे। भाजपा नेत्री उमा भारती की योजना के अनुसार, कार सेवक काम कर रहे थे। राम सेवकों में रामपुर से धनंजय पाठक, चिरंजीवी गुड्डू आदि भी उनके साथ थे। नित्य नई योजनाएं बनती थीं और 6 दिसंबर को विवादित ढांचा ध्वस्त कर दिया गया। उमा भारती के निर्देश पर उन समेत रामसेवक अपनी जान बचाते हुए अयोध्या की संकरी गलियों से गुजरते हुए रामपुर पहुंचे। यहां विरोध के चलते उनके सामने रोजी-रोटी का संकट आ गया। महीनों तक उनकी कंफेक्शनरी की दुकान ठप हो गई। लेकिन राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा उन्हें सुकून देने वाली है।

### पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह के फूंके थे पुतले

**रामपुर, अमृत विचार :** कार सेवा और विवादित ढांचा गिराए जाने में रामपुर के भाजपाई भी अपनी जान पर खेल गए थे। वर्ष 1990 में एलआईयू और पुलिस को छका के कई बार तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का पुतला फूंका था। भूमिगत भी हुए फिर अचानक आते और पुतला जलाते फिर भूमिगत हो जाते। वर्ष 1990 के दौर मे विहिप के साथ भाजपा, बजरंग दल राम मंदिर को लेकर ताल ठोक रहे थे। हालांकि प्रदेश में सरकार मुलायम सिंह यादव की थी। प्रदेश सरकार के खिलाफ रामपुर के ऐसे युवक जो भारतीय युवा मोर्चा के पदाधिकारी थे कार सेवा के लिए उत्साहित थे। जबकि मुलायम सिंह सरकार दमनकारी रवैया अपनाए हुए थी। राम मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वालों से अमृत विचार ने बातचीत की। पेश हैं बातचीत के मुख्य अंश।

# पालिका बोर्ड बैठक में 100 करोड़ के 50 प्रस्ताव पास

### सभासदों ने वार्डों में विकास कराने के रखे प्रस्ताव, पालिकाध्यक्ष, शहर विधायक ने काम कराने का दिया भरोसा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** हंगामे के बीच सात माह, सात दिन बाद हुई नगर पालिका परिषद रामपुर बोर्ड की बैठक में 100 करोड़ रुपये के 50 प्रस्तावों पर मुहर लग गई। बैठक से दो सभासद नदारद रहे। इस दौरान नगर पालिका परिषद परिसर छावनी बना रहा। सभासदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं प्रमुखता के साथ उठाईं। पालिकाध्यक्ष सना खानम, शहर विधायक आकाश सक्सेना ने शहर में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने का सभासदों को आश्वासन दिया।

पालिका सभागार में शुक्रवार अपराह्न 2 बजे बोर्ड की बैठक शुरू हुई। इसमें 43 में से 41 सभासदों की सहमति पर 100 करोड़ रुपये की लागत वाले 50 प्रस्ताव पास किए गए। वार्ड संख्या-36 के सभासद मोहम्मद जफर ने कहा, आम आदमी पार्टी ने अपने एजेंडे में जनता से वादा किया था कि गृहकर, जलकर और ई-रिक्शाओं की लाइसेंस प्रक्रिया को खत्म किया जाए। वार्डों में विकास मानक के अनुरूप नहीं होता है। कहा कि पालिका के ठेकेदार कार्य कराने में मनमानी करते हैं। पालिकाध्यक्ष और ईओ ने आश्वासन दिया कि सभी प्रस्ताव एजेंडा में शामिल हैं। इसमें सभी सभासदों के प्रस्तावों को शामिल किया गया है। शहर विधायक ने सभी सभासदों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि शहर के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आएगी। प्रत्येक वार्ड का सभासद खुद को अपने वार्ड का विधायक समझें। इसमें किसी भी प्रकार की परेशानी आए तो उनसे संपर्क करें। इससे पहले बैठक शुरू होने पर एजेंडा लिपिक मंजूर नकवी ने एजेंडा प्रस्ताव को पढ़ना शुरू किया। होटल, गेस्ट हाउस, नर्सिंग होम, निजी अस्पताल, पैथोलॉजी सेंटर, शराब और बियर की दुकान, ड्राई क्लीनर्स, बिजली के सामान के विक्रेता, ब्यूटी पार्लर, सैलून, गैस एजेंसी, खाद की दुकान, मिठाई की दुकान, बिल्डिंग मैटेरियल विक्रेता, रेडियो स्टेशन, बेकरी, जनरल स्टोर कारोबारों को वार्षिक शुल्क के प्रस्तावों को पढ़ा तो उस पर सभासदों ने नाराजगी जताई। कहा कि कर कम है इसे बढ़ाया जाए। सभासदों ने कहा कि 27 साल बाद पालिका की संपत्ति पर जो कर लगाया गया है उसे काफी कम रखा गया है। इसके बढ़ने पर पालिका की आय में इजाफा होगा। एजेंडा लिपिक ने सभी सभासदों की बात लिखकर पालिकाध्यक्ष को सौंपी। बैठक में वार्ड संख्या 16 से अमरीन एजाज, वार्ड-28 से किरण नदारद रहीं।



नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में बोलतीं पालिकाध्यक्ष सना खानम।




पास प्रस्तावों की तख्ती दिखातीं सभासद।

### वीडियो बनाने पर स्टेनो की सभासदों से नोकझोंक

बैठक के दौरान प्रस्तावों पर सहमति जताने को लेकर दो सभासदों के बीच कहासुनी व नोकझोंक हुई। कुछ लोगों ने इसका जब वीडियो बनाना तो पालिकाध्यक्ष के स्टेनो अजीमुश्शान ने मोबाइल छीन लिया। सीट पर बैठने की बात कही। पालिकाध्यक्ष ने सभासदों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की बात कही।

> नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सौ करोड़ से अधिक विकास कार्यों के प्रस्ताव हुए हैं। इनकी स्वीकृति मिल चुकी है। अब विकास कार्य कराए जाएंगे।
>
> -दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ, नगर पालिका परिषद



निर्माण न होने पर विरोध जताते सभासद डॉ. मोहम्मद जफर। ● अमृत विचार

## वार्डों में कराए जाएं कार्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बोर्ड की बैठक में सभासद मोहम्मद जफर बेग ने कहा कि बैठक में जिन विकास कार्यों पर मुहर लगी है वे मानक के अनुसार कराएं। जब ठेकेदार किसी नाली, सड़क का निर्माण कराता है तो उसमें कई कमियां होती हैं। उन्होंने कहा कि जन्म, मृत्यु प्रमाण बनवाने के नाम पर रिश्वत ली जा रही है। नगर पालिका छोटे कारोबारियों से टैक्स न वसूले, बल्कि हाउस टैक्स लें। पालिका में सिर्फ तीन ही इंस्पेक्टर कार्यरत हैं कम से कम 10 इंस्पेक्टर होने चाहिए। पॉलीथिन के नाम पर दुकानदारों को लूटा जा रहा है जिसे जल्द ही बंद कराया जाए।

### मिस्टन गंज चौराहा का नाम बदलने की मांग

वार्ड संख्या-11 से सभासद श्वेता शर्मा ने चौराहों के नाम बदलने को लेकर पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने कहा कि आंबेडकर पार्क से गांधी समाधि की ओर जाने वाले मार्ग का नाम महात्मा गांधी मार्ग, शाहबाद गेट से इलाहाबाद बैंक को जाने वाले मार्ग का नाम जनपथ मार्ग, मिस्टन गंज चौराहा का नाम बदलकर महाराजा अग्रसेन चौराहा, कचहरी रोड का नाम महावीर चौक, मालगोदाम चौराहे का नाम खालसा चौक रखा जाए।

## 22 को मुख्य बाजारों में बजेगी रामधुन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ **डीएम ने एसडीएम को तैयारी दुरुस्त करने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रशासनिक स्तर पर जिले में स्थित मंदिरों पर सजावट और विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने जिले के सभी एसडीएम, क्षेत्राधिकारी पुलिस, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी और थाना प्रभारियों के साथ वर्चुअल रूप से बैठक की। उन्होंने 22 जनवरी को लेकर तैयारियों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने प्रत्येक एसडीएम से तहसील क्षेत्र में चिह्नित मंदिरों पर सफाई की स्थिति के बारे में जानकारी ली। कहा कि 22 जनवरी से पूर्व मंदिरों पर आकर्षक लाइट और फूलों से सजावट हो जानी चाहिए। साथ ही श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या धाम में होने वाले कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के लिए भी प्रत्येक मंदिर पर व्यवस्थाएं होनी चाहिए। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होने के उपरांत मंदिरों पर भंडारे का आयोजन होगा।

ऊनी वस्त्र एवं कंबल भी वितरित किए जाएंगे। इसको लेकर भी जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को स्थानीय स्तर पर तैयारियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। जिले के प्रमुख बाजारों में रामधुन बजेगी साथ ही एलईडी स्क्रीन भी स्थापित कराई जाएंगी। ताकि आम जनमानस भी श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देख सके। लगातार सर्दी के दृष्टिगत मंदिरों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलाव के प्रबंध की कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए हैं। उन्होंने सभी एसडीएम और क्षेत्राधिकारी से कहा कि वह स्थानीय स्तर पर पीस कमेटी की बैठक कर लें। यह सुनिश्चित करें कि श्री रामोत्सव कार्यक्रम जनपद में पूरे उत्साह के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

## कार्यक्रम की तैयारी शुरू कराई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ **विधायक ने शहर को झालरों भगवा रंग के कपड़े से सजाया**

**अमृत विचार :** भगवान राम के स्वागत के लिए रामपुर सज रहा है। विधायक आकाश सक्सेना ने शहर को भगवामय कर दिया है। सड़कों को भगवा रंग के कपड़े से सजाया जा रहा है। रंग बिरंगी लाइटें रात में जगमगाएंगी। चौराहों को भगवान राम के होर्डिंग्स पोस्टरों से सजाया जा रहा है।

राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर जिले के धर्मस्थलों से लेकर सार्वजनिक स्थलों में कार्यक्रम होंगे। शहर के प्रमुख चौराहों पर आतिशबाजी होगी। मंदिरों में दिनभर भजन कीर्तन होंगे। शहर में रात को दीपोत्सव होगा। इसको लेकर शहर से लेकर ग्रामीण स्तर तक जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। शहर विधायक ने बताया कि 22 जनवरी को रामोत्सव दिवाली से भी भव्य होगा। हम भी अपने रामपुर को भव्य तरीके से संवार रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने-अपने घरों को सजाएं। साथ ही दीपोत्सव मनाएं। दिन में भजन करें, तो रात को आतिशबाजी की जाएगी। उन्होंने सभी से हर्षोल्लास के साथ पर्व को मनाने की अपील की।

## दुबई में कलाम पेश करेंगे ताहिर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारत महोत्सव का विश्व स्तरीय कवि सम्मेलन और मुशायरा 27 जनवरी को रात्रि 8 बजे दुबई के शेख राशिद ऑडिटोरियम में होगा। इसमें रामपुर के शायर ताहिर फराज कलाम पेश करेंगे।

बताया गया कि भारत से हजारों मील दूर साहित्यिक संध्या की नींव 2003 में रखी गई थी। जश्न-ए-हिंदोस्तान के संस्थापक और मुख्य आयोजक सैयद सलाहुद्दीन ने बताया कि मुशायरा, कवि सम्मेलन का अलग इतिहास है। भारत के लोकतंत्र के इस जश्न की परंपरा को वह हमेशा जीवित रखना चाहते हैं।



ताहिर फराज, विश्व प्रसिद्ध शायर।

▸▸ **भारत के लोकतंत्र के इस जश्न को जिंदा रखने के लिए होता है आयोजन**

▸▸ **राष्ट्रीय गीत से होता है मुशायरे और कवि सम्मेलन का आगाज**

कहा, हम कवि सम्मेलन, मुशायरा नहीं करते, बल्कि हम अपने देश भारत के संविधान और लाल किले की साहित्यिक परंपराओं का पूरा सम्मान करते हैं। यह दुनिया का एकमात्र राष्ट्रीय समारोह है जिसकी शुरुआत भारतीय राष्ट्रीय गीत से होती है। 2024 में भारत के कवि सम्मेलन मुशायरे में पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, अंजुम रहबर, ताहिर फराज, डॉ. कलीम कैसर, प्रो. नैयर जलालपुरी, डॉ. माजिद देवबंदी, अलताफ जिया, राधिका गुप्ता और दमदार बनारसी का नाम शामिल है। अध्यक्षता उदय प्रताप सिंह करेंगे जबकि, निजामत प्रो. नय्यर जलालपुरी करेंगे। सलाउद्दीन ने बताया कि इस मुशायरा, कवि सम्मेलन में एक पत्रिका का भी विमोचन होगा।

**जरूरत** प्रभावित हो रही बेटियों की उच्च शिक्षा, इंटरमीडिएट पास करने के बाद आगे की पढ़ाई का सिलसिला हो रहा खत्म

# जिम्मेदारों की अनदेखी से टांडा में नहीं है महिला डिग्री कॉलेज

संवाददाता, टांडा

▸▸ **क्षेत्र के लोगों ने कई बार उठाई कॉलेज बनाने की मांग, नहीं हुई सुनवाई, टूट रही उम्मीद**

**अमृत विचार :** नगर में लड़कियों की उच्च शिक्षा का कोई संस्थान नहीं है। यहां छात्राओं के लिए डिग्री कॉलेज की जरूरत है। टांडा में महिला डिग्री कॉलेज नहीं होने से छात्राएं उच्च शिक्षा वंचित रह रही हैं। हालांकि कॉलेज स्थापना की वर्षों से मांग की जा रही है, लेकिन यह मांग माननीयों ने पूरी नहीं की है। इसके चलते बेटियां मायूस हैं।

कस्बा टांडा चावल व्यापार और दीनी तालीम के लिए दूर तक मशहूर है। यहां करीब 35 राइस मिले हैं। यहां के मिलों में तैयार उच्च क्वालिटी का चावल बड़े पैमाने पर देश के विभिन्न हिस्सों के साथ ही विदेश को एक्सपोर्ट किया जाता है। गुणवत्ता और जायके की बुनियाद पर अधिक पसंद किया जाता है। नगर में दीनी और मजहबी शिक्षा के लिए दर्जनों मदरसे कायम हैं। लेकिन आधुनिक शिक्षा का कोई खास इंतजाम नहीं है।

आधुनिक शिक्षा का कोई बंदोबस्त नहीं होने से तालीम के मामले में टांडा जनपद के अन्य कस्बों के मुकाबले काफी पिछड़ा हुआ है। नगर में डिग्री कॉलेज अभी तक नहीं खुल सका है। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के चलते नगर का ज्यादातर माहौल पर्दानशी है। हालांकि लड़के तो दूर-दराज के कॉलेजों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, लेकिन लड़कियां सुरक्षा एवं पर्दे के मद्देनजर रोजाना बसों व अन्य वाहनों में भीड़ के चलते यात्रा करने से कतराती हैं। इस दौर में जहां बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में देश व समाज का नाम रोशन कर रही हैं। वे शिक्षा के क्षेत्र में अपनी खास पहचान बना रही हैं, लेकिन टांडा नगर महिला डिग्री कॉलेज को तरस रहा है।

डिग्री कॉलेज न होने से अधिकांश छात्राएं इंटर के बाद आला तालीम से महरूम रह जाती हैं। नगरवासियों की महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग बरसों पुरानी है, लेकिन शासन और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के चलते मांग पूरी नहीं हो सकी है।



> नगर में महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना बेहद जरूरी है। ताकि लड़कियां इंटर के बाद की पढ़ाई स्थानीय स्तर पर ही आसानी से हासिल कर सके। माननीय वादा करते हैं और फिर भूल जाते हैं।
>
> - मोहम्मद सालिम



> नगर का माहौल पर्दानशी है। महिला डिग्री कॉलेज न होने से कस्बे की अधिकांश लड़कियां 12वीं से ऊपर शिक्षा ग्रहण नहीं कर पातीं और उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं।
>
> - जुल्फिकार कुरैशी, समाजसेवी



> स्थानीय स्तर पर लड़कियों की आला तालीम के लिए डिग्री कॉलेज की स्थापना किया जाना अत्यंत आवश्यक है। ताकि वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर समय के साथ कदमताल कर सकें।
>
> - जाहिद टांडवी, शायर



> लड़कियां स्थानीय स्तर पर आसानी से उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें, इसके लिए नगर में एक महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना बेहद जरूरी है। यह मांग लंबे समय से हो रही है।
>
> - मोहम्मद तौसीफ, समाजसेवी

## प्राण प्रतिष्ठा से पहले निकाली शोभायात्रा

**शाहबाद, अमृत विचार :** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की धूम शाहबाद में तेज हो गई है। घर-घर दीप प्रज्ज्वलन तो रहेगा ही, उससे पहले नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारियां सनातन प्रेमियों ने शुरू कर दी है।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तहसील प्रचारक सतपाल सिंह ने बताया कि इक्कीस जनवरी को रामलीला मैदान से शोभायात्रा का भव्य आयोजन होगा। इसमें रामधुन के साथ रथ पर विराजमान रामलला को नगरभर में भ्रमण कराया जाएगा। इसमें महिलाएं भी कलश लेकर साथ चलेंगी। उप्र उद्योग व्यापार मंडल के नगर महामंत्री लाखन बरनवाल ने आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोग शामिल हों और रास्ते में शोभायात्रा का फूल-मालाओं से स्वागत करें।




रठौंडा में मतदाता जागरूक रैली में शामिल छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली मतदान के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया। शुक्रवार को क्षेत्र के रठौंडा गांव स्थित नेताजी सुभाष इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम के दौरान निबंध, पोस्टर, भाषण प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। पोस्टर प्रतियोगिता में मतदान करने के लिए स्लोगन लिखे।

प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने सम्मानित किया। मध्यांतर के बाद छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान प्रधानाचार्य राधेश्याम, समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## एक नजर

### आज न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**रामपुर, अमृत विचार** : काफी दिनों से हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को लेकर पूरे प्रदेश के अधिवक्ता धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अधिवक्ता शनिवार को न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इसे लेकर एक बैठक भी हुई। इसमें न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पास किया गया।

### किरा की गोशाला में बीमार मिले दो गोवंश

**रामपुर, अमृत विचार** : खंड विकास अधिकारी शाहबाद ने बृहद गो संरक्षण केंद्र किरा का निरीक्षण किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने पाया कि गो संरक्षण केंद्र में 754 गोवंश संरक्षित हैं। दो गोवंश बीमार हैं जिनका उपचार चल रहा है। हरा चारा, चोकर, गुड़ और नमक की पर्याप्त उपलब्धता है साथ ही पीने के लिए पानी भी है। ठंड से बचाव के लिए टिन शेड के चारों ओर पर्दे लगे हुए हैं।

### दो आरोपी पकड़े

**रामपुर, अमृत विचार** : शहजादनगर जीरो प्वाइंट से सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के काशीराम कालोनी निवासी ताहिर उर्फ बाबू पुत्र नासिर व अरमान पुत्र अकरम शहजादनगर को पकड़ा लिया। पुलिस को उनके पास से दो कारतूस, तमंचा मिला है।

# जेई पर तीन लाख मांगने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : घाटमपुर में आरडीए के जेई को कारोबारी की चारदीवारी गिरवाना भारी पड़ गया। पीड़ित ने जेई पर तीन लाख रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। साथ ही जिलाधिकारी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

गंज निवासी ताबिश नसीम ने आरडीए के अधिकारियों पर वसूली का आरोप लगाया है। कहा कि घाटमपुर में 18 जनवरी को निर्माण ध्वस्त कर दिया था। इसका कारण बिना नक्शे के बनाना बताया गया है। आरोप है कि आरडीए के एक जेई का फोन उसके पास आया था कि तुम्हारी चारदीवारी को तोड़ने जा रहे हैं। यदि चाहते हो कि नहीं टूटे तो तीन लाख रुपये पहुंचा दो नहीं देने पर चारदीवारी को तोड़ दिया। पीड़ित ने इस मामले में शनिवार को जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके कार्रवाई की मांग की है। उसने मामले की जांच करने की भी मांग की है।


जेसीबी से अवैध निर्माण गिरवाते एडीएम वित्त एवं राजस्व। ● अमृत विचार

### घाटमपुर में गरजी आरडीए की जेसीबी

**रामपुर, अमृत विचार** : घाटमपुर में बिना नक्शे के हो रहे अवैध निर्माण को आरडीए की जेसीबी ने गिरा दिया। शहर में बिना नक्शे के धड़ल्ले से लोग मकानों और दुकानों का निर्माण करा रहे हैं। इसकी शिकायत लगातार आरडीए के अधिकारियों को मिलती रहती है। इसके बाद उनका निर्माण गिराया जाता है। कई माह से घाटमपुर में बिना नक्शे के हो रहे निर्माण को लेकर अधिकारियों की ओर से नोटिस भेजे जा रहे थे। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद शुक्रवार को टीम ने घाटमपुर पहुंचकर निर्माण को गिरवाया था। शनिवार को भी टीम ने घाटमपुर पहुंचकर बचे निर्माण को गिरवा दिया। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहा।

"आरडीए के जेई द्वारा तीन लाख रुपये की रिश्वत मांगने में हमें कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराई जाएगी। यदि आरोप सिद्ध होता है तो कार्रवाई होगी।"
– हेम सिंह, अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त, सचिव आरडीए

### कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में स्थानीय निकायों में कार्य कराने पर हुई चर्चा

# विकास के लिए 23.33 करोड़ के प्रस्ताव पर मुहर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : जिले के स्थानीय निकायों में विकास कार्यों के लिए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने 23 करोड़ 33 लाख रुपये के विभिन्न प्रकार के प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी है। अब जिले में विकास को पंख लगेंगे।

कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को हुई बैठक में 15वें वित्त के अंतर्गत अनटाइड ग्रांट में 9.33 करोड़ रुपये और टाइड ग्रांट में करीब 14 करोड़ रुपये के विभिन्न प्रस्ताव स्थानीय निकाय प्रशासन में चेयरमैन और अधिशासी अधिकारियों ने जिलाधिकारी के समक्ष स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किए थे। जिलाधिकारी ने प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय सौरभ भट्ट को निर्देश दिए कि वह निकायवार नियमानुसार प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। बैठक में नगर पालिका की ओर से अनटाइड ग्रांट में 471.23 लाख रुपये और टाइड ग्रांट में 706.85 लाख रुपये सहित कुल 1178.08 लाख रुपये के प्रस्ताव दिए गए। नगर पालिका स्वार में अनटाइड ग्रांट में 45.17 लाख, टाइट ग्रांट में 67.76 लाख रुपये सहित कुल 112.93 लाख के प्रस्ताव दिए गए हैं। इसके अलावा नगर पालिका परिषद टांडा में 75.46 और 113.19 लाख रुपये सहित कुल 188.65 लाख रुपये दिए हैं। नगर पालिका परिषद बिलासपुर में 72.08 लाख और टाइड ग्रांट में 108.21 लाख रुपये सहित कुल 180.29 लाख रुपये हैं। नगर पालिका परिषद ने अनटाइड ग्रांट में 53.05 लाख रुपये और टाइड ग्रांट में 79.57 लाख रुपये सहित कुल 132.62 लाख रुपये दिए। नगर पंचायत शाहबाद में 55.71 और 83.56 लाख सहित कुल 139.27 लाख रुपये दिए।

नगर पंचायत केमरी में 40.77 लाख और 61.16 लाख रुपये सहित कुल 111.93 लाख रुपये दिए। मसवासी की ओर से अनटाइड ग्रांट में 25.06 लाख रुपये और टाइड ग्रांट में 37.60 लाख रुपये सहित कुल 62.66 लाख रुपये, नगर पंचायत सैफनी ने अनटाइड ग्रांट में 31.56 लाख रूपये और टाईड ग्रांट में 47.34 लाख रुपये सहित कुल 78.90 लाख रुपये दिए। इसके अलावा नगर पंचायत दढ़ियाल में अनटाइड ग्रांट में 36.47 लाख रुपये और टाइड ग्रांट में 54.71 लाख रुपये सहित कुल 91.18 लाख रुपये दिए। इसके साथ ही नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला में अनटाइड ग्रांट में 26.65 लाख रुपये और टाइड ग्रांट में 39.98 लाख रुपये सहित कुल 66.63 लाख रुपये के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। जिले की नगर पालिका और नगर पंचायतों को अनटाइड ग्रांट के अन्तर्गत 933.21 लाख रुपये और टाइड ग्रांट के अन्तर्गत 1399.93 लाख रुपये सहित कुल 2333.14 लाख रुपये के विकास कार्यों को प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी ने अनुमोदन प्रदान कर दिया है।


कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में बोलते जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़।

# हादसे के बाद रात भर सड़क किनारे पड़ा रहा घायल दूधिया, गई जान

### बिलासपुर रोड पर गांव खाता नगरिया के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को रौंदा

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार** : नगर में दूध देकर लौट रहे बाइक सवार दूधिया को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसके बाद दूधिया पूरी रात सड़क किनारे पड़ा रहा। सुबह राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। अस्पताल के डॉक्टर ने दूधिया को मृत घोषित कर दिया।



मिलक थाना क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी 35 वर्षीय शेर सिंह दूधिया था। वह गुरुवार को दूध बेचने मिलक आया था। शाम को घर लौटते समय बिलासपुर रोड स्थित खाता नगरिया गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह बाइक समेत सड़क किनारे गिर गया। आरोपी चालक वाहन लेकर फरार हो गया। शेर सिंह पूरी रात घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा रहा। शुक्रवार को राहगीरों ने उसे सड़क किनारे पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस शेर सिंह को सरकारी अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डॉक्टर के अनुसार, शेर सिंह की मृत्यु गुरुवार रात में ही हो गई थी। सर्दी के कारण उसके हाथ व पैर ऐंठे हुए थे। घटना की सूचना पुलिस ने मृतक के परिजनों को दी। सरकारी अस्पताल पहुंचे परिजनों ने उसे मृत अवस्था में देखकर रोना शुरू कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक ने अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र छोड़े हैं।


जिला अस्पताल में मौजूद दूधिया के परिजन। ● अमृत विचार

### पूरी रात बेफिक्र रहे परिजन, सुबह मिली मौत की सूचना

गुरुवार को दूध बेचने घर से निकले शेर सिंह ने घर वालों को बताया था कि वह शाम को एक दावत में जाएगा और देर घर लौटेगा। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजन बेफिक्र होकर यह समझते रहे कि वह दावत में है। सर्द रात्रि के कारण वहीं ठहर गया होगा। सुबह घर आ जाएगा, लेकिन उन्हें एहसास नहीं था कि रात में ही शेर सिंह दुनिया से अलविदा कह कर चला जाएगा। कभी घर नहीं लौटेगा। मौत की खबर के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## घरेलू कलह से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**स्वार, अमृत विचार**: घरेलू कलह के चलते युवक ने घर में फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है।

परिजनों के अनुसार, क्षेत्र के गांव रजानगर निवासी शमीम अहमद का 35 वर्षीय नईम काफी समय से घरेलू कलह के चलते तनाव में था। परिजन जब उससे परेशानी का कारण पूछते तो वह टाल देता था। शुक्रवार को परिजन अपने काम में लगे हुए थे तभी युवक ने अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर गले में रस्सी का फंदा डालकर छत से लटक गया। परिजनों ने कमरे का दरवाजा बंद देखा तो खुलवाने का प्रयास किया। दरवाजा नहीं खुलने पर परिजन घबरा गए। दरवाजा तोड़कर देखा तो युवक फंदे पर लटका मिला। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग और ग्रामीण आ गए। उसे फंदे से नीचे उतारा। किसी ग्रामीण ने सूचना पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक अपने पीछे पत्नी एवं दो बच्चों को छोड़ गया है।

# बचाव पक्ष ने कोर्ट में दाखिल की गवाहों के नामों की सूची

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**दो पासपोर्ट मामला**

▸▸ अब 29 जनवरी को की जाएगी सुनवाई, सूची में हैं 20 नाम

**अमृत विचार** : अब्दुल्ला के दो पासपोर्ट मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने 20 से ज्यादा गवाहों के नामों की सूची दाखिल की। अब इस मामले में 29 जनवरी को सुनवाई होगी।

भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पासपोर्ट रखने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। यह मामला अब एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में विचाराधीन है। शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता ने 20 से ज्यादा गवाहों की सूची कोर्ट में पेश की। अब कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए 29 की तारीख दी है। उधर, आजम खां और अब्दुल्ला के कई मामलों में कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

### डूंगरपुर मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में हुई बहस

**रामपुर, अमृत विचार** : डूंगरपुर बस्ती में घर में घुसकर मारपीट, डकैती और अपराधिक षड्यंत्र रचने के मामले में शुक्रवार को अभियोजन पक्ष की ओर से बहस की गई। अब इस मामले में 24 जनवरी को सुनवाई होगी। गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के 12 मुकदमे वर्ष 2019 में दर्ज हुए थे। इसमें सपा के पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन, फिरोज खां, रानू खां, धर्मेंद्र चौहान, फसाहत अली खां उर्फ शानू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा आजम खां को आपराधिक षड्यंत्र रचने का आरोपी बनाया गया। इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर बहस की गई।

## मेढ़ के विवाद में पिता-पुत्र को पीटा

**रामपुर, अमृत विचार** : मेढ़ के विवाद के चलते पिता-पुत्र को पीटकर घायल कर दिया। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव सिकरौल निवासी रामभरोसे का कहना है कि कुछ दिन पहले पीड़ित और उसका बेटा सतेंद्र खेत की मेढ़ को सही कर रहा था। इस बीच आरोपी मंगलसेन और उसके साथियों ने पिता-पुत्र को बुरी तरह से लाठी-डंडो से पीटकर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौका पाकर फरार हो गए। बाद में पुलिस को तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी निहाल सिंह, ओमकार सिंह, गजराम, महावीरके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर इसके अलावा भी जिले के कई क्षेत्र में मारपीट की घटनाएं सामने आती रही हैं। इसके चलते पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करती है।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**मिलक, अमृत विचार** : शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बिलासपुर रोड स्थित ओवर ब्रिज के नीचे दबिश दी। इस दौरान पुल के नीचे खड़ा युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पीछा कर पुलिस ने युवक को धर दबोचा।

पकड़े गए युवक ने अपना नाम लखीमपुर खीरी जिले के थाना मैंगलगंज क्षेत्र के ग्राम कुकुर गोती निवासी बबलू सक्सेना बताया। पकड़े गए युवक के खिलाफ कोतवाली में दो अक्टूबर को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही बबलू सक्सेना फरार चल रहा था।

# बब्बरपुरी के जंगल में दिखा तेंदुआ, दहशत

संवाददाता, मसवासी

▸▸ वनकर्मियों ने की कांबिंग, पिंजरा लगाने का दिया आश्वासन

**अमृत विचार** : बब्बरपुरी के जंगल में तेंदुआ देखे जाने की सूचना पर वनकर्मियों ने मौके पर पहुंच कर कांबिंग की। वन विभाग की टीम ने जंगल में तेंदुए के पैरों के निशान की पुष्टि कर ग्रामीणों से एहतियात बरतने की अपील की है। बताया गया कि तेंदुआ फार्म हाउस से कुत्ता उठा कर ले गया था। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत है।

क्षेत्र के गांव बब्बरपुरी स्थित अब्दुल मन्नान के फार्म हाउस के नजदीक ग्रामीणों ने तेंदुए को टहलते हुए देखा। ग्रामीणों के मुताबिक, तेंदुए ने अब्दुल मन्नान के फार्म हाउस से उनके पालतू कुत्ते को निवाला बनाया है। मामले की सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंचे वन दरोगा शील कुमार ने तेंदुए के पैरों के निशान होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तेंदुए की लोकेशन तलाश की जा रही है ताकि, उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जा सके। गांव स्थित जंगल में तेंदुए के देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत है।

## दुष्कर्म के मामले में वांछित पकड़ा गया

**टांडा, अमृत विचार** : दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर भगतपुर तिराहे से गिरफ्तार किया है। जिसे विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने 16 जनवरी को जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी अंतर्गत ग्राम बहादुरपुर निवासी मोहम्मद शफी व एक अन्य के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को आरोपी की तलाश थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी मोहम्मद शफी को भगतपुर तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# विजिलेंस टीम ने पकड़े 60 हीटर, 25 पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : बिलासपुर गेट की चपटा कॉलोनी में विजिलेंस टीम ने छापेमारी कर 60 घरों से हीटर, पानी गर्म करने वाली टंकियां पकड़ी हैं। बिजली चोरी करने में 25 उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दो दिन पहले चपटा कालोनी में ओवरलोड के चलते 250 केवीए के ट्रांसफार्मर में आग लगी गई थी। लोड होने के कारण आए दिन ट्रांसफार्मरों में खराबी आ जाती है। जिससे बिजली निगम के अफसरों को कड़ी मशक्कत करके बाधित आपूर्ति को सुचारू कराया जाता है। इसी के चलते उपखंड अधिकारी तृतीय विनय कुमार, विजिलेंस टीम प्रभारी भरतवीर सिंह ने शुक्रवार को कालोनी में छापेमारी की। टीम ने यहां से 60 घरों में बिना कनेक्शन के हीटर और आठ पानी की गर्म टंकियां पकड़ीं।

अवर अभियंता संजीव चौरसिया ने बताया कि चेकिंग के दौरान 60 घरों से हीटर और गर्म पानी की टंकियां पकड़ी गई है। जिसमें 25 उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी करने की प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। चोरी पर रोक लगाए जाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।


पकड़े गए हीटर और पानी गर्म करने की टंकियां दिखाती टीम। ● अमृत विचार

**उपलब्धि** | हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की सक्रियता का दिख रहा असर, 10 बेहतर जिलों की सूची जारी

# टेली कंसल्टेंसी सेवा में प्रदेश में रामपुर दूसरे नंबर पर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : ऑनलाइन टेली कंसल्टेंसी के माध्यम से इलाज लेने में रामपुर को प्रदेश में दूसरा स्थान मिला है। शासन ने टेली कंसल्टेंसी की समीक्षा के बाद सबसे बेहतर 10 जिलों के नामों की सूची जारी की है। इसमें जिला बरेली प्रथम, रामपुर दूसरे स्थान पर रहा है। यहां पर 40768 मरीजों को ई-संजीवनी का लाभ मिला। वाराणसी तीसरे, प्रयागराज चौथे और सुल्तानपुर पांचवे स्थान पर है। सबसे खराब स्थिति कासगंज की है।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के जरिये दूर दराज के गांवों तक इलाज के बेहतर संसाधन मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें टेली कंसल्टेंसी की अहम भूमिका है। इसकी मदद से गांवों के मरीजों को ऑनलाइन विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं मिल रही हैं। शुरूआत में बिजली कनेक्शन, इंटरनेट की सुविधा नहीं होने की वजह से हालत खराब थी। लेकिन शासन की सख्ती से संसाधन बढ़े और कम्यूनिटी हेल्थ अधिकारियों की तैनाती के बाद अब टेली कंसल्टेंसी बढ़ रही है। अक्टूबर तक ई-संजीवनी टेली कंसल्टेंसी की समीक्षा रिपोर्ट में बरेली जिला और रामपुर सबसे बेहतर रहा। यहां पर 40768 मरीजों को इलाज मिला है। जिले में तैनात 300 से अधिक सीएचओ में औसतन प्रत्येक प्रतिदिन 9 से अधिक मरीजों को टेली कंसल्टेंसी की सेवा दी।

**टेली कंसल्टेंसी में टॉप-10 जिले**

| जिला | कुल टेली कंसल्टेंसी | प्रति सीएचओ प्रतिदिन ओपीडी |
|---|---|---|
| बरेली | 76823 | 9.5 |
| रामपुर | 40768 | 8.2 |
| वाराणसी | 40572 | 8.1 |
| प्रयागराज | 69414 | 5.8 |
| सुल्तानपुर | 27979 | 5.6 |
| जौनपुर | 40803 | 5.6 |
| मुरादाबाद | 27352 | 5.1 |
| शामली | 12749 | 4.9 |
| गाजियाबाद | 9912 | 4.9 |
| चंदौसी-संभल | 21869 | 4.8 |

"ऑनलाइन टेली कंसल्टेंसी में प्रदेश में जनपद को दूसरा स्थान मिला है, लोगों को अच्छा उपचार कराए जाने के लिए सीएचओ की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाती है। उम्मीद है कि जिस तरह से रोगियों को उपचार मिला है, सीएचओ को सुधार लाने के निर्देश दिए हैं जिससे कि प्रदेश में जनपद को प्रथम स्थान मिल सके।" -डॉ. एसपी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

## हादसे में जान गंवाने वाले यात्री के बारे में 27 तक दे सकते हैं जानकारी

**रामपुर, अमृत विचार** : 23 सितंबर 2023 को मिलक में सोहराब गेट डिपो की बस से यात्री की मौत हो गई थी। इस घटना के संबंध में जिस व्यक्ति को भी जानकारी हो, वह लिखित या मौखिक साक्ष्य 27 जनवरी तक किसी भी कार्य दिवस में तहसील मिलक स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

उप जिला मजिस्ट्रेट मोनिका सिंह ने बताया कि 11 सितंबर को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम मेरठ क्षेत्र सोहराब गेट डिपो से बस यात्री नासिर पुत्र नबी ग्राम जालिफनगला मोहल्ला इस्लामनगर की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि इस घटना की जांच की जा रही है। जान गंवाने वाले यात्री के बारे में सूचना देने का आग्रह किया गया है।

# ओवरलोड वाहनों से हादसों का खतरा

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार** : प्रशासन की कोशिशों के बाद भी वाहनों में ओवरलोडिंग नहीं रुक रही है। इन वाहनों से हादसों का खतरा रहा है। लगों ने ओवरलोडिंग रोकने की मांग उठाई है।

पट्टी कलां से रेत भरकर ओवरलोड वाहन मसवासी के काशीपुर मार्ग से होकर गुजरते हैं। इन्हें रोकने के लिए प्रशासन के पास कोई प्लान नहीं है। कार्रवाई नहीं होने से कस्बे में इनसे हादसे की आशंका रहती है। इस मामले में दुकानदारों ने कई बार उपजिलाधिकारी से शिकायत भी की, लेकिन ओवरलोड वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। रात में लकड़ी के ओवरलोड वाहन भी यहां से गुजरते हैं। इनसे कस्बे में जाम की स्थिति बनती है। राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है। उधर, टांडा बाजपुर मार्ग पर भी ओवरलोड वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। मानपुर उत्तरी चेक पोस्ट पर भी तैनात कर्मचारी रहते हैं। लेकिन ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई शून्य है। स्वार एसडीएम अवनीश कुमार ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए संबंधित लेखपालों को निर्देश दिया है।


"वाहनों में ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है। इनसे आए दिन हादसे होते हैं। लेकिन प्रशासन खामोश है। लकड़ी और रेत के ओवरलोड वाहनों पर प्रशासन कार्रवाई करें।"
– पप्पू सिंह मौर्य, किसान


"ओवरलोड वाहनों से हादसे से बढ़ते जा रहे हैं। इनको रोकने के लिए कार्रवाई अमल में लाना जरूरी है। स्कूली बच्चों और महिलाओं को सड़क पार करना दुश्वार हो गया है। वाहनों की गति नियंत्रित कराएं।"
– डॉ. इकबाल


"प्रशासन को ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाना चाहिए। वाहनों की तेज गति के कारण आए दिन मार्ग पर हादसे होते रहते हैं। जिससे जनमानस को नुकसान पहुंचता है। लोग सड़क पार करने से कतराते हैं।"
– फजले अहमद


"स्वार बाजपुर मार्ग पर ओवरलोड वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। चालक बेखौफ होकर वाहनों को दौड़ा रहे हैं। मार्ग पर हादसों की आशंका रहती है।"
– राजेंद्र कुमार, अध्यापक

## एक नजर

### पुलिस लाइन में एसपी ने ली परेड की सलामी

रामपुर, अमृत विचार : शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड का आयोजन किया। इस दौरान एसपी ने परेड की सलामी ली। पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने परेड की सलामी ली। परेड के बाद पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, एमटी शाखा, जिम का निरीक्षण किया। इसके अलावा अतिथि गृह आदि का निरीक्षण कर पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चेक किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी शाहबाद अतुल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन संगम कुमार भी मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में संविदा कर्मी की मौत

रामपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव खारी कुआं में शुक्रवार रात नितिन (45) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। परिजनों के अनुसार, नितिन बिजली घर में संविदा कर्मी थी। उसके एक बेटे और पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है।


वाहन चालकों को जागरूक करते एआरटीओ अनिल कुमार। ● अमृत विचार

# शिविर लगाकर चालकों को किया गया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ एआरटीओ ने दिए वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाने के निर्देश

अमृत विचार : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को एआरटीओ कार्यालय के पास शिविर लगाया गया। इसमें एआरटीओ ने वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया। साथ ही उनके वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाने का निर्देश दिया।

उप सम्भागीय परिवहन विभाग की ओर से एक शिविर का आयोजन किया गया। एआरटीओ अनिल कुमार ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। रिफ्लेक्टर लगवाने के लिए सभी वाहन चालकों को निर्देश दिए। इस मौके पर जिला सड़क सुरक्षा समिति में नामित एनजीओ के अध्यक्ष आदर्श उत्थान विकास सेवा समिति की टीम ने परिवहन विभाग निकट अन्य स्थान पर वाहन चालकों को जागरूक किया।

## जुमे की नमाज के बाद जायरीनों के घर लौटने का शुरू हुआ सिलसिला, अहमद अली शाह वारसी भी उर्स में हुए शामिल

# ख्वाजा के दरबार में सजी महफिल में उमड़े अकीदतमंद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


सज्जादानशीं हजरत इकबाल मियां और फरदीन मियां चिश्ती एवं अन्य।


ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह।


अहमद अली शाह वारसी।

अमृत विचार : हजरत मुईनउद्दीन चिश्ती ख्वाजा गरीब नवाज के सालाना उर्स में शुक्रवार तड़के तक महफिले समां में अकीदतमंद झूमते रहे। इसके बाद कुल शरीफ और दुआ हुई। इस उर्स में रामपुर, बरेली, बदायूं , मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, दिल्ली, पंजाब समेत देश के कोने-कोने से जायरीन मजार शरीफ में हाजिरी के लिए पहुंचे। जुमे की नमाज के बाद जायरीन का घर लौटने का सिलसिला शुरू हो गया।

हजरत मोईनुद्दीन चिश्ती अजमेरी जिन्हे ख्वाजा गरीब नवाज के नाम से भी जाना जाता है। वह गरीबों के मसीहा थे। खुद भूखा रहकर दूसरों को खाना खिलाते थे। अल्लाह ने उन्हें रूहानी और गैब की ताकत बख्शी थी। उन्हें सभी धर्मों के लोग मानते हैं। उनके मानने वालों में राजा, अभिनेता तक शामिल हैं जो ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में हाजरी के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

रजब माह में हजरत ख्वाजा गरीब नवाज के सालाना उर्स में देश दुनिया से अकीदतमंद पहुंचे। रामपुर से गए शाहिद अली खां जमाली ने बताया कि गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि से तड़के तक कव्वाली की महफिल सजी। उर्स में देवा शरीफ से आए सखावत अली शाह वारसी ने भी शिरकत की।

दरगाह शरीफ के सज्जादानशीं हजरत इकबाल मियां, हजरत फरदीन मियां चिश्ती, हजरत आदिल मियां चिश्ती के हाथों अकीदतमंदों ने नज्र की। कव्वालों ने जब सुनाया अहले नजर की आंख का तारा अली-अली, अहले वफा के दिल का सहारा अली-अली, एक कैफ एक सुरूर सा रहता है रात-दिन, जब से हुआ विर्द हमारा अली-अली। इस पर अकीदतमंद झूम उठे।

### हजरत अली से मिलता है ख्वाजा का नसब नामा

ख्वाजा गरीब नवाज के गद्दीनशी हजरत इकबाल मियां चिश्ती ने बताया कि हजरत मोईनुद्दीन चिश्ती के वालिद (पिता) का नाम हजरत ख्वाजा ग्यासुद्दीन था और वालिदा (माता) का नाम बीबी उम्मुल वरवा था। ख्वाजा के माता-पिता का खानदानी नसब नामा हजरत अली से मिलता है। ख्वाजा गरीब की वालिदा के मुताबिक, ख्वाजा की पैदाइश के दौरान उन्होंने अपने कमरे में बहुत नूरानी चेहरे देखे थे।

# सर्दी में बसों-ट्रेनों का संचालन और कारोबार प्रभावित

## रोडवेज की बसों में सवारियां नहीं मिलने से चालक रहे परेशान, अभी दो-तीन दिन और सर्दी अधिक रहने के आसार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


अस्पताल में अलाव सेंकते लोग। ● अमृत विचार


सवारियां नहीं मिलने के कारण रोडवेज की बस में खाली सीटें। ● अमृत विचार

अमृत विचार: गलन और ठिठुरन से लोगों का जीना मुहाल है। शुक्रवार को दिन भर धूप नहीं निकलने के कारण लोग सर्दी से कांपते रहे। सर्दी से बचाव को लोग जगह-जगह अलाव सेंकते दिखे। रोडवेज की बसों में सवारियां नहीं मिलने के कारण चालक परेशान रहे। मौसम वैज्ञानिक और सर्दी बढ़ने का अनुमान जता रहे हैं।

सर्दी का सितम कम होने के बजाए लगातार बढ़ता जा रहा है। रोजाना सर्दी बढ़ रही है। पिछले आठ दिनों में एक दिन भी लोगों को सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए हैं। एक सप्ताह से दिनभर कोहरा छाया रहा। शीतलहर से लोगों की कंपकपी छूट रही है। शुक्रवार को भी पूरे दिन धूप नहीं निकली। अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं बुधवार को भी दिन भर कोहरा छाया रहा था, जबकि गुरुवार का भी पूरा दिन बिना धूप के गुजर गया था। शाम ढलने के साथ सर्दी का सितम और बढ़ गया। हालांकि अभी तक दो तीन दिन तक मौसम ऐसा ही रहने के आसार हैं। सर्दी के चलते सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

उधर, सवारी अधिक नहीं होने के कारण यात्रियों को बसों में कई-कई घंटे तक बस चलने का इंतजार करना पड़ा। ट्रेनें भी कई-कई घंटे देरी से चल रही हैं। शुक्रवार को रोडवेज अड्डे के गेट पर सारी बसें खाली रहीं। चालक और परिचालक दिल्ली के लिए सवारियां तलाशते रहे। वहीं जम्मू तवी कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन स्टेशन पर 10:30 पर आती है। वह शुक्रवार को दो घंटे देरी से स्टेशन पर पहुंची। लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन 11:23 मिनट पर प्लेटफार्म पर आती है। वह एक घंटे 35 मिनट देरी से रेलवे स्टेशन पर आई।

### कारोबार पर भी पड़ रहा है सर्दी का असर

सर्दी का कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। लोग खरीदारी करने तक बाजारों में नहीं आ रहे हैं। दुकानदार सुबह दुकान पर आकर बैठ जाते हैं लेकिन रात आठ बजे तक गिने चुने लोग ही खरीदारी करने आ रहे हैं। सराफा कारोबारी भी दिन भर खाली बैठते हैं। एक-दो ग्राहक ही पहुंच रहा है।

> 20 जनवरी तक पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहने और शीतलहर का अनुमान है। रात्रि तापमान 4 से 6 और दिन का तापमान 14 से 16 डिग्री सेल्सियस रहेगा।
> - डॉ. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

## गंगापुर आवास विकास कचहरी रोड क्षेत्र में चार घंटे बिजली रही ठप

रामपुर, अमृत विचार : शहर में इन दिनों में पुराने तारों को बदलने और नए बिजली पोल लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे कि उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से सप्लाई मिल सके। इसी के चलते शुक्रवार को गंगापुर आवास विकास, कचहरी रोड की चार घंटे तक बिजली गुल रही। शाम पांच बजे के बाद आपूर्ति सुचारू हुई।

शहर में पुराने एबीसी केबल का बदलने का कार्य कराया जा रहा हैं। इनको बदलने से शहरवासियों को निर्बाध रूप से बिजली मिलेगी। शुक्रवार की दोपहर एक बजे कार्य कराए जाने से पहले आंबेडकर पार्क बिजलीघर से शटडाउन कराया गया। इसके बाद एनसीसी कंपनी की कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य कराया गया। कार्य शाम पांच बजे के बाद पूरा होने बाधित आपूर्ति को सुचारू कराया गया। एक्सईएन प्रथम इमरान खान ने बताया कि उच्चधिकारियों के निर्देश के बाद कार्यदायी संस्था के लोग कार्य पूर्ण कराए की दिशा में कार्य करा रहे हैं।


सीडीओ को पूजित अक्षत देते भाजपाई। ● अमृत विचार

# भाजपाइयों ने अधिकारियों को बांटे पूजित अक्षत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृव में भाजपाइयों ने शुक्रवार को अधिकारियों के कार्यालय में जाकर पूजित अक्षत बांटे। इसके अलावा राम भक्तों के आवास पर भी इनको पहुंचाया।

अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चल रहे पूजित अक्षत घरों व कार्यालय में पहुंचाने का संकल्प लिया है। जिला प्रचारक अजित सिंह एवं पूर्व पैक्सफेड के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने कार्यकर्ताओं के साथ अक्षत वितरण किए। भक्ति भाव से इन लोगों ने सभी के पूजित अक्षत बांटे। सब का घर राममय, राम की कृपा का पात्र हो जाए एवं कोई घर रामलला की कृपा से वंचित न रह जाए। ऐसी कामना एवं प्रार्थना के साथ राम भक्तों एवं राम भक्त अधिकारियों के कार्यालय एवं निवास पर अक्षत पहुंचाए। टोली में सीए अतुल कपूर, मोहनलाल सैनी, कृष्ण अवतार लोधी, दिनेश शर्मा, गोपाल गुप्ता और राजू शर्मा आदि मौजूद रहे।


राहगीरों को चाय बांटतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# लायंस क्लब इंटरनेशनल चिराग ने की लोगों की सेवा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : लायंस क्लब इंटरनेशनल चिराग की पदाधिकारियों ने ठंड के बीच राहगीरों को चाय, बिस्कुट, मूंगफली, रेवड़ी और गजक वितरित की। लायंस क्लब चिराग के पदाधिकारी समय-समय पर ऐसे कैंप लगाते रहते हैं।

इस मौके पर सरिता विश्नोई, नीना साहनी, रमा जैन, सुनीता सैनी, पूनम सागर, प्रमोद आहूजा, श्वेता वर्मा, सुमन जैन, पारुल बंसल, मीना खंडेलवाल पीयूष भैया शामिल रहे।

## मादक पदार्थ के साथ व्यापारी गिरफ्तार

मसवासी, अमृत विचार: एसओजी की टीम ने मादक पदार्थों के साथ नगर के एक किराना व्यापारी को गिरफ्तार किया है। मामले में पूछताछ की जा रही है।

नगर में मुख्य बाजार सब्जी मंडी स्थित एक किराना स्टोर पर बीते लंबे समय से मादक पदार्थों की चोरी-छिपे बिक्री की जा रही थी। एसओजी की टीम ने गुरुवार की रात मुखबिर की सूचना पर किराना स्टोर पर औचक छापेमारी की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टीम ने किराना व्यापारी को भारी मादक पदार्थों के साथ हिरासत में लिया है। अभी मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। एसओजी प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।


पटवाई के पंचायत घर में जरूरतमंदों को कंबल वितरित करतीं विधायक राजबाला।

# विधायक ने जरूरतमंद लोगों को बांटे कंबल

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : पटवाई में शुक्रवार को विधायक राजबाला व एसडीएम सुनील कुमार ने जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे।

ठंड से बचाव के लिए जगह-जगह अलाव जलवाए जा रहे हैं। सर्दी को देखते हुए विधायक ने पटवाई में कंबल वितरण किया। एसडीएम सुनील कुमार प्रथम ने बताया कि 250 जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे गए। कंबल पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी के भाव देखने को मिले।

# जलभराव के विरोध में किया प्रदर्शन

संवाददाता, बिलासपुर


मोहल्ला टांडा हुरमतनगर में प्रदर्शन करते नागरिक। ● अमृत विचार

▸▸ बोले- सड़क पर गड्ढों में गिरकर वाहन चालक हो रहे चोटिल

अमृत विचार : मुख्य रास्ते पर जलनिकासी न होने से गुस्साए नागरिकों ने विरोध जताते हुए सड़क निर्माण के दौरान घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाया। नागरिकों ने चेयरमैन से मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

शुक्रवार दोपहर नगर के मोहल्ला टांडा हुरमतनगर में नागरिक एकत्रित हुए। इसके बाद उन्होंने मुख्य रास्ते पर पानी में खड़े होकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि दो वर्ष पहले निर्वतमान चेयरमैन मोहम्मद हसन खां के कार्यकाल में इस मार्ग का निर्माण कराया गया था। आरोप है कि उस समय घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया जो यह सड़क छह माह बाद ही उखड़ने व बैठने लगी।

इससे नालियों का गंदा पानी सड़क पर भरने से नागरिकों को परेशानी हो रही है। कहा कि सड़क में गड्ढे भी हो गए हैं। राहगीर व दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। चेयरमैन चित्रक मित्तल से रास्त बनवाने की मांग की है। इस मौके पर मुनव्वर अली, दानिश, नाजिम, राशिद, गुड्डू, अख्तर, सफदर अली, हबीब आदि मौजूद रहे।

## वार्ड-25 में कूड़े के ढेर से परेशानी

रामपुर, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 25 घेर सखी में कई दिनों से कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। जिससे मोहल्लेवासियों की मकान और दीवारें खराब हो रही हैं। इससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नेशनल लीग पार्टी के जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अली ने पालिकाध्यक्ष सना खानम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि घेर सखी की नालियां कूड़े से पटी हुई हैं बरसात में लोगों के घरों में पानी भर जाता है। जिससे मोहल्लेवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मांग है कि मोहल्लेवासियों की परेशानी को देखते हुए कूड़ा उठवाया जाए। ज्ञापन देने वालों में गुड्डू, रहमान सलमानी, मुन्ना, जरीफ, गुलरेज हसन, सना रेहान, शाबान खां, फैसल खां, पप्पू और अफजल आदि शामिल रहे।

## प्रकाशोत्सव — गुरुद्वारा सिंह सभा में दीवान सजाया, शबद कीर्तन से संगत हुई निहाल

# रागी जत्थे ने किया गुरु की महिमा का गुणगान

संवाददाता, स्वार


गुरुद्वारा सिंह सभा में शबद-कीर्तन करता रागी जत्था। ● अमृत विचार

अमृत विचारः गुरुद्वारा सिंह सभा में श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रकाशोत्सव धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। सहज पाठ साहिब की समाप्ति के बाद रागी जत्थे ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। इसे सुनकर संगत निहाल हो गई। कार्यक्रम के दौरान वाहे गुरु का खालसा-वाहे गुरु की फतेल फिजा में गूंजी।

शुक्रवार को श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रकाशोत्सव नगर के मुख्य बाजार स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में मनाया गया। सर्व प्रथम गुरुद्वारा साहिब में निशान साहिब की सेवा की गई और दीवान सजाया गया। इसके बाद श्री सहज पाठ की समाप्ति हुई। मिलक से आए रागी जत्थे के मुखी भाई सुरजीत सिंह ने कीर्तन दरबार में गुरु की महिमा का गुणगान किया। इसे संगत निहाल हुई। सुबह से ही सिख संगत नगर के मुख्य बाजार स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में पहुंचने लगी। संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका। गुरुद्वारे के ग्रंथी तारा सिंह ने अरदास लगाई। बाद में गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। लोगों ने गुरुद्वारे पहुंचकर लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान करमजीत सिंह मिन्टू, रमनदीप सिंह, रघुवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, जरनैल सिंह, गुरदेव सिंह, सरबजीत कौर, अजीत कौर, हरजीत कौर, जगजीत कौर, चन्द्रमोहनी, रमेश सचदेवा, हरीश सचदेवा आदि मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल का प्लास्टर रूम ईएनटी सर्जन कक्ष में शिफ्ट

रामपुर, अमृत विचार : जिला अस्पताल में बने प्लास्टर रूम जोकि फिजियोथेरेपी सेंटर में चल रहा था। अस्पताल प्रशासन ने उसे अब वहां से हटाकर ईएनटी सर्जन कक्ष में शिफ्ट करा दिया है। ईएनटी सर्जन को अस्पताल की पहली मंजिल पर बने कमरा नंबर 12 में भेज दिया है।

अस्पताल में इमरजेंसी कक्ष के बराबर से फिजियोथरेपी सेंटर बना हुआ है, इसी में प्लास्टर रूम भी है। फिजियोथेरेपी कराए जाने की यहां आधुनिक मशीनें लगी हुई है। यहां पर फिजियोथेरेपी कराए जाने के लिए चार बैड भी स्थापित है। फिजियोथेरेपी कराए जाने के लिए मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति अस्पताल प्रशासन ने प्लास्टर रूम को फिजियोथेरेपी सेंटर से हटवाकर ईएनटी सर्जन कक्ष में शिफ्ट करा दिया गया है। सर्जन को यहां से डा. राजपाल के कमरे में भेजा गया है। सीएमएस डा. एचके मित्रा ने बताया कि फिजियोथेरेपी सेंटर के लिए आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं जिनका अभी इंस्टालेशन नहीं हुआ है जोकि, जल्द ही कराया जाएगा। प्लास्टर रूम को ईएनटी सर्जन कक्ष में शिफ्ट करा दिया गया है।



# प्राण प्रतिष्ठाः रंग-बिरंगी लाइटों से सज रहा शहर

## डिवाइडर पर भगवा रंग के लगाए जा रहे टेंट, चौराहों पर भगवान श्रीराम के होर्डिंग्स

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसकी खुशी में शहर व मंदिरों को भी सजाया जा रहा है। रंग-बंरगी लाइटें लगाई जा रही हैं। पूरे शहर में सफाई का अभियान चल रहा है। जिसे सड़कें जगमग हो रही है। डिवाइडर को भगवा रंग में रंग दिया गया है।

अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां चल रही हैं। स्वच्छता अभियान के तहत शहरों को सजाने का काम चल रहा है। पूरे शहर में बने डिवाइडर को भंगवा रंग में किया जा रहा है। मंदिरों पर रंग-बिरंगी लाइटें लगाई जा रही हैं। मुख्य चौराहों पर भगवान श्रीराम के होर्डिंग्स भी लगाए जा रहे हैं। दुकानों के शटरों पर भगवान श्री राम और हनुमान की पेंटिग बनाई जा रही है। दीवारों पर भी भगवान श्री राम के चित्रों को बनाया जा रहा है। उधर, भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लाइव दिखाने के लिए शहर में मुख्य चौराहों और मंदिरों पर एलसीडी लगानी शुरू कर दी गई है। कलेक्ट्रट परिसर में एलसीडी लग गई है।


मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाती महिलाएं। ● अमृत विचार


डिवाइडर पर लगे भगवा रंग के टेंट। ● अमृत विचार


"जिस घड़ी का वर्षों से इंतजार था। वह 22 जनवरी को पूरी हो रही है। अयोध्या में भगवान श्री राम को विराजमान किया जाएगा। यह भक्तों के लिए खुशी की बात है। इस दिन घरों में दीये जलाए जाएंगे। घरों व मंदिरों को सजाया जा रहा है।" – शोभित अग्रवाल


"अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम को विराजमान किया जाएगा। इससे ज्यादा खुशी की बात कोई और नहीं हो सकती है। घरों में दीये जलाकर दिवाली मनाई जाएगी। इस दिनों को यादगार बनाया जाएगा। इसके लिए तैयारी की गई है।" – संदीप सोनी


"राम मंदिर धार्मिक आस्था का प्रतीक व अद्भुत वास्तुशिल्प कृति है। देश की आध्यात्मिक विरासत और भगवान राम की अमर प्रसिद्धि के जीवित प्रमाण के रूप में, यह मंदिर अयोध्या को आध्यात्मिक राजधानी बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।" –रामेश्वर दयाल गंगवार


"अयोध्या में रामलला स्थापित किए जा रहे हैं। हम सब लोगों को ऐसा महसूस हो रहा है, जैसे अयोध्या में नहीं है, हमारे घर में स्थापित हो रहे हैं। पूजित अक्षत हम सभी लोग देने जाते हैं। भाजपाइयों के मन में उल्लास है, जैसे दिवाली आज ही है।" – सुनील कुमार वर्मा

### 22 जनवरी को बंद रहेंगी शराब और मांस की दुकानें

शासन ने 22 जनवरी को मांस और शराब की दुकानें बंद रखने के आदेश जारी कर दिए हैं। सभी अधिकारियों को सख्ती के साथ इसका पालन कराने के निर्देश दिया है। इसके चलते शराब और मांस की दुकानें बंद रहेंगी।

### मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

**रामपुर, अमृत विचार :** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति सदस्य की सुनीता सिंह सैनी ने शुक्रवार को पार्टी संगठन की मंशा के अनुरूप नया गंज मंडल के अंतर्गत हजरतपुर स्थित कोसी मंदिर में टीम के साथ स्वच्छता अभियान चलाकर झाड़ू लगाई। इस मौके पर मंडल महामंत्री निधि वर्मा, मुन्नी देवी गंगवार आदि मौजूद रहीं।

## एक नजर

### गंज और कोतवाली पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज और कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर दो आरोपियों को पकड़ने के बाद थाने ले आई। जहां दोनों पर कार्रवाई कर दी है। थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपी थाना कोतवाली ताहिर अली पुत्र मोहम्मद नवी उर्फ मुन्ने निवासी मोहल्ला बाजार अब्दुल्ला गंज को हामिद इंटर कालेज के सामने गिरफ्तार किया। इसके अलावा थाना गंज पुलिस ने नब्बू पुत्र हसमत शाह निवासी सैजनी नानकार को धारा 379,411 में गिरफ्तार करने के बाद थाने ले आई। जहां दोनों पर कार्रवाई कर दी है।

### 20 लीटर शराब के साथ आरोपी पकड़ा गया

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक पुलिस ने अभियान चलाकर एक आरोपी को 20 लीटर शराब के साथ पकड़ लिया। उसके बाद उस पर कार्रवाई कर दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते थाना मिलक पुलिस ने चेकिंग के दौरान ग्राम परम का मझरा से सर्वेश पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम परम का मझरा मोहनपुर को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब की पिपिया के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना मिलक में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया।


कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर दीपचंद गोयल

# पात्रों तक योजनाओं का पहुंचाया जा रहा है लाभ

संवाददाता, मसवासी

**कार्यक्रम**
- मानपुर उत्तरी में पहुंची भारत विकसित संकल्प यात्रा
- भाजपाइयों ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताईं

**अमृत विचार :** भारत विकसित संकल्प यात्रा के तहत मानपुर उत्तरी में भाजपाइयों ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताईं। कहा कि सरकार ने जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है।

मानपुर उत्तरी के जूनियर हाईस्कूल मैदान में शुक्रवार को भारत विकसित संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम हुआ। इसमें वक्ताओं ने कहा कि गरीबों के लिए आवास, अनाज और उज्ज्वल योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण किए हैं। कल्याणकारी योजनाएं भी जन-जन तक पहुंचाई जा रही हैं। इस मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष व जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर दीपचंद गोयल ने कहा कि सरकार ने समय-समय पर जनमानस का ध्यान रखा है। गरीबों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा, डोली रंधावा, अमृता रंधावा, ग्राम प्रधान के पति साजिद हुसैन, शकील अंसारी, ग्राम पंचायत अधिकारी राजीव कुमार सुरेंद्र सिंह मौर्य आदि मौजूद रहे।

# फर्नीचर के गोदाम में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में फर्नीचर के गोदाम में आग लगने से काफी नुकसान हो गया। सूचना के बाद फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची। किसी तरह से आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र से जुड़ी है। मोहल्ला कटकुइया निवासी गुलवेज और घेर मीर बाज खां इस्लाम का जेल रोड पर फर्नीचर का गोदाम है। दोनों गुरुवार को गोदाम बंद करके घर चले गए थे। शुक्रवार तड़के गोदाम से आग की लपटें उठती देखकर आसपास के लोगों ने शोर मचा दिया। इसके बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। सूचना के बाद फायर बिग्रेड भी आ गई और किसी तरह से आग पर काबू पाया। उसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। आग लगने से काफी सामान जलाकर राख हो गया। इस दौरान काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।


गोदाम में लगी आग।

### दमकल के तीन वाहनों ने आग पर पाया काबू

शुक्रवार तड़के गोदाम में आग लगने के बाद लपटें उठती देखकर लोगों ने चीख पुकार मचा दी थी। उसके बाद आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े थे। उसके बाद लोगों ने चीख पुकार मचा दी थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल के तीन वाहनों ने आग पर काबू पाया। उसके बाद लोग शांत हुए। काफी सामान जलने का अनुमान लगाया जा रहा है।

"जेल रोड पर शुक्रवार तड़के दो फर्नीचर के गोदाम में आग लग गई थी। मौके दमकल के तीन वाहनों ने आग पर काबू पाया। अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।" – मनोज कुमार, कोतवाली प्रभारी

## एसपी ने लोगों को दिया सुरक्षा का भरोसा

**रामपुर, अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार रात को थाना प्रभारियों के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान लोगों से वार्तालाप की। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गश्त करने के निर्देश जारी किए है। सर्दी के मौसम में चोर घटनाओं को अंजाम नही दे सके।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक थाना गंज के साथ अपराध नियन्त्रण के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्ति को चेक किया। इसके अलावा कानून,शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत नगर क्षेत्र के थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण स्थानों, भीड़ वाले स्थानों पर मय पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की।


महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश महाराज का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

# महामंडलेश्वर का स्वागत

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** नगर में शुक्रवार को हरिद्वार के महामंडलेश्वर का नगरवासियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। सभी ने महामंडलेश्वर का स्वागत कर आशीर्वाद लिया।

हिंदू संगठन के लोगों को सूचना मिली कि हरिद्वार के खनखल से प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम के महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश महाराज साथियों के साथ अयोध्या धाम जा रहे हैं। तभी विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष प्रिंस गुप्ता के साथ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रतिष्ठान पर उनकी कार रुकवा ली। इस दौरान अमृत गौड़, मुकेश पटेल, साईंया सक्सेना, शुभांक प्रकाश गंगवार, विकास रुहेला, घनश्याम गोस्वामी, सौरभ सक्सेना आदि रहे।

## सार संक्षेप

### लोगों को बांटे पूजित अक्षत

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले में अयोध्या से आए पूजित अक्षत बांटे जा रहे हैं। इसके अलावा लोगों को निमंत्रण भी दिए जा रहे हैं। उसी के चलते शुक्रवार को गांव अहरोला में युवाओं ने पूजित अक्षत बांटे। इस मौके पर कमल सिंह दिवाकर ,अमित कुमार दिवाकर,अजय दिवाकर, अजय सैनी, अंकित सैनी, विशेष कुमार,योगेश दिवाकर मौजूद रहे।

### बालिका दिवस पर होंगे कार्यक्रम

**रामपुर, अमृत विचार :** 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस होगा। जिसके चलते 19 जनवरी से 24 जनवरी तक बालिकाओं के महत्व पर जोर देने के लिए कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, । जिसे 2015 में लिंग आधारित भेद-भाव उन्मूलन रोकने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव ने बताया कि इस कार्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए शाइस्ता बी ( महिला कल्याण अधिकारी) और अजय मौर्य ( संरक्षण अधिकारी)से संपर्क किया जा सकता है।

### प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में बनेगा भव्य राम द्वार

**मिलक, अमृत विचार :** श्रीराम मंदिर में सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में नगर को भव्य रूप से सजाया जाएगा। राम द्वार बनाया जाएगा। शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार की अध्यक्षता में पालिका सभागार में सभासदों के साथ बैठक हुई। इसमें नगर के सभी मंदिरों को भव्य रूप से सजाने व प्रसाद वितरण कराने पर चर्चा हुई। इसका प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हुआ। सभासदों ने खुशी का इजहार किया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि देश के सबसे बड़े उत्सव के उपलक्ष्य में नगर के मंदिरों को बिजली की झालरों एवं दीपकों से भव्य रूप से सजाया जाएगा। उत्सव की स्मृति में नगर के रामलीला मैदान के मुख्य द्वार पर भव्य राम द्वार का निर्माण कराया जाएगा। हमेशा प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की याद दिलाता रहेगा। इस दौरान भाजपा नेता कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार, सभासद वीरवती कोली, सुनीता देवी, जयकीरत, शिवा, गोपेश्वर कुमार, प्रखर वशिष्ठ, आसिफ, हरीश बाबू आदि रहे।


बैठक में बोलतीं पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार।

### प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर कराया जाएगा कीर्तन

**मसवासी, अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर नगर में कीर्तन होगा। कार्यक्रम का आरंभ मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह और रामपुर शहर विधायक आकाश सक्सेना व मसवासी चेयरमैन दिनेश गोयल करेंगे। 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम को लेकर तैयारी चल रही है। सुबह से शाम तक नगर के गली मोहल्लों में प्रचार वाहन घूम रहे हैं, जोकि कार्यक्रम के लिए लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं। कार्यक्रम नगर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में कराया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तीन दिन पहले से ही सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में तैयारी चल रही है। टेंट डेकोरेशन और साज-सज्जा करने में जुटे हैं। विशाल कीर्तन के लिए लोगों में खुशी का माहौल है। इसमें ब्रज रस अनुरागी साध्वी पूर्णिमा पूनम दीदी भजनों की रसधारा बहाएंगी। इनके अलावा अन्य भजन गायकों को भी आमंत्रित किया गया है। लेकिन पूनम दीदी को देखने के लिए और उनके भजनों को सुनने के लिए श्रद्धालु काफी लालायित हैं।

### 22 जनवरी को जिले में रहेगा अवकाश

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रभारी अधिकारी संयुक्त कार्यालय सौरभ भट्ट ने बताया कि शासन सामान्य प्रशासन लखनऊ के निर्देशानुसार अयोध्या में 22 जनवरी का रामलला को विराजमान किया जाएगा। इसके चलते प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के दृष्टिगत निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

### बाइक की चपेट में आकर पैदल जा रहा युवक घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** बाइक की चपेट में आने से पैदल जा रहा युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रायपुर निवासी मनजीत किसी काम से दोपहर के समय चौराहे पर आया था कि इस दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार ने उसको टक्कर मारकर घायल कर दिया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर बाइक सवार भाग गया। जबकि घायल को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया। काफी देर तक लोगों की भीड़ एकत्र रही।

### चोरी के मोबाइल के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** चोरी के मोबाइल के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार लिया। जहां उस पर कार्रवाई कर दी है। बताते चले कि 25 नवंबर को थाना शहजादनगर एक ग्रामीण ने मोबाइल चोरी होने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने ताहिर उर्फ बाबू पुत्र नासिर उर्फ बाबा निवासी काशीराम कालोनी को पकड़ लिया।

### एसपी ने कार्यालय में सुनीं समस्याएं

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने आफिस में आने वाले लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करने के अधिकारियों को आदेश दिए। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कार्यालय पर फरियादियों की समस्याओं को सुना।उसके बाद उनकी समस्याओं के उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के लिए क्षेत्र के संबंधित को निर्देश देकर जल्द से जल्द करने की बात कही है।


भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ऋषि पांडेय का स्वागत करते भाजपाई।

# भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष का स्वागत

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचारः** शुक्रवार को भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज पांडे के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ऋषि पांडेय का उनके आवास स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पूर्व के वह नगर अध्यक्ष पद का निर्वाहन बखूबी कर चुके हैं। भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें भाजपा किसान मोर्चा रामपुर के जिला अध्यक्ष का दायित्व दिया। वह इस दायित्व को ईमानदारी के साथ निभाएंगे। जिला उपाध्यक्ष प्रेम शंकर पांडेय, राजू पांडेय, दिनेश पांडेय, अमित रहे।

# सर्द रातों में फसलों की रखवाली कर रहे किसान

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** कड़ाके की सर्दी में किसान रातभर जागकर फसलों की रखवाली कर रहे हैं। हाथ में लाठी व टॉर्च लेकर खेत पर डेरा डाले इन किसानों की रात दर्दभरी बीतती है। पारा भी इन दिनों रात में चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क रहा है।

किसानों को पूरी रात खेतों पर बितानी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि छुट्टा पशु उनकी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। इसने फसलों को बचाने के लिए किसान रात जंगल में गुजारने को मजबूर हैं। हालांकि क्षेत्र में एक स्थायी गोशाला व तीन अस्थायी गोशालाओं में मवेशियों को संरक्षण दिया जा रहा है। सभी गोशालाओं में क्षमता से अधिक पशु हैं। इसके बावजूद सड़क व खेतों में छुट्टा पशु परेशानी का सबब न बन रहे हैं।


रुस्तमपुर में खेत की रखवाली करते युवा


खेत पररखवाली करता हर्षित।

### फसल की रखवाली करते मिले किसानों के बेटे

गांव रुस्तमपुर में पड़ताल के दौरान सुधीर यादव के बेटे हर्षित यादव समेत कई युवक खेत की रखवाली करते मिले। पूछने पर बताया कि अगर रात में पिता खेत पर आएंगे तो उनकी तबीयत बिगड़ सकती है। इसलिए वे ही खेत की रखवाली कर रहे हैं।

उधर, नगर पंचायत द्वारा गोवंश को पकड़ने का अभियान चलाया गया। इसके बावजूद छुट्टा पशुओं को संरक्षण नहीं मिल रहा है। वह सड़कों पर घूम रहे हैं। कई जगहों को पर पशु झुंड बनाकर रोड पर ही बैठ जाते हैं। जिससे आए दिन हादसे भी हो रहे हैं।


"खेत में गेहूं की फसल बोई थी जैसे ही फसल बढ़ने पर आई, उससे पहले ही छुट्टा पशुओं ने फसल बर्बाद कर दी। कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई नहीं सुनता।" – राम प्रकाश किसान, ढकिया


"दिन में परिजन खेतों पर रखवाली करते हैं। रात होने पर मुझे जाना पड़ता है। अगर गोशालाएं बनाई गईं हैं तो गोवंश को उनमें संरक्षित किया जाए। नहीं तो किसान का नुकसान तो हो ही रहा है।" – मदन मोहन सिंह, ढकिया

**नाराजगी** बोले- सरकार को 100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाने चाहिए थे गन्ने के दाम

# एमएसपी 20 रुपये बढ़ा, फिर भी खुश नहीं किसान

संवाददाता, दढ़ियाल

- गन्ने मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल करने की हो रही मांग

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश के गन्ना किसानों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सौगात दी है। प्रदेश सरकार ने गन्ना एमएसपी में 20 रुपये प्रति क्विंटल का इजाफा किया है। लेकिन, इससे भी किसान नाखुश हैं।

किसानों का कहना है कि गन्ने का दाम कम से कम 450 रुपये या 500 होना चाहिए। कड़ाके की सर्दी में जब अधिकारी हीटर लगाकर ताप रहे होते हैं, तो एक किसान खेत में अपनी फसलों की सिंचाई कर रहे होते हैं। गर्मी के मौसम में बहुत से लोग लू चलने के कारण घरों से नहीं निकलते हैं, मार्केट में सन्नाटा देखने को मिलता है तो किसान जंगल में फसल की रखवाली के लिए खड़ा रहता है। साल दर साल महंगाई बढ़ रही है। डीजल, कीटनाशक व खाद की कीमतों में काफी इजाफा हो रहा है, लेकिन गन्ना किसानों के साथ सरकार ने सौतेला व्यवहार किया है। गन्ने पर सरकार को कम से कम 100 रुपये का इजाफा करना चाहिए था, लेकिन सरकार ने 20 रुपये बढ़ाकर खानापूर्ति कर दी है। किसानों का कहना है कि 20 रुपये क्विंटल से उनका का भला नहीं होने वाला है। खेती किसानों के लिए घाटे का सौदा बनती जा रही है। किसान की दुर्दशा सुधारने के लिए सरकार को और रुपये बढ़ाने चाहिए थे।


"खाद, बीज और कीटनाशक के दाम आसमान छू रहे हैं। सरकार को महंगाई को देखते हुए गन्ना एमएसपी 100 रुपये बढ़ानी चाहिए थी। 20 रुपये बढ़ाने से किसानों में नाराजगी है।" – संजय चौधरी


"सरकार को 20 रुपये एमएसपी न बढ़ाकर 100 रुपये बढ़ानी चाहिए थे। इससे किसानों का कुछ भला हो सकता था। किसान पूरे साल फसल की रखवाली करते हैं। लेकिन कुछ नहीं मिलता।" – देवेंद्र सिंह


"खेती दिनों-दिन घाटे का सौदा साबित हो रही है। गन्ने की कीमत 500 रुपये प्रति क्विंटल होनी चाहिए। लेकिन मात्र 20 रुपये बढ़ाकर किसानों के साथ एक तरह का खिलवाड़ किया गया है।" – निशांत सिंह


"सरकार ने किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया है। गन्ना एमएसपी 20 रुपये बढ़ाकर किसानों का मजाक बनाया है। सरकार को गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल करना चाहिए।" – बलजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाकियू


महिला को गैस चूल्हा देते राजू कश्यप व अन्य। ● अमृत विचार

# मजरा घाट में लाभार्थियों को बांटे गए प्रमाण पत्र

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के मजरा घाट में भाजपा की विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

इस दौरान राजू कश्यप ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, आवास प्राप्त लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके राजेश सैनी प्रधान चंद्रपुरकला, सचिव गणेश यादव, पूर्व प्रधान सोमपाल सिंह, अबू सुफियान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### हरिद्वार से अपहृत दो किशोरियां बरामद

**हरिद्वार/मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कनखल क्षेत्र से अपहृत दो किशोरियों को पुलिस ने मुरादाबाद से बरामद किया है। बीते 11 जनवरी को कनखल निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर दी थी कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री तथा 14 साल की उसकी सहेली का अपहरण हो गया है। पुलिस अभियोग पंजीकृत कर जांच कर रही थी। एसआई सोनल रावत ने बताया कि गुरुवार को सूचना के आधार पर दोनों किशोरियों को मुरादाबाद से सकुशल बरामद कर लिया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि घर वालों की अनावश्यक डांट व बिना बात की रोकटोक, असहज माहौल से परेशान होकर दोनों घर से बिना बताए चली गई थीं।

### गत्ता फैक्ट्री के कर्मी को वाहन ने मारी टक्कर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में गुरुवार रात में साइकिल से घर लौट रहे गत्ता फैक्ट्री के कर्मी को टीपी नगर पुलिस चौकी के पास वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसे पुलिस ने अज्ञात के तौर पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। उधर, घायल कर्मी के देर रात तक घर न पहुंचने पर परिवार वाले परेशान थे। तमाम प्रयास के बाद उन्हें हादसे की जानकारी हुई तो देर रात अस्पताल पहुंचे तब कर्मी की ओमकार निवासी मंडी समिति के तौर पर पहचान हुई थी। घायल कर्मी के बेटे रोहित व मनीष ने बताया कि उनके पिता पीतल नगरी स्थित गत्ता फैक्ट्री में काम करते हैं। ओमकार की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें हॉयर सेंटर रेफर किया है।

### चाट का ठेला हटाने पर कार सवार को पीटा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गलशहीद थाना क्षेत्र में हुई मारपीट के मामले में पीड़ित ने दो के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। मेहंदी तिराहा असालतपुरा निवासी शमीम ने पुलिस को बताया है कि 17 जनवरी की रात 10 .30 बजे वह अस्पताल से कार से घर आ रहे थे। रास्ते में नाली के आगे चाट का ठेला लगा था। निकलने में बाधा हो रही थी। जिस पर उन्होंने कार से उतर कर ठेला हटाने का प्रयास किया तो उन्हें दोनों भाई जियाउद्दीन और सलाउद्दीन ने मिलकर लात-घूसों से जमकर पीटा।

### संस्कृति उत्सव में कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पंचायत भवन सभागार में शुक्रवार को संस्कृति विभाग की ओर से संस्कृति उत्सव के अंतर्गत मंडल स्तरीय प्रतियोगिताएं कराई गईं। शास्त्रीय लोक गायन, एकल गायन, वादन, नृत्य में प्रतिभागियों ने प्रतिभा दिखाई। उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति, हमारी पहचान संस्कृति उत्सव के क्रम में समूह गायन, वादन, नृत्य लोक नाटक रामलीला आदि का मंचन किया गया।

# कस्टमर केयर से की बात खाते से उड़े 1.80 लाख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ गूगल से नंबर सर्च कर युवक ने की थी शिकायत

**अमृत विचार :** साइबर ठग ने मझोला थाना क्षेत्र के युवक को झांसा देकर उसके बैंक खाते से 1.80 लाख रुपये उड़ा लिए हैं। पीड़ित ने एटीएम में पैसे फंसने के बाद शिकायत करने के लिए गूगल से कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया था। आरोपी ने बैंक खाते की जानकारी लेकर रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित की शिकायत पर मझोला पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

पीड़ित सतीश कुमार ने बताया कि वह बैंक कॉलोनी खुशहालपुर का निवासी है। 11 नवंबर 2023 को शाम करीब छह बजे वह पंजाब नेशनल बैंक शाखा बुद्धि विहार के एटीएम बूथ पर रुपये निकालने गए थे। वहां चार बार प्रयास करने के बाद भी रुपये नहीं निकले, जबकि उनके खाते से 5,500 रुपये कट गए थे। मौके पर ही उन्होंने बैंक के टोल फ्री नंबर पर कॉल की, लेकिन कॉल नहीं लगी। बाद में सतीश ने गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया। गूगल से मिले नंबर पर कॉल कर शिकायत की। इसके बाद उनके पास एक अन्य नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने पैसे खाते में वापस करने का झांसा देकर उनके खाते और एटीएम कार्ड की डिटेल पूछ ली थी। फिर थोड़ी देर बाद ही उनके खाते से 1.80 लाख रुपये किसी दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गए थे। जब बैंक का मैसेज आया, तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। साइबर क्राइम सेल में शिकायत की। साइबर सेल टीम जांच पड़ताल कर रही थी, लेकिन रकम वापस नहीं हुई। जिसके बाद सतीश ने एसएसपी से शिकायत की है, जहां से एफआईआर के आदेश हुए। मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि मामले में पीड़ित की तरफ से एफआईआर दर्ज की जा रही है।

## फब्तियां कसने वाले दो युवकों को पकड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुगलपुरा थाने की दरोगा नरगिस सैफी ने राजकीय इंटर कॉलेज के सामने गेट पर खड़े होकर राह निकल रहीं महिलाओं-युवतियों पर फब्तियां कसने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दरोगा ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। इनमें अमान पुत्र मुकीम व शाहजेब अहमद पुत्र मुमताज नामजद हुए हैं। दरोगा ने बताया कि दोनों आरोपी वारसी नगर के हैं। यहां अमान गली नंबर-तीन व शाहजेब अहमद गली नंबर-चार का रहने वाला है। दरोगा ने बताया कि घटना गुरुवार को सुबह 11.18 बजे की है। खबर मिली थी दोनों आरोपी राजकीय इंटर कॉलेज के गेट पर खड़े होकर महिलाओं-युवतियों पर फब्तियां कस रहे हैं। जिस पर वह कांस्टेबल प्रियंका और लेपर्ड-5 के कांस्टेबल अमरीश कुमार के साथ मौके पर गई थीं, जहां ये दोनों खड़े मिले और पुलिस को देखकर भागने लगे थे।



गांव काजीपुरा में लहलहाती गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

# आकाश ग्रीन फ्लैट में लगी आग से हड़कंप

## सात साल की बेटी को आग-धुएं से बचाकर खिड़की से बाहर निकाला, सामान जला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ शोर मचाने पर पड़ोसियों ने की मदद, धुएं से बेसुध हो गई थीं गीता दरवाजा तोड़कर बुझाई आग

**अमृत विचार :** सिविल लाइन में राम गंगा विहार में सीएल गुप्ता इंस्टीट्यूट के पास चार मंजिला अपार्टमेंट (आकाश ग्रीन) में शुक्रवार तड़के आग लग गई। लोगों की सूझबूझ से गैस सिलेंडर फटने से बच गया और बड़ी अनहोनी टल गई। हॉल में फंसी बच्ची को खिड़की से निकालकर बचाया।

आकाश ग्रीन के प्रथम फ्लोर पर आवास सी-204 में शिशिर सक्सेना व उनकी पत्नी गीता और 6-7 साल की बेटी रहती है। शिशिर दिल्ली रोड पर बैंक्वेट हॉल में प्रबंधन का कार्य देखते हैं। वह सुबह चार बजे कार्यस्थल से लौटकर घर पहुंचे थे और फिर सुबह देर तक सो रहे थे। सुबह 9 बजे के दौरान जब गीता को धुएं से दुर्गंध आई तो वह कमरे से बाहर हॉल में आई और देखा आग लगी है। हालांकि शिशिर की पत्नी गीता ने फ्लैट के हॉल का दरवाजा खोलकर धुआं निकालने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो पाई और बेसुध होने लगी थीं। उन्होंने शोर मचाया तो सामने के अन्य फ्लैट में रह रहे लोग बाहर निकले तो देखा शिशिर के फ्लैट के हॉल की खिड़कियों से काला धुआं निकल रहा था। इन लोगों ने पहले उनकी बेटी नन्नी को खिड़की से निकाल कर सुरक्षित किया। फिर बालकनी से ही बाल्टियों से पानी फेंककर आग बुझाने का प्रयास किया। गीता ने बताया कि उनके पति शिशिर हृदय रोगी हैं। इसलिए उन्होंने तुरंत उन्हें घटना नहीं बताई थी। बाद में धुएं के प्रभाव से वह भी जग गए और उन्हें उल्टियां होने लगी थीं। बाद में लोगों ने शिशिर के फ्लैट के हॉल का दरवाजा तोड़ा और देखा कि फ्रीज जलकर राख हो चुका था। लोगों ने तुरंत गैस सिलेंडर को वहां से हटाया। दीवारें धुएं से काली हो गई थी और शीशे चटक गए थे।



आकाश ग्रीन के फ्लैट के प्रथम तल पर सी-204 के आवास में लगी आग से जलकर राख हुआ सामान। ● अमृत विचार

### चार मंजिला फ्लैट में आग से बचाव के इंतजाम नहीं

फ्लैट में रहने वाले परिवारों की शिकायत है कि इस चार मंजिला अपार्टमेंट में आग से बचाव के कोई इंतजाम नहीं हैं। हालांकि पाइप लगे हैं, लेकिन उसमें पानी की सप्लाई नहीं है। न ही आग से बचाव वाले कोई उपकरण लगे हैं।

### पिछले साल भी फ्लैट में लगी थी आग

फ्लैट में निवास कर रहे लोगों ने बताया कि पिछले साल भी सुबह के समय कॉलोनी के तीसरे फ्लोर पर आग लगी थी। यह फ्लैट पुलिस विभाग के कांस्टेबल का है। इनके यहां आग लगने से फ्रीज, स्लाइडर, गेट आदि जलकर राख हो गया था। इसके बाद भी जिम्मेदार नहीं चेत रहे हैं।

## तीन लाख की अफीम के साथ तीन पकड़े

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पाकबड़ा थाना पुलिस ने अनंत सिंह ढाबा पर 25 किलोग्राम अफीम का डोडा चूरा की सप्लाई देने जा रहे कार सवार तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दिल्ली के नंबर की कार भी बरामद की है। तीनों अभियुक्तों में बदायूं जिले का जफर अली उर्फ असकार हुसैन, बरेली के थाना अलीगंज का इमरान व यामीन हैं। पूछताछ में इन्होंने बताया है कि वह लोग बिजनौर रोड पर हल्दौर थाना क्षेत्र में स्थित अनंत सिंह ढाबा पर सप्लाई देने जा रहे थे।

एसएसपी हेमराज मीना ने बरामद हुए डोडा चूरा की कीमत बाजार में तीन लाख रुपये होना बताया है। उन्होंने बताया कि रात में पाकबड़ा थानाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा पुलिस टीम के साथ बागड़पुर अंडरपास के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान बरेली की तरफ से आ रही कार (डीएल-08-सीआर-3560) को रोका गया। इसमें चेकिंग करने पर देखा गया कि दो अदद प्लास्टिक के कट्टे में कुल 25 किग्रा अफीम का डोडा चूरा भरा हुआ है। जिस पर पुलिस टीम ने उसे बरामद कर कार में सवार तीनों अभियुक्तों को हिरासत में लिया था। पूछताछ में मामला गंभीर होने पर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेजा गया है। जबकि, उनकी कार को सीज कर थाने पर ही खड़ा कराया गया है।

एसएसपी ने बताया कि अभियुक्तों के पास से पुलिस ने मोबाइल व 1700 रुपये भी बरामद किए हैं। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में जफर अली उर्फ असकार हुसैन पुत्र अब्दुल शकूर निवासी मुहल्ला ऊपरवारा थाना कोतवाली जिला बदायूं और इमरान पुत्र रफीक एवं यामीन पुत्र रियासत मुहल्ला ईदगाह कस्बा व थाना अलीगंज जिला बरेली के हैं। इनके विरुद्ध पाकबड़ा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त जफर अली उर्फ असकार हुसैन के विरुद्ध बदायूं के थाना अलापुर में भी एनडीपीएस एक्ट का एक मामला दर्ज है।



पाकबड़ा पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

### आरोपी पहले भी कई बार दे चुके थे डोडा चूरा

एसएसपी ने बताया कि तीनों अभियुक्त अफीम का डोडा चूरा कहां और किससे लाए थे। इसकी जांच के लिए पुलिस टीमें लगी हैं। फिलहाल, अभियुक्तों ने बताया कि वह लोग अनंत सिंह ढाबा के मालिक कुलजीत सिंह को 25 किग्रा अफीम का डोडा चूरा की सप्लाई देने जा रहे थे। इन्होंने यह भी बताया है कि इससे पहले भी वह कुलजीत सिंह को कई बार डोडा चूरा की सप्लाई दे चुके हैं।

## गैंगस्टर सतपाल को आठ और राजू को चार साल के कठोर कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ न्यायालय एडीजे-पांच की कोर्ट ने किया दंडित

▸▸ न्यायाधीश ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने दोनों पर लगाया अर्थदंड

**अमृत विचार :** गैंगस्टर अधिनियम में शुक्रवार को न्यायालय एडीजे-पांच की कोर्ट में न्यायाधीश ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने दो अभियुक्तों को सजा व अर्थदंड से दंडित किया है।

दोषसिद्ध अभियुक्त सतपाल पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम सैंदरी मिलक थाना नागफनी और राजू उर्फ राजपाल पुत्र धर्म सिंह निवासी होली का चौपाल, चामुंडा मंदिर के पास बंगला गांव थाना नागफनी हैं। न्यायाधीश ने अभियुक्त सतपाल को आठ वर्ष और राजू को चार वर्ष के कठोर कारावास की सजा एवं दोनों के विरुद्ध पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड पारित किया है। सतपाल के खिलाफ दो अप्रैल 2015 को पाकबड़ा थाने के दरोगा ओमकार सिंह ने सुसंगठित गिरोह बनाकर आर्थिक व भौतिक लाभ कमाने के उद्देश्य से अपराध करने के आरोप में गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जबकि, अभियुक्त राजू उर्फ राजपाल के खिलाफ सिविल लाइंस थाना प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश शर्मा ने भिन्न-भिन्न अपराधों के क्रम में 21 अप्रैल 2003 को गैंगस्टर के आरोप में एफआईआर लिखाई थी। इस मामले की विवेचक निरीक्षक किशन सिंह ने की थी।

### बाइक चोरी करने वाले को मिली सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चोरी के मामले में अभियुक्त बबलू को न्यायालय ने जेल में बिताई गई अवधि (28 दिन) व 2,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ मिश्र ने बताया कि सजा पाया अभियुक्त बब्लू पुत्र बलवंत है। यह बिलारी थाना क्षेत्र के मिलक नगरिया का रहने वाला है। इसके विरुद्ध 5 नवंबर 2015 को जिहारी माला निवासी शिव अवतार सक्सेना को एफआईआर दर्ज कराई थी। अभियुक्त श्मशान घाट पर बाइक चोरी का आरोपी था।

## मंदिर के पुजारी की हत्या के आरोप में दो अभियुक्त गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बुधवार रात हुई सनसनीखेज वारदात के 24 घंटे में ही पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें परमकीर्ति उर्फ संजय डांसर और कांति उर्फ बंटी हैं। ये दोनों थाना क्षेत्र में ही मोरा के रहने वाले हैं। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्तों ने पुजारी की हत्या करने का कारण सुल्फा (गांजा) पीने के बाद शराब के लिए सेवादारी के रुपये न देना बताया है।

इस मामले का पुलिस लाइन में खुलासा करते हुए एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि गिरफ्तार हुए दोनों अभियुक्त नशेड़ी हैं और इन लोगों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने बुधवार रात में पुरानी भटावली में रामगंगा नदी किनारे स्थित प्राचीन शिव मंदिर के पुजारी मुन्नालाल पुरी (65) की धारदार हथियार से निर्मम हत्या की है। एसएसपी ने कहा कि अभियुक्तों ने बताया है कि वे लोग मंदिर में पुजारी बाबा मुन्नालाल के पास काफी समय से आते-जाते हैं। पुजारी की सेवा करते थे। इसके बदले बाबा उन्हें सुल्फा, भांग का नशा करा देते थे और रुपये भी देते थे। 17 जनवरी की शाम हम दोनों (परमकीर्ति, कांति) बाबा के पास पहुंचे थे। मंदिर बंद होने के बाद बाबा सुल्फा पीने लगे थे। बाबा के कहने पर बंटी ने खिचड़ी बनाई और तीनों ने खाई। फिर बाबा और उन दोनों ने सुल्फा पिया। जाते समय रुपये मांगे तो बाबा ने मना कर दिया। इसी गुस्से में आकर उन दोनों ने कमरे में रखे चाकू से बाबा पर वार किये जिससे उनकी मौत हो गई। फिर दोनों ने चैनल खींचकर अंदर की तरफ से ताला लगा दिया और उसकी चाभी व चाकू लेकर भाग गए थे। चाकू-चाभी उन्होंने सैदपुर खादर रामगंगा पुल के पास झाड़ियों में फेंक दी थी।



पुलिस लाइन सभागार में हत्याकांड का खुलासा करते एसएसपी हेमराज मीना।

### धर्मानंद ने मुन्ना लाल को सौंपी थी मंदिर की बागडोर

बताया जा रहा है कि पुजारी मुन्ना लाल पुरी भटावली गांव से दूर रामगंगा किनारे स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आकर रहने लगे थे। ग्रामीणों का दावा है कि मंदिर करीब 200 साल पुराना है। जिस समय मुन्ना लाल पुरी आए थे, तब मुख्य पुजारी और महंत ठाकुरद्वारा के विजयपुर निवासी धर्मानंद थे। 2016 में धर्मानंद मंदिर की बागडोर अपने शिष्य मुन्ना लाल पुरी को सौंप कर चले गए थे। मंदिर में दिन में भटावली गांव और रामगंगा विहार, आशियाना समेत कई क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग पूजा पाठ करने जाते थे। रात में महंत मंदिर में अकेले ही रहते थे।

### कार्रवाई में शामिल टीम को मिला 10,000 का इनाम

एसएसपी ने पुजारी हत्याकांड का अतिशीघ्र खुलासा होने पर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर और थानाध्यक्ष सिविल लाइन राम प्रसाद शर्मा की सराहना की। इनके साथ लगे अन्य पुलिसकर्मियों में अगवानपुर चौकी इंचार्ज मेघराज सिंह, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार व नरेंद्र कुमार, कांस्टेबल विपिन कुमार, राज कुमार, मनोज कुमार, दीपक कुमार, सुधीर कुमार व वीरेंद्र कुमार का भी उत्साह बढ़ाकर पूरी टीम को 10,000 रुपये पुरस्कार देने की घोषणा भी की है।

### रात एक बजे हुआ पुजारी के शव का अंतिम संस्कार

पुजारी मुन्ना लाल पुरी के छोटे भाई रामनाथ ने उनके शव का पोस्टमार्टम होने के बाद गुरुवार रात के एक बजे अंतिम संस्कार मंदिर परिसर में ही किया। रामनाथ ने बताया कि भाई के शव को अग्नि उन्होंने दी है, इसलिए वह अभी तीन-चार दिन तक मंदिर परिसर में ही रुकेंगे। उनके साथ में पत्नी गुड्डी, बेटा बब्लू, बहन मुन्नी और बहनोई मुरारी के साथ ही उनके दो साढ़ू भी हैं।

**लापरवाही** — सड़क पर जहां तहां पड़े हैं तार व उपकरण, कार्यदायी संस्था की लापरवाही लोगों पर भारी

# लंबित कार्य से महानगर को स्मार्ट बनाने में अड़चन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर को स्मार्ट बनाने में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के कार्य की अड़चन बाधक बनी है। कहीं बिजली के खंभे तो कहीं सीढ़ी और क्रेन खड़ी होने से लोगों को परेशानी हो रही है।

दो दिन पहले स्मार्ट सिटी के कार्य में जुटे मजदूर को करंट लगने व झुलसने के बाद कार्यदायी संस्था रिलायंस इलेक्ट्रिक वर्क्स का कार्य ठप हो गया है। इसके बाद संस्था के प्रतिनिधियों और कर्मचारियों ने सड़क पर पड़े तारों और उपकरणों तक को नहीं हटाया। जिससे आवाजाही में लोगों को दिक्कत हो रही है। वहीं हादसे का खतरा भी बना है। बड़ी लापरवाही के बाद भी न तो बिजली विभाग और न ही उससे संबंधित कार्यदायी संस्था गंभीरता दिखा रही है। जबकि कई बार संस्था का अनुबंध समाप्त करने का निर्देश भी स्मार्ट सिटी के सीईओ संजय चौहान दे चुके हैं। बिजली विभाग के अधिकारी भी मामले में चुप्पी साधे हैं। जबकि महानगर में इस लापरवाही से दोपहिया व चार पहिया वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। तीन दिन पहले स्मार्ट सिटी का कार्य कर रहे चार मजदूर कार्य के दौरान शटडाउन के बाद भी आपूर्ति बहाल करने के चलते करंट से झुलस गए थे। चारों मजदूरों का इलाज चल रहा है। तभी से स्मार्ट कार्य ठप पड़ा है। दौलत बाग विद्युत केंद्र के क्षेत्र पुलिस लाइन के गेट पर बिजली के पोल से उतारे गए तार तीन बाद भी पहले की तरह जमीन पर पड़े है। मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया कि अभी कार्यदायी संस्था की ओर से काम करने को कोई शटडाउन प्लान नहीं आया है। ऐसे में कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर सत्येंद्र पांडे से कहकर सड़क पर पड़े तारों और उपकरणों को रास्ते से हटवाया जाएगा।




सिविल लाइन क्षेत्र में जमीन पर पड़े तार। ● अमृत विचार

## आजम खां को 24 को मिला अंतिम अवसर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** छजलैट केस में शुक्रवार को आजम खां पर चल रहे अवमानना के मामले में बहस नहीं हो पाई है। न्यायालय ने सुनवाई के लिए आजम खां को बहस के लिए अंतिम अवसर दिया है। इस मामले में 24 जनवरी को सुनवाई की तारीख तय की गई है। छजलैट प्रकरण में सुनवाई के दौरान अदालत की अवमानना मामले में सपा नेता आजम खां आरोपी हैं। मामले की सुनवाई लघुवाद न्यायाधीश की अदालत में चल रही है। विशेष लोक अभियोजक मोहन लाल विश्नोई ने बताया कि अवमानना से जुड़ा मामला अंतिम बहस में है, लेकिन अदालत में सुनवाई में उनके न आने पर अदालत में दो तारीखों पर बहस नहीं हो सकीं। शुक्रवार को फिर दोबारा पत्रावली पेश की गई थी। आजम खां के अधिवक्ता की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।




राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में उपस्थित छात्र व शिक्षक। ● अमृत विचार

## राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ग्राम मोरा मुस्तकम में चल रहे चित्रगुप्त इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का दूसरा दिन शुक्रवार को स्वच्छता एवं युवा दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ।

मुख्य वक्ता नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अंकित कुमार गौड़ ने कहा कि युवाओं की शक्ति देश के विकास और भविष्य के लिए अहम है। अध्यक्षता करते हुए कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि युवा नागरिक समाज संगठनों और सामाजिक उद्यमों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। संचालन विशेष कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान नरेंद्र सिंह राणा, लक्की गुप्ता, अमन, आशीष कुमार आदि रहे।

## एक नजर

### बिजली बिल जमा न करने पर 22 कनेक्शन काटे

**अमरोहा, अमृत विचार** : नगर में बड़े बकाएदार बिजली उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान चलाकर 22 कनेक्शन काटे और अन्य को नोटिस दिया है। शुक्रवार को अधिशासी अभियंता जीडी प्रजापति ने बताया कि विभाग ने बड़े बकायादारों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। शुक्रवार को 22 कनेक्शन काटे गए। अधिशासी अभियंता ने बताया कि इसके अलावा बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं नोटिस जारी कर कठोर कार्रवाई करने के चेतावनी दी।

### रेत से भरी तीन बुग्गी पकड़कर पुलिस को सौंपी

**हसनपुर, अमृत विचार** : शुक्रवार को नायब तहसीलदार रूपेश कुमार ने ग्राम करनपुर में बालू से भरी ग्राम गंगाचोली निवासी गोपी, रामचंद्र एवं गेंदा सहित तीन किसानों की बैल बुग्गी पकड़ी। कार्रवाई के दौरान कई ग्रामीण एकत्र हो गए और नायब तहसीलदार से नोकझोंक भी हुई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों बैल बुग्गी को लेकर कोतवाली आ गई। उसके बाद पुलिस ने किसानों को बुग्गी में लगे बैलों को ले जाने के लिए कहा।

# अपहरण में मुख्य दोषी को 20 और महिला को पांच साल कैद

## 10 साल पुराना है मामला, किशोरी को घर से ले गया था युवक

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : न्यायालय ने किशोरी के अपहरण में युवक को 20 साल और उसका साथ देने वाली महिला को पांच साल कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने दोनों दोषियों पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया।

थाना गजरौला क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले किसान की पत्नी का आरोप था कि पड़ोस में रहने वाली महिला शबाना की मदद से जनपद बिजनौर के शिवाला कलां थाना क्षेत्र के गांव मझौला निवासी शहजाद घर से उनकी 17 वर्षीय बेटी की अपहरण कर ले गया और शादी के इरादे से उसे बंधक बनाकर रखा। इस मामले में उनके साथ शमा व मुनीशा भी हैं। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस किशोरी को बरामद कर लिया था। बाद में चारों को गिरफ्तार कर उन्हे जेल भेजा था। बाद में आरोपियों को जमानत मिल गई थी। इस केस की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट) प्रथम डॉ. कपिला राघव की कोर्ट में चल रही थी। केस की सुनवाई के दौरान मुनीशा की मौत हो गई जबकि नाबालिग होने के कारण शमा की पत्रावली को अलग कर किशोर न्याय बोर्ड भेज दी गई। गुरुवार को कोर्ट में केस की आखिरी सुनवाई हुई थी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता बसंत सिंह सैनी ने पैरवी की थी। न्यायालय ने शहजाद व शबाना को दोषी करार दिया था। शुक्रवार को कोर्ट ने शहजाद को 20 साल और शबाना को पांच साल कारावास की सजा सुनाते हुए दोषियों पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। इस धनराशि से 30 हजार रुपये पीड़िता को देने का आदेश दिया।

### किसान पर जानलेवा हमले में सात साल की सजा

**अमरोहा, अमृत विचार** : डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई खालसा में किसान धीर सिंह का परिवार रहता है। बीते आठ साल पहले वारदात वाले दिन धीर सिंह अपने घर के पास खड़े हुए थे। गांव निवासी चंद्रहास व कलुआ ने धीर सिंह पर चाकू से हमला कर दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर उनको जेल भेज दिया था। जिसके बाद दोनों आरोपी जमानत लेकर जेल से बाहर आ गए थे। इस बीच केस की सुनवाई के दौरान एक आरोपी कलुआ की मौत हो गई। केस की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित द्वितीय स्वपन दीप सिंघल की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सर्वेश शर्मा ने पैरवी की। कोर्ट में चंद्रहास को दोषी मानते हुए उसे सात साल कारावास की सजा और उस पर 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

### पत्नी से विवाद में युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**गजरौला, अमृत विचार** : घरेलू विवाद के बाद पत्नी पड़ोसी के घर सोने चली गई तो पति ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह पति का शव उसके घर में फंदे से लटका मिला।



अमरोहा थाना देहात क्षेत्र के हैदरपुर गांव निवासी अंकित वर्मा गजरौला में काम करता था। वह पत्नी के साथ गजरौला के बसंत विहार में रहता था। अंकित का आए दिन पत्नी मीनाक्षी से विवाद होता था। गुरुवार रात भी झगड़ा हुआ था। जिसके बाद मीनाक्षी रात को पड़ोस के घर में सोने के लिए चली गई। शुक्रवार सुबह वह घर लौटी तो कमरे में फंदे से अंकित लटका था। लोगों ने युवक को फंदे से उतारा तथा सीएचसी ले गए। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल की, लेकिन परिजनों ने कार्रवाई से इनकार कर दिया और बिना पोस्टमार्टम के शव लेकर घर चले गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।



हसनपुर में बैठक करते व्यापारी संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# व्यापारियों ने पुलिस को दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, हसनपुर

- चोरी की तीन और मोबाइल छीनने की घटनाओं का खुलासा न होने से नाराज हैं व्यापारी

**अमृत विचार** : नगर में पांच दिनों में तीन दुकानों में चोरी एवं एक मोबाइल फोन लूट की घटना से व्यापारी और आमजन भयभीत हैं। व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात कर 20 जनवरी तक सभी घटनाओं के खुलासे के लिए समय दिया। कहा कि शनिवार तक घटनाओं का खुलासा नहीं होता है तो व्यापारी आंदोलन करेंगे।

सरकारी अस्पताल मार्ग स्थित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई जिला अध्यक्ष शिखर अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर नगर के सभी व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी की बैठक हुई। बैठक में चोरी के तीन मामलों का खुलासा न होने पर आंदोलन की रणनीति बनाई। बैठक में व्यापारियों ने कहा कि हम व्यापारी हितों के लिए कुछ भी कर सकते हैं। कहा कि पुलिस की निष्क्रियता से चोरी एवं लूट की वारदातें बढ़ी हैं। जिससे व्यापारी वर्ग भयभीत है। बैठक के बाद सभी व्यापारी कोतवाली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार से वार्ता की। इस दौरान व्यापारी नेताओं ने कहा कि अगर नगर में हुई तीनों चोरियों का खुलासा 20 जनवरी तक नहीं हुआ तो 23 जनवरी से व्यापारी आंदोलन करने को सड़क पर उतरेंगे। जिसकी पूर्ण जिम्मेवारी कोतवाली पुलिस की होगी। व्यापारी नेताओं ने क्षेत्राधिकारी को फोन मिलाकर वार्ता करनी चाहिए तो व्यापारियों का फोन रिसीव नहीं हो पाया। जिससे व्यापारियों में भारी रोष है। इस मौके पर मुकेश गुप्ता, मुकेश गोयल, अंकुर अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, संदीप गुप्ता, मोहित अग्रवाल, वेद प्रकाश यादव, मनोज गोयल, विवेक शर्मा, भारत लाल प्रजापति, तरुण अग्रवाल, विशाल दीप गुप्ता, सचिन गुप्ता, सुमित अग्रवाल, कुलदीप वैश्य, नरेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, अतुल अग्रवाल मौजूद रहे।

# इमाम नकी ने दिया इंसानियत का पैगाम

संवाददाता, सैदनगली



जश्न के दौरान कलाम पेश करते शायर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : मोहल्ला सादात के इमाम बारगाह दादे हिमायत अली में 10वें इमाम हजरत अली नकी की यौमे विलादत पर जश्न हुआ। जश्न का आगाज गुलाम सैय्यदेन ने हदीसे किसा की तिलावत से किया।

रियाजुल हसन बाकरी ने नाते रसूल पढ़ी। नाते नबी के बाद वफा हैदर, मोहम्मद अब्बास, गुलाम हैदर, मिसाल अब्बास, शबीह हैदर, जाफर अब्बास, मोहम्मद शुजा, सुहैल अब्बास, हैदर अब्बास आदि शायरों ने इमाम नकी की शान में कलाम पढ़े। अम्मार हैदर ने तकरीर में कहा कि 10वें इमाम की विलादत पांच रजब को मदीने में जुमे के दिन सुबह के वक्त हुई थी। इमाम का नाम अली है और मशहूर लकब नकी है। इमाम ने दुनिया को इंसानियत मोहब्बत आपसी मेलजोल एकता भाईचारे का पैगाम दिया। अम्मार ने मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ कराकर जश्न का समापन किया। इस मौके पर सरदार मेहंदी, हिलाल अब्बास, काशिफ मेहंदी, अदील हैदर, कायम मेहंदी, हाजी तनवीर अब्बास, रिजवान हैदर, मोहम्मद साकिब, जैगम अब्बास, अजादार हुसैन, सलमान हैदर शामिल रहे।

### मशीन बेचने के नाम पर कारोबारी से 18 लाख ठगे

**अमरोहा, अमृत विचार** : दो आरोपियों ने एक कारोबारी को मशीन बेचने के नाम पर उससे लाखों रुपये ले लिए, लेकिन पुरानी मशीनें दे दी। कोर्ट के आदेश पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के मोहल्ला अहमदगढ़ निवासी रविंद्र सैनी ने 2020 में बैग बनाने की फैक्ट्री शुरू की थी। उनकी मुलाकात गाजियाबाद के संजय शर्मा और राजकुमार निवासी गौतमबुद्ध नगर से हुई थी। रविंद्र सैनी ने संजय शर्मा को मशीनों के लिए 18 लाख रुपये दिए थे। आरोपियों ने पुरानी मशीन भेज दी थी। पीड़ित ने शिकायत पुलिस से की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। तब उसने कोर्ट की शरण ली। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर दोनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# रामलीला मंचन से पहले किया झंडा पूजन

संवाददाता, हसनपुर



झंडा पूजन में शामिल पालिका अध्यक्ष व अन्य लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : एक दिवसीय रामलीला मंचन से पहले हनुमान जी का झंडा पूजन किया। समिति के पदाधिकारियों ने पूजन के बाद हनुमान जी को सिंदूर चढ़ाया।

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर नगर में श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के तहत एक दिवसीय रामलीला का आयोजन वृंदावन के कलाकारों द्वारा होगा। रामलीला मंचन से पूर्व शुक्रवार को समिति के तत्वावधान में झंडा पूजन किया गया। झंडा पूजन में मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष राज्यपाल सैनी एवं विधायक के पुत्र देवेंद्र खड़गवंशी शामिल हुए। दोनों अतिथियों एवं समिति पदाधिकारियों ने पंडित दिनेश शास्त्री के निर्देशन में विधि विधान से पूजन किया। झंडा पूजन के बाद हनुमान जी को सिंदूर चढ़कर उनका भोग लगाया और प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, पुनीत अग्रवाल, गिरधारी लाल सैनी, वेद प्रकाश यादव, राजपाल प्रजापति, धर्मेंद्र रस्तोगी, रवि शंकर सैनी, पूरन सैनी, भूरे प्रजापति, लोकेश अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, चंदन प्रजापति, किशन लाल अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, मनोज गोयल, प्रेम सिंह प्रजापति, विनोद भोज, वीरपाल सिंह ठाकुर, दामोदर शर्मा, अजय पाल, विक्रम महंत शामिल रहे।

### दिल्ली की परेड में शामिल होंगे राम सिंह

**गजरौला, अमृत विचार** : रेडियो संग्रहालय बनाने वाले राम सिंह बौद्ध 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर दिल्ली की परेड में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय से उनके पास निमंत्रण पत्र पहुंचा है।

मोहल्ला नाईपुरा निवासी राम सिंह बौद्ध सालों से पुरानी वस्तुएं जमा कर संग्रहालय में संजो रहे हैं। सबसे ज्यादा उनके पास रेडियो की संख्या है। रेडियो के अलावा उनके पास पुराने टेलीविजन, टेलीफोन, सिक्के व कुछ पांडुलिपियां भी मौजूद हैं। 26 नवंबर को प्रधानमंत्री ने मन की बात में भी इसका जिक्र किया था। राम सिंह बौद्ध के मुताबिक उन्हें गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में होने वाली परेड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। पांच दिवसीय पूरे कार्यक्रम की सूचना उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय स्तर से दी गई है।

### न्यूनतम तापमान आठ डिग्री शीतलहर से बढ़ी कपकपी

**मंडी धनौरा, अमृत विचार** : कोहरे व धूप न निकलने से शीतलहर जारी है। इसके चलते आम जनजीवन प्रभावित है। धूप न निकलने से लगातार ठिठुरन बढ़ रही है। ठंड से लोग बेहाल है और इसका असर कारोबार पर भी दिखाई दे रहा है।

शुक्रवार को तापमान अधिकतम 11 डिग्री व न्यूनतम 8 डिग्री रहा। धूप न निकलने और तापमान में गिरावट के चलते वृद्धजनों व बच्चों का घर से निकलना मुश्किल है। रात में कोहरा और दिन में धूप न निकलने से ठंड के कारण हाल बेहाल है। लोग बाहर निकलते समय जगह-जगह रुककर अलाव का सहारा ले रहे हैं। ठंड का असर कारोबार व बस संचालन पर पड़ रहा है। ठंड के कारण बाजार शाम होते ही बंद हो रहे हैं और सुबह के समय देर से खुल रहे हैं। शीतलहर के चलते ठंड से कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है। सर्दी से आमजन के अलावा बेसहारा पशु भी परेशान है। ठंड के कारण गर्मी कपड़ों व बिजली के सामान हीटर आदि की खरीदारी में तेजी आई है। गर्म कपड़ों की दुकान पर खरीदारी के लिए भीड़ लग रही है।



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी। ● अमृत विचार





लाभार्थी को प्रमाणपत्र देते ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी व अन्य। ● अमृत विचार

# विधायक ने सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

संवाददाता, हसनपुर

- ग्राम बागड़पुर मुन्जफ्ता में पहुंची संकल्प यात्रा
- ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने को कहा

**अमृत विचार** : विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया।

शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा तहसील क्षेत्र के ग्राम बागड़पुर मुन्जफ्ता पहुंची। कार्यक्रम में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी का अधिकारी एवं ग्रामीणों ने माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य योजनाओं के विषय में बताया। विधायक ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने को भी कहा। कार्यक्रम के अंत में लाभार्थियों को विधायक एवं अधिकारियों ने प्रमाण पत्र दिए। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, सतपाल सिंह, यशपाल सिंह, रतन सिंह, वेद राम सिंह, हेमराज सिंह, चंद्रपाल सिंह, कलुआ जाटव, जगदीश, ओमवीर, कुलदीप रहे।

### ब्लॉक प्रमुख ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए

**रहरा, अमृत विचार** : शुक्रवार को गंगेश्वरी के ग्राम छपना में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़कवंशी रहे। कार्यक्रम में उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि चंद्रपाल खड़कवंशी, पूर्व प्रधान मदन पाल शर्मा, ग्राम प्रधान खूबी सिंह, आपूर्ति निरीक्षक वेद प्रकाश अग्रवाल, जयपाल सिंह, एडीओ पंचायत राजेंद्र सिंह, देवराज सिंह, चरण सिंह, जयकरण सिंह, मदन लाल शर्मा, दीपक भगत समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# घने कोहरे के कारण वाहन चालकों को हुई परेशानी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार** : शुक्रवार को मौसम के तेवर तल्ख रहे। घने कोहरे से यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई। कोहरे में ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची। जिससे यात्रियों को भी दिक्कत हुई। पूरे दिन कोहरा छाने से लोगों को आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ी।

दृश्यता कम होने से हाईवे पर वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर निकलना पड़ा। शाम आसमान में घना कोहरा और गलन बढ़ती देख लोग घरों में जा दुबके। ठिठुरन से बेहाल हर कोई अलाव के आसपास सिमटा दिखा। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार पहाड़ों पर बर्फबारी होने के बाद वहां से आ रही हवा के कारण ठंड बढ़ी है। शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रहा।

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.

RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में



अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !

परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक

हेल्पलाइन नं० 6398018900

उपलब्ध सुविधायें :-
- नि:सन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
- इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
- उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

सुरक्षा | त्रिवेणी शुगर मिल चंदनपुर में हुआ सड़क सुरक्षा कार्यक्रम

# गन्ना लदे वाहनों में लगाए रिफ्लेक्टर व लाल कपड़ा

संवाददाता, रहरा



त्रिवेणी चीनी मिल में वाहन के पीछे रिफ्लेक्टर व लाल कपड़ा लगाते अधिकारी।

- चीनी मिल यार्ड में किसानों को भी जागरूक किया
- किसानों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई

**अमृत विचार** : त्रिवेणी शुगर मिल चन्दनपुर में सड़क सुरक्षा के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम परिवहन विभाग के तत्वावधान में हुआ।

कार्यक्रम का संचालन चीनी मिल के उप महाप्रबंधक उत्पादन विपिन मिश्रा ने किया। चीनी मिल के उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा ने सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी महेश कुमार शर्मा का स्वागत किया। सर्वप्रथम सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य अनिल कुमार जग्गा ने बताया कि सड़क यातायात नियमों का पालन करना तथा सभी वाहनों को चलाने के लिये वैध लाइसेंस, बीमा, प्रदूषण आदि दस्तावेज होने आवश्यक हैं। बताया कि बीमा कराते समय थर्ड पार्टी बीमा में भी 815 रुपये की अतिरिक्त राशि में चालक को भी बीमित करा लें, ताकि वह 15 लाख रुपये तक के बीमा रूपी कवच से सुरक्षित हो जाये।

सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी महेश कुमार शर्मा ने कहा कि यातायात के नियमों का शत प्रतिशत पालन करना चाहिए और दुर्घटना से बचना चाहिए।

यदि कोई दुर्घटना हो जाती है तो सर्वप्रथम उस घायल को अस्पताल पहुंचाना सर्वोपरि है। इस प्रकार आप किसी की जान बचा सकते हैं।

चीनी मिल उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन सभी को करना चाहिए। अन्त में अनिल कुमार जग्गा ने सभी आगन्तुकों को यातायात नियमों का शत प्रतिशत पालन करने के लिए शपथ दिलवाई। इस दौरान चीनी मिल यार्ड में जाकर किसानों से यातायात नियमों की वार्ता की और किसानों द्वारा लाये गये गन्ना लदे वाहनों में रिफलेक्टर टेप व लाल कपड़ा लगाया गया।

### 22 जनवरी को बंद रहेंगी शराब व मांस की दुकानें

**अमरोहा, अमृत विचार** : 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन जनपद में शराब और मांस की दुकानों को बंद करने का आदेश जारी किया है।

शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का उद्घाटन होगा। जिसको लेकर प्रदेश में अभी से तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि शासन ने 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। जिसके चलते जनपद में भी इस दिन अवकाश रहेगा। इसके अलावा 22 जनवरी को जनपद में कोई भी मांस और शराब की दुकान नहीं खोली जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन अगर कोई भी नियमों का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उनका कहना है कि इस आदेश का सख्ती के साथ पालन कराया जाएगा।

## एक नजर


नृत्य करते एबीसी मांटेसरी स्कूल के बच्चे।

### बच्चों ने धार्मिक गीतों पर नृत्य कर मोहा मन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में शुक्रवार को प्रभु श्रीराम के आगमन का उत्सव मनाया गया। बच्चों ने धार्मिक गीतों पर नृत्य कर मनमोह लिया। संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि कार्तिक अमावस्या को भगवान श्रीराम अपना चौदह वर्ष का वनवास पूरा करके अयोध्या लौटे थे। जब प्रभु श्रीराम अयोध्या लौटे तो सभी शहरवासी उनके आगमन के लिए उमड़ पड़े थे। भगवान के आगमन पर घी के दिए भी जलाए गए थे। इस अवसर पर शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

### एक फरवरी से बहजोई में होंगे डीएम कोर्ट के कार्य

**संभल अमृत विचार :** शासन द्वारा नवसृजित जिला संभल का मुख्यालय बहजोई अधिसूचित किए जाने को लेकर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने आदेश जारी किया है। कहा है कि जिलाधिकारी के न्यायालय के समस्त कार्यों का संपादन बहजोई स्थित जिलाधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय बहजोई में एक फरवरी से किया जाएगा। इस संबंध में जिला प्रशासन ने वादकारियों और अधिवक्ताओं को सूचना भेज दी है।

### 26 जनवरी को तिरंगा यात्रा निकालेगी भाकियू

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश प्रमुख महासचिव व प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि भाकियू टिकैत का चिंतन शिविर 14 से 18 जनवरी तक प्रयागराज में संपन्न हुआ था। जिसमें राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कई घोषणाएं की थीं। जिसमें प्रमुख रूप से 26 जनवरी को तहसील स्तरीय ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जबकि 16 फरवरी को भारत बंद कार्यक्रम में किसान भी बढ़-चढ़कर योगदान करेंगे। 14 मार्च को सरकार की वादाखिलाफी को लेकर जंतर-मंतर पर महापंचायत आयोजित की जाएगी।

# हत्या के मुकदमें में दोषी को उम्र कैद, जुर्माना लगाया

## पांच सितंबर 2017 को अवैध संबधों के चलते हुई थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** अदालत ने हत्या के मामले में एक आरोपी को आजीवन कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। यह हत्याकांड थाना बहजोई क्षेत्र के गांव केसोपुर रसेटा में पांच सितंबर 2017 में अवैध संबन्धों के चलते हुआ था।

थाना बहजोई क्षेत्र के गांव केसोपुर रसेटा निवासी ओमप्रकाश पुत्र कल्लू की गांव में परचून की है। दुकान के सामने ही एक कोठरी में उसका छोटा भाई भोले पुत्र कल्लू रहता था। भोले के गांव की एक महिला से अवैध संबन्ध हो गए थे। जिस पर भूरा पुत्र टीकाराम निवासी गांव नदेली थाना इस्लामनगर जनपद बदायूं भोले को महिला से संबंध बनाने के लिए



▸▸ जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था मुकदमा

मना करता था। इसके चलते पांच सितंबर 2017 को भूरा ने लोहे की रॉड से भोले को मारा था। सिर पर वार होने से भोले की मौत हो गई। इस मामले में थाना पुलिस ने मृतक के बड़े भाई ओमप्रकाश की ओर से मुकदमा अपराध संख्या 628/17 धारा 302 आईपीसी के तहत भूरा पुत्र टीकाराम निवासी गांव नदेली थाना इस्लामनगर जनपद बदायूं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ साक्ष्य जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। मुकदमा न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद संभल स्थित चन्दौसी की अदालत में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राहुल दीक्षित ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं। शुक्रवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए जिला न्यायाधीश कमलेश कुच्छल ने अभियुक्त भूरा को धारा 302 में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 5,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मामले में जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राहुल दीक्षित, कोर्ट मोहर्रिर मुख्य आरक्षी अर्जुन सिंह, न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी रविंद्र सिंह व आरक्षी मोनू कुमार थाना बहजोई का योगदान रहा।

# दंपती में मकान के रुपयों के लेकर विवाद, पति फरार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लोधियान में मकान के रुपयों के विवाद को लेकर दंपती में टकराव हो गया। विवाद बढ़ने पर पति फरार हो गया और महिला के परिजनों ने उसके साथी को पकड़ पुलिस को सौंप दिया। बताया जाता है कि आरोपी ने अपनी पत्नी का मकान बेच दिया तथा उसे रुपये नहीं दिए। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के मायूर विहार निवासी ममता रानी का विवाह मुरादाबाद जनपद के थाना बिलारी निवासी एक युवक के साथ हुआ था। महिला का एक मकान घटलेश्वर गेट में है। 14 मई 2023 को मकान 20 लाख रुपये का बिका था। महिला का आरोप है कि उसके पति ने मकान बिकने के बाद उसे एक लाख रुपये दिए और कहा कि बाकी रुपये कुछ दिन बाद मिलेंगे। मगर इसके बाद बाकी के 19 लाख रुपये पति ने नहीं दिए और बाकी शेष रकम के चेक


पति से विवाद के बाद महिला से पूछताछ करती पुलिस।

दे दिए। जो बैंक में बाउंस हो गए। इसके बाद पति-पत्नी अलग हो गए और महिला ने न्यायालय में पति के विरुद्ध वाद दायर कर दिया। शुक्रवार की दोपहर महिला घटलेश्वर गेट स्थित अपने भाई के घर जा रही थी। तभी रास्ते में उसका पति अपने साथी व्यक्ति के साथ मिल गया। महिला व उसके पति के बीच कहा-सुनी होने लगी। विवाद बढ़ने पर आसपास के लोग भी एकत्र होने लगे। तभी मौका पाकर महिला का पति फरार हो गया। लोगों ने पति के साथी को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस ने किया भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर संभल में पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। शुक्रवार को सीओ की अगुवाई में पुलिस ने गाड़ियों और बाइकों से भ्रमण किया। पुलिस ने लोगों से संवाद करते हुए शांति बनाये रखने की अपील की।

सीओ अनुज कुमार चौधरी की अगुवाई में इंस्पेक्टर पवन कुमार और पुलिस बल ने गाड़ियों एवं बाइकों से शुक्रवार को शंकर इंटर कॉलेज चौराहा से भ्रमण शुरू किया। पुलिस ने एजेंटी तिराहा, आर्य समाज, सर्राफा बाजार, टंडन तिराहा, जामा मस्जिद मार्ग, एकता पुलिस चौकी, चौधरी सराय, हल्लू सराय के बाद चंदौसी चौराहा तक भ्रमण किया। इस बीच श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर आमजन से संवाद किया। कहा गया कि लोग शांति व्यवस्था बनाए रखें। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दिया जाए। लोगों की सुरक्षा में पुलिस मुस्तैद है।

### पूर्व जिला महासचिव के निधन पर परिजनों को सौंपा संवेदना पत्र

**चन्दौसी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा भेजे गए शोक संवेदना पत्र को कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शर्मा ने मोहल्ला चुन्नी संजय बस्ती पहुंच कर पूर्व जिला महासचिव व वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं उनके परिवार को सौंपा गया। जिला अध्यक्ष विजय शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा गहरा शोक व्यक्त किया गया। कहा कि महेंद्र पाल वाल्मीकि द्वारा कांग्रेस पार्टी को दिए गए योगदान के लिए पार्टी हमेशा आभारी रहेगी एवं उनके परिवार के साथ हमेशा खड़ी नजर आएगी।


पालिका कार्यालय में कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

# योजनाओं का लाभ देना चाहती है सरकार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ मगर जानकारी के अभाव में लोग योजनाओं का लाभ नहीं कर पा रहे

**अमृत विचारः** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर पालिका परिषद के अस्थायी कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी जनता को दी गई।

मुख्य अतिथि बनियाखेड़ा ब्लाक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह मौजूद रहीं। बताया गया कि सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, जिसकी सहायता से अनेक लोग लाभ प्राप्त कर रहे हैं। क्योंकि सरकार हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देना चाहती है। मगर जानकारी के अभाव में लोग योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी आरके भार्गव, भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, मनोज कठेरिया, राजकुमार यादव, सतीश अरोरा, शुभम राघव, सभासद तरुण कुमार, मनोज कुमार, अमन कोरी, नवकांत शर्मा, सचिन रस्तोगी, शाहबाद खान, जिबरान अली, अनुज कुमार, ऋषभ कुमार, प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, प्रभाकर गुप्ता, चंद्रमोहन, अंशुल गुप्ता, लवित वार्ष्णेय, आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


संगोष्ठी में विचार व्यक्त करती छात्रा व मंचासीन शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

### समाजशास्त्र के संस्थापक के जीवन पर प्रकाश डाला

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज में शुक्रवार को समाजशास्त्र विभाग के द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्या प्रोफेसर अर्चना कुमारी शिक्षा विभाग ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर के किया। इसके साथ ही समाजशास्त्र के संस्थापक अगस्त काम्टे की छाया प्रति के समक्ष पुष्प अर्पित किए और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। समाजशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ. बबिता ने बैच लगाकर कार्यवाहक प्राचार्य को सम्मानित किया। संगोष्ठी में महाविद्यालय की छात्राएं यशी सिंह, सृष्टि माथुर, गौरी भारती, यसी उपाध्याय ने काम्टे का समाजशास्त्र में योगदान पर प्रकाश डाला। समाजशास्त्र विभाग की सदस्य डॉ. शीतल ने छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया एवं विषय की उपयोगिता के बारे में बताया। छात्राओं ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. रीता सिंह, डॉ. आरती ओझा, डॉ. कविता महाली, डॉ. सुनीता उपाध्याय, डॉ. प्रीति चौधरी, हेमलता, डॉ. प्रीति देवी, विवाह सिंह, सोनम आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।


वाहनों पर भगवा झंडा लगाते व्यापारी। ● अमृत विचार

### व्यापारियों ने वाहनों पर लगाए भगवा झंडे

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शुक्रवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री प्रभात कृष्णा के नेतृत्व में कैथल गेट पर दुपहिया एवं तीन पहिया वाहनों पर भगवा ध्वज लगाए गए। यह अभियान 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा दिवस तक जारी रहेगा। युवा नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि नगर भ्रमण करके 501 झंडे लगाने का लक्ष्य व्यापार मंडल का रहेगा। ताकि चन्दौसी नगरी राममय हो जाये। डॉ. टीएस पाल ने कहा कि हम सभी सनातनियों का सौभाग्य है कि वर्षों से प्रतीक्षारत भव्य राम मन्दिर निर्माण के साक्षी होंगे। इस दौरान श्री राम के जयकारे भी गूंजते रहे। इस अवसर पर अतुल कश्यप, तुषार वार्ष्णेय, आशीष वार्ष्णेय, निशांत शर्मा, मधुप, सोनू कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने मंदिर में सफाई कर लगाए भगवा झंडे

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बनियाठेर के गांव गुमथल के शिव मंदिर पर सफाई अभियान चलाया गया। गांव गुमथल में रामलीला ग्राउंड में बने शिव मंदिर पर शुक्रवार को ग्रामीणों ने साफ-सफाई की। झाड़ु लगाकर मंदिर परिसर में सफाई व धुलाई की और मंदिर परिसर में पानी का छिड़काव किया। मंदिर के चारों तरफ भगवा रंग के झंडे भी लगाए। साथ प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को सुबह से ही मंदिर में पूरे विधि विधान के अनुसार हवन पूजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर राजू पासी, त्रिलोकचंद, दीनदयाल पासी, राकेश दिवाकर, लालाराम मौर्य, मुरारीलाल पासी, श्याम करण कश्यप, मोनू वाल्मीकि, गोपाल कश्यप, सीताराम पासी आदि उपस्थित रहे।


चामुंडा मंदिर में सफाई करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव व भाजपाई।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने मंदिर में चलाया सफाई अभियान

**कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** शुक्रवार को गांव कुढ़फतेहगढ़ में स्थित चामुंडा देवी मंदिर परिसर में भाजपाईयों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। सम्पूर्ण देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 22 जनवरी तक देश के सभी मंदिरों को साफ सफाई कर स्वच्छ रखने का अभियान चलाया गया है। जिसके तहत शुक्रवार को कुढ़फतेहगढ़ स्थित चामुंडा देवी मंदिर की भाजपाइयों द्वारा साफ सफाई की गई। सफाई अभियान में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह, ग्राम प्रधान पति हरवीर सिंह उर्फ पप्पू यादव, प्रदीप चौहान, राजेंद्र सिंह, नीशू यादव आदि शामिल रहे।

### चीनी मिल में वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

**संभल अमृत विचार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता ने डीएसएम (चीनी मिल) असमोली का निरीक्षण किया। जिन वाहनों पर रिफ्लेक्टर नहीं लगे थे उन पर रिफ्लेक्टर लगवाए। चालकों को गन्ने से लदे वाहनों के पीछे चमकीला कपड़ा लगाकर ही संचालन करने के निर्देश दिए। वहीं वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान भी चलाया गया।

# 22 को घरों और प्रतिष्ठानों पर लहराएगा भगवा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस दिन देश भर में धार्मिक आयोजन होंगे और हर घर दीयों को रोशन कर दिवाली मनाई जाएगी। उत्सव को सिर्फ दो दिन रह गए हैं। विभिन्न संगठनों ने तैयारियों को अंतिम रुप देना शुरू कर दिया है। शहर में घरों और प्रतिष्ठानों पर ओम और प्रभु श्री राम का भगवान झंडा लहराएगा।

घरों व प्रतिष्ठानों पर भगवा झंडा लहराने के लिए तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। नगर के ब्रह्म बाजार निवासी भाजपा नेता कपिल गुप्ता की पत्नी दीपमाला वार्ष्णेय के नेतृत्व में अक्रूरजी पुरम में ओम लिखे 3500 भगवा झंडे तैयार किए जा रहे हैं।

जिन्हें तैयार करने में पारुल अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, मनीषा वार्ष्णेय, राकेश कुमारी, अंजलि वार्ष्णेय, करुणा वार्ष्णेय आदि महिलाएं तैयारी में जुटी हैं। कपिल गुप्ता ने बताया कि 22 जनवरी को घरों व प्रतिष्ठानों पर भगवा झंडें लगाए जाएंगे।


अक्रूरजी पुरम में भगवा झंडे तैयार करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

▸▸ भगवा झंडे तैयार कर रही महिलाएं
▸▸ तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है
▸▸ मंदिर मार्ग पर 30 हजार भगवा गुब्बारे लगाए जाएंगे

ब्रह्म बाजार स्थित श्री ब्रह्म देव मंदिर से रामबाग रोड अक्रूरजी पुरम स्थित नवनिर्मित मंदिर तक रास्ते को गुब्बारों से सजाया जाएगा। 30 हजार भगवा गुब्बारे लगाए जाएंगे। 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अक्रूरजी पुरम स्थित मंदिर की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी और भंडारे का आयोजन होगा। 21 जनवरी को बदायूं रोड स्थित ओएलएफ से नगर कीर्तन यात्रा निकाली जाएगी। तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है।

### मानव कल्याण समिति ने घर-घर बांटे मिट्टी दीये व बाती

चन्दौसी, अमृत विचार : भारतीय मानव कल्याण समिति ने अयोध्या धाम में 22 जनवरी को होने जा रही श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में घर-घर भव्य दीपोत्सव मनाने के लिए रामभक्तों को जागरूक किया और मंदिरों में भजन-कीर्तन के साथ ऐतिहासिक दिवाली मनाने का आह्वान किया। समिति के प्रबन्धक डॉ. टीएस पाल ने बताया घर-घर जनसंपर्क अभियान के तीसरे दिन खुर्जा गेट स्थित डॉ. आंबेडकर पार्क से खुर्जा गेट एवं लोधियान मोहल्ला के 110 परिवारों में 11 मिट्टी के दीये, बाती एवं राममन्दिर का चित्र उपलब्ध कराया। अब तक समिति तीन दिन में 320 परिवारों तक दीये पहुंचा चुकी है। 22 जनवरी को दीप जलाने के लिए समिति कार्यालय से निशुल्क दीये प्राप्त कर सकते हैं। जनसंपर्क में प्रचारक राजकुमार, दिलीप गोयल, दीपक कुमार, राजेश पाल, डॉ. चरन सिंह, नरेंद्र शर्मा आदि रहे।


संभल से अयोध्या के लिए रवाना होते बाल योगी दीनानाथ। ● अमृत विचार

# श्रीराम मंदिर उत्सव में भाग लेने अयोध्या रवाना हुए बाल योगी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का निमंत्रण मिलने पर क्षेमनाथ तीर्थ के बाल योगी दीनानाथ और श्रद्धालु रवाना हो गए। लोगों ने महंत को फूल मालाएं पहनाकर रवाना किया।

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में शामिल होने के लिए क्षेमनाथ तीर्थ के बाल योगी दीनानाथ को निमंत्रण मिला है। शुक्रवार को बाल योगी दीनानाथ को लोगों ने शंकर कॉलेज चौराहा पर स्थित तुलसी मानस मंदिर पर फूल माला पहनाई। बाल योगी दीनानाथ के साथ शहजादी सराय के रवि सैनी, कोट पूर्वी के दो लोग रवाना किया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ एनएसएस शिविर का समापन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के गांव गुमथल में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन शुक्रवार को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ किया गया। स्वयंसेवकों ने विभिन्न नाटकों और गीतों के माध्यम से जनजागरण का कार्य किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनियाखेड़ा ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगन्धा सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्हें समाज के निर्बल वर्ग की सेवा में जुटने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में सतीश अरोरा, मनोज कठेरिया, अंकुर अग्रवाल, कृष्ण कुमार, प्रमोद कुमार, रतन कुमार, अशोक कुमार, राजकुमार यादव, शुभम अग्रवाल, आलोक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत मे कार्यक्रम अधिकारी शरद शर्मा ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। अध्यक्षता विनीत अग्रवाल ने तथा संचालन अभय कुमार ने किया।

### फसल की सिंचाई करने गए युवक का फंदे पर मिला शव

**बदायूं, अमृत विचार :** खेत पर फसल की सिंचाई करने गए युवक का शव नीम के पेड़ पर फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फॉरेंसिक टीम ने नमूना लिए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग के कारण मौत होने की पुष्टि हुई है। परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाए हैं। थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव नगला सालार निवासी अग्रपाल (28) पुत्र बालिस्टर खेती करते थे। गुरुवार देर शाम वह फसल की सिंचाई करने के लिए खेत पर गए थे लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजन उनकी तलाश में रात लगभग एक बजे खेत पर पहुंचे। पेड़ पर रस्सी से लटका अग्रपाल का शव दिखा। परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

# कम वसूली को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को लगाई फटकार

संवाददाता, बहजोई

▸▸ अधिकारियों से विभाग वार राजस्व प्राप्ति की जानकारी ली
▸▸ आबकारी को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कर करेत्तर, राजस्व कार्यों, चकबंदी एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक की। कम वसूली होने पर डीएम ने अधिकारियों को फटकार लगाई। शत प्रतिशत वसूली करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जिला स्तरीय अधिकारियों से विभाग वार राजस्व प्राप्ति की जानकारी ली। जिसमें आबकारी व जीएसटी विभाग को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति के निर्देश दिए। वाहन कर की राजस्व प्राप्ति, व्यापार कर, विद्युत वसूली आदि की आरसी वसूली को लेकर जानकारी की तो आरसी के मुताबिक कम वसूली को अधिकारियों को फटकार लगाई। शत प्रतिशत वसूली करने के निर्देश दिए। खनन विभाग से खनन पट्टों की निरीक्षण आख्या पर क्या कार्रवाई की गई है, इस बारे में जानकारी ली। जिसमें जिला खनन अधिकारी ने बताया कि जिन लोगों ने क्षमता से अधिक मिट्टी का खनन किया है उनके खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। डीएम ने सीडीएस की रिपोर्ट को लेकर नाराजगी व्यक्ति की। कहा कि जनपद के संभल, बहजोई, बबराला, गुन्नौर, चंदौसी इत्यादि शहरों में एक किलोमीटर के रेडियस में बदरपुर बजरी के जो कारोबारी हैं उन्हें निर्देशित किया जाए कि दुकान के आगे अनावश्यक रूप से अतिक्रमण न करें। अगर ऐसा कहीं संज्ञान में आता है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। सभी एसडीएम को अवैध रूप से चल रहे भट्ठों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वाणिज्य कर विभाग से छापेमारी की कार्रवाइयों के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं निर्देशित किया।

डीएम ने जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि जनपद में कितनी दुकानों को चेक किया गया है और क्या कार्रवाई की गई है उस बारे में अवगत कराएं। जनपद में ओवर रेट बिकने वाली शराब को भी चेक किया जाए। डीएम ने सभी अधिकारियों से कहा कि बैठक में जो निर्देश दिए गए हैं उनकी अनुपालन आख्या उनके कार्यालय को दी जाए।

इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम गुन्नौर रमेश बाबू, चंदौसी संदीप कुमार वर्मा, डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार मिश्रा, नीतू कुमारी, वंदना मिश्रा, तहसीलदार और नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान व सचिव पर कार्रवाई को लिखा पत्र

**बहजोई, अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिव द्वारा कार्यभार नहीं ग्रहण करने तथा उनकी ग्राम पंचायत फरीदपुर खुशहाल में निराश्रित पशुओं को संरक्षित नहीं किए जाने को लेकर कार्रवाई की चेतावनी दी। साथ ही, प्रधान व सचिव के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीपीआरओ को पत्र लिखा है।

बहजोई विकास खंड में पंचायत सचिव शुभम यादव की नई नियुक्ति हुई थी। उन्हें नाधौस क्लस्टर की ग्राम पंचायत आवंटित हुई थी। ग्राम पंचायत आवंटित होने के बाद उन्होंने ग्राम पंचायत का कार्यभार ग्रहण नहीं किया। खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर साप्ताहिक बैठक में भी वह उपस्थित नहीं हुए। वहीं उनके तैनाती ग्राम पंचायत फरीदपुर खुशहाल में ग्राम प्रधान अमरावती व पंचायत सचिव शिवम यादव द्वारा निराश्रित पशुओं को संरक्षित करने के लिए कोई कार्य नहीं किया गया।

**खोया-पाया**

मेरा एक थैला जिसमें मेरी सम्पत्ति का मूल बयनामा सं0 2703/07-03-2000 व अन्य कागज थे, खुशहालपुर रोड, मुरादाबाद क्षेत्र में वास्तव में कहीं गिर गया है। सन्तोष पत्नी श्री ओमपाल सिंह स्थाई निवासी सेवापुर, पदारथपुर तह0 व जि0 सम्भल हाल निवासी बैंक कालोनी, शाहपुर तिगरी, मुरादाबाद।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैने व मेरे परिवार ने अपने पुत्र इमरान हुसैन व उसकी पत्नी साबिया फात्मा व बच्चा अजलान को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है एवं सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में अपने कृत्यों के यह स्वयं जिम्मेदार होगें। अबरार हुसैन पुत्र श्री छोटे निवासी मौ0 ठाकुरान इमामबाड़ा के निकट बिलारी, जि0 मुरादाबाद।

**नाम परिवर्तन**

पहले मेरी पुत्री का नाम FATMA था अब मैने बदलकर FTIMA HUSAIN पुत्री नरगिस बेगम निवासी निकट आरटीओ ऑफिस अजीतपुर रामपुर रख लिया है भविष्य मैं मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**खोया-पाया**

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2020 की अंकतालिका सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक 0724272 वास्तव में कहीं खो गयी है। आयुषी शर्मा पुत्री राजेश कुमार निवासी आगापुर रोड, ज्वालानगर, रामपुर (उ0प्र0) मो0 9368929099

**नाम परिवर्तन**

पहले मेरा नाम NARGIS था अब मैने बदलकर NARGIS BEGUM पत्नी सुजात हुसैन निवासी निकट आरटीओ ऑफिस अजीतपुर रामपुर रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**खोया-पाया**

मेरा एक थैला जिसमें सम्पत्ति का मूल बैनामा दि0 29/03/2006 क्रम सं0 2959 था जो कादम हुसैन ने श्रीपाल पुत्र रमेश सिंह के पक्ष में निष्पादित किया गया था व अन्य कुछ जरूरी कागज थे वास्तव में कहीं खो गया है। डोली देवी पत्नी शेरपाल सिंह निवासी ग्रा0 आजाद नगर, एकता कालोनी मंडी समिति थाना मझोला, मुरादाबाद

अर्थम् महान्तमासाद्य विद्यामैश्वर्यमेव वा।
विचरत्यसमुन्नद्धो य : स पंडित उच्यते ॥

जो व्यक्ति विपुल धन–संपत्ति, ज्ञान, ऐश्वर्य, श्री इत्यादि को पाकर भी अहंकार नहीं करता, वह ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# शैक्षिक ढांचे पर सवाल

बच्चों की बुनियादी साक्षरता के स्तर में बड़ी गिरावट हमारे शैक्षिक ढांचे पर सवालिया निशान है। संख्यात्मक कौशल की तुलना में उनकी पढ़ने की क्षमता बहुत तेजी से खराब हो रही है। शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट 2023 (एएसईआर) से पता चलता है कि देश के सरकारी स्कूलों में 56 प्रतिशत किशोर गणित की सामान्य प्रक्रियाएं नहीं कर पाते। करीब 25 प्रतिशत छात्र क्षेत्रीय भाषा में कक्षा-दो का पाठ भी धाराप्रवाह ढंग से नहीं पढ़ पाते। यह एक राष्ट्रीय स्तर का घरेलू सर्वेक्षण है। रिपोर्ट के लिए 26 राज्यों के 28 जिलों में 14-18 आयुवर्ग के 34745 बच्चों पर सर्वे किया गया। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के दो ग्रामीण जिलों व अन्य सभी प्रमुख राज्यों के कम से कम एक ग्रामीण जिले में सर्वे किया गया। यह ग्रामीण भारत में बच्चों की स्कूली शिक्षा और सीखने की स्थिति पर रिपोर्ट तैयार करता है। रिपोर्ट के मुताबिक 14-18 आयु वर्ग के ग्रामीण बच्चों के बीच कला/मानविकी विषय पहली पसंद है। इस स्ट्रीम में 11वीं कक्षा या उससे अधिक के 55.7 प्रतिशत छात्र नामांकित हैं। इसके बाद एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) में 31.7 प्रतिशत और वाणिज्य में 9.4 प्रतिशत हैं। एएसईआर में बताया गया है कि लड़कियों की तुलना में बड़ी संख्या में लड़के कक्षा 12 के बाद पढ़ना नहीं चाहते। रिपोर्ट के नतीजे किशोरों के बीच कौशल की भारी कमी की ओर इशारा करते हैं, उनमें से कई लोग नौकरी बाजार में प्रवेश करने से केवल कुछ ही साल दूर हैं।

विडंबना है कि पचास फीसदी से अधिक किशोर-किशोरी गणित की सामान्य जोड़-घटाव की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाते, लेकिन स्मार्टफोन की जटिल प्रक्रिया के संचालन में दक्ष हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही कही जाएगी कि मोबाइल की लत नई पीढ़ी के बच्चों की वह एकाग्रता भंग कर रही है जो उन्हें निरंतर पढ़ाई के लिए चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां लगभग एक चौथाई लड़कों ने शिक्षा छोड़ने के लिए 'रुचि की कमी', वहीं लगभग 20 प्रतिशत लड़कियों ने इसके लिए 'पारिवारिक बाधाएं' को जिम्मेदार ठहराया है। आमतौर पर पढ़ाई छोड़ने के अन्य कारणों में 'वित्तीय बाधाएं' और परीक्षा में 'असफलता' शामिल हैं। वास्तव में वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट के नतीजे विचलित करने वाले हैं। हालात निराशाजनक नहीं बल्कि चुनौतीपूर्ण हैं। निष्कर्ष बताते हैं कि आने वाले भारत का भविष्य कैसा होगा? सरकार, समाज और अभिभावकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चों को अच्छी स्कूली शिक्षा मिले। प्राथमिक विद्यालय स्तर पर बच्चों की बुनियादी पढ़ाई और गणित की शिक्षा में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। इस संकट के सभी पहलुओं पर विचार किया जाना चाहिए।

# जन्मभूमि विवाद की न्यायिक यात्रा के प्रमुख गवाह



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

सर्वाधिक 44 गवाह सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के मुकदमा 4 में वादी और प्रतिवादी पक्षों से पेश हुए थे। इसमें वादी सेंट्रल सुन्नी वक्फ बोर्ड व अन्य मुस्लिम पक्षकारों की ओर से बाबरी मस्जिद के समर्थन में 32 लोगों ने गवाही दी थी जिसमें 11 हिंदू समुदाय से थे।

भव्य-दिव्य श्री राम जन्मभूमि मंदिर का पुनर्निर्माण हो चुका है। श्री रामलला विराजमान जन्मभूमि पर प्रतिष्ठित हो चुके हैं। प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। 1528 में बाबर के सेनापति मीर बाकी ने राम जन्मभूमि मंदिर को विध्वंसकर उसी जगह मंदिर की सामग्रियों का उपयोग कर बाबरी मस्जिद की तामीर की थी। 6 दिसंबर 1992 को इस विवादित ढांचे को कारसेवकों ने तोड़ा था। श्रीराम जन्मभूमि ध्वंस के बाद से संघर्षों और मुकदमों की एक लंबी श्रंखला रही है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद मंदिर का निर्माण हुआ है। बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी होगी कि इन मुकदमों के 88 गवाहों में कई हिंदू गवाहों ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के मुकदमे में बाबरी मस्जिद के पक्ष में गवाही दी है। 88 गवाहों की सूची में तथ्यों के गवाहों के साथ ही धार्मिक,पुरातात्विक और ऐतिहासिक विषयों की जानकार शामिल हैं। अयोध्या के रामकोट मोहल्ला स्थित 1500 वर्ग गज का यह मुकदमा दो धार्मिक समुदायों के मध्य था।

सिविल जज फैजाबाद के न्यायालय में दायर चार मुकदमों की उच्च न्यायालय में एक साथ सुनवाई हुई थी। गोपाल सिंह विशारद ने 16 जनवरी 1950 (मुकदमा 1),निर्मोही अखाड़ा 17 दिसम्बर 1959 (मुकदमा 3),सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने 18 दिसंबर 1961(मुकदमा 4) और भगवान श्रीरामलला विराजमान के सखा देवकीनंदन अग्रवाल ने 1 जुलाई 1989 (मुकदमा 5) को सिविल जज फैजाबाद के न्यायालय में दायर किया था। श्री अग्रवाल उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति थे। उनकी मृत्यु 8 अप्रैल 2020 को हुई थी। उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 25 अप्रैल 2002 से डॉ टी पी वर्मा वाद मित्र नियुक्त हुए थे। सर्वोच्च न्यायालय ने 8 फरवरी 2010 को मुकदमा 5 के वादी श्री रामलला विराजमान व स्थान राम जन्मभूमि की ओर से त्रिलोकी नाथ पाण्डेय को वाद मित्र नियुक्त किया। ये चारों मुकदमें 10 जुलाई 1989 को उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ बेंच को स्थानांतरित हो गए थे। दिगंबर अखाड़ा के तत्कालीन महंत रामचंद्र दास परमहंस ने 5 दिसंबर 1950 (मुकदमा 2)को संस्थित मुकदमा 18 सितंबर 1990 को वापस ले लिया था।

सिविल जज फैजाबाद के न्यायालय में दायर चार मुकदमों की उच्च न्यायालय में एक साथ सुनवाई हुई थी। गोपाल सिंह विशारद ने 16 जनवरी 1950 ( मुकदमा 1), निर्मोही अखाड़ा 17 दिसम्बर 1959 ( मुकदमा 3), सुन्नी सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड ने 18 दिसंबर 1961 (मुकदमा 4) और भगवान श्री राम लला विराजमान के सखा देवकीनंदन अग्रवाल ने 1 जुलाई 1989 (मुकदमा 5) को सिविल जज फैजाबाद के न्यायालय में दायर किया था। श्री अग्रवाल उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति थे। उनकी मृत्यु 8 अप्रैल 2020 को हुई थी। उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 25 अप्रैल 2002 से डॉ. टी पी वर्मा वाद मित्र नियुक्त हुए थे। सर्वोच्च न्यायालय ने 8 फरवरी 2010 को मुकदमा 5 के वादी श्री रामलला विराजमान व स्थान राम जन्मभूमि की ओर से त्रिलोकी नाथ पाण्डेय को वाद मित्र नियुक्त किया। ये चारों मुकदमें 10 जुलाई 1989 को उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ बेंच को स्थानांतरित हो गए थे।

सर्वाधिक 44 गवाह सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के मुकदमा 4 में वादी और प्रतिवादी पक्षों से पेश हुए थे। इसमें वादी सेंट्रल सुन्नी वक्फ बोर्ड व अन्य मुस्लिम पक्षकारों की ओर से बाबरी मस्जिद के समर्थन में 32 लोगों ने गवाही दी थी जिसमें 11 हिंदू समुदाय से थे। इस मुकदमा 4 में तथ्यों के 17 गवाहों में राम चन्द्र उपाध्याय और सुरेश चंद्र मिश्र ने भी बाबरी मस्जिद का पक्ष लिया था। सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से आठ पुरातत्ववेत्ताओं में प्रोफेसर सूरजभान,प्रोफेसर डी.मंडल,डॉ. सीताराम राय,डॉ.जया मेनन, डॉ.आर सी ठक्करन, डॉ. दत्ता अशोक दत्ता,डॉ सुप्रिया वर्मा और डॉ शेरीन एफ रत्नागर थे। मुकदमा 4 के पक्ष में इतिहासकार के रूप में सुशील श्रीवास्तव, प्रोफेसर सुवीरा जायसवाल और प्रोफेसर शिरीन मुसावी पेश हुए थे। धार्मिक मामलों के विशेषज्ञ के रूप में मौलाना अतीक अहमद,मोहम्मद खालिद नकवी और कलवे जावेद पेश हुए थे।

सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने मुकदमा 4 में 20 लोगों को प्रतिवादी बनाया था। इसमें प्रतिवादी संख्या 2 रामचन्द्र परमहंस की ओर से प्रस्तुत गवाह रामविलास दास वेदांती,राजेंद्र और रामशरण श्रीवास्तव ने मुस्लिम पक्षकारों के तर्कों के विरोध में श्रीराम जन्मभूमि का पक्ष रखा था। प्रतिवादी संख्या 13 धर्मदास ने राम जन्मभूमि के पक्ष में स्वयं गवाही दी थी और इतिहासकार के रूप में डॉ. बिशन बहादुर व तथ्य के गवाह के रूप में महंत अवध बिहारी दास को उपस्थित किया था।

प्रतिवादी संख्या 17 रमेश चंद्र त्रिपाठी ने स्वयं उपस्थित होकर बाबरी मस्जिद के पक्ष में दी गई दलील का का विरोध किया था। प्रतिवादी संख्या 20 मदन मोहन गुप्ता ने धार्मिक मामलों के विशेषज्ञ के रूप में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती,जो संप्रति ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य हैं,के अलावा ब्रह्मचारी रक्षानंद की गवाही दिलवाई थी। उन्होंने पुरातत्ववेत्ता जयंती प्रसाद श्रीवास्तव को गवाह के रूप में पेश किया था। श्री शशिकांत रुंगटा और एमएम गुप्ता ने तथ्यों की गवाही दी थी।

श्रीरामलला विराजमान की ओर से प्रस्तुत मुकदमा 5 में 19 गवाह पेश किए गए थे। इसमें प्रतिवादियों में शामिल सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा,धर्मदास चेला अभिराम दास व ऑल इंडिया हिंदू महासभा आदि ने कोई गवाह प्रस्तुत नहीं किया था। मुकदमा 5 में धार्मिक मामलों के विशेषज्ञ गवाह के रूप में जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य उपस्थित हुए थे। स्वामी रामभद्राचार्य की गवाही पर सुन्नी सेंट्रल बोर्ड के वकील जफरयाब जिलानी ने भरोसा किया था और उन्हें धार्मिक विद्वान कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय में उनके गंभीर अध्येता होने का उल्लेख किया है।

इतिहासकार के रूप में एकमात्र विशेषज्ञ गवाह डॉ. सतीश चंद्र मित्तल की गवाही हुई थी। डॉ. टीपी वर्मा,डॉ.वीवी रमेश व एमएन कट्टी पुरालेख शास्त्री के रूप में गवाही दिए थे। पुरातत्व के विशेषज्ञ गवाह डॉ. एसपी गुप्ता,डॉ. राकेश तिवारी, डॉ.आर नाग स्वामी, अरुण कुमार शर्मा व राकेश दत्त त्रिवेदी थे। तथ्यों के संबंध में नौ लोगों की गवाही हुई थी जिसमें दिगंबर अखाड़ा के महंत परमहंस रामचंद्र दास,बनारसी पंडा व अशोक चटर्जी प्रमुख थे।

मुकदमा 1 के वादी गोपाल सिंह की मृत्यु हो चुकी थी। मृत्यु के बाद उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 22 फरवरी 1986 द्वारा पुत्र राजेंद्र सिंह वादी बने थे। इस मुकदमा में वादी राजेन्द्र सिंह के अतिरिक्त सहदेव प्रसाद दुबे व कृष्णा चंद्र सिंह ने गवाही दी थी। निर्मोही अखाड़ा के मुकदमा 3 में वादी पक्ष से 20 लोगों ने गवाही दी थी। इसमें महंत भास्कर दास, महंत शिव शरण दास,महंत रामजी दास,महंत राम सुभग शास्त्री,आचार्य बंशीधर दास, उड़िया बाबा, पंडित श्याम सुंदर मिश्र,बड़कऊ महाराज,महंत राजा रामचंद्र आचार्य,पाटेश्वरी दत्त पांडेय और जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी हरियाचार्य प्रमुख थे। महंत भाष्कर दास (75) ने 29 अगस्त 2023 को बयान/ गवाही दी थी। उनका बयान कि वे 22/23 दिसंबर की रात विवादित ढांचा के उत्तरी गुम्बद के नीचे सोए थे,वहां कोई घटना घटित नहीं हुई थी,काफी चर्चित रहा। सर्वोच्च न्यायालय ने बयान को काल्पनिक कथन कहा है। यह वही रात्रि थी जब केंद्रीय गुम्बद के नीचे श्री रामलला की मूर्ति रखी गई थी।

निर्मोही अखाड़ा के मुकदमें में प्रतिवादी पक्ष की तरफ से हाजी महबूब अहमद और पुरातत्ववेत्ता मोहम्मद आबिद ने गवाही दी थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जिरह (क्रॉस एग्जामिनेशन) में मोहम्मद हासिम व हाजी महबूब अहमद ने कहा है कि हिंदू समुदाय के लिए श्रीराम जन्मभूमि का वही महत्व है,जो मुसलमान के लिए मक्का का है।

## प्रसंगवश

# जब नव विवाहिता सीता डरीं

राम के बाद उनका राज्य उनके पुत्रों लव और कुश में विभक्त हुआ। लव के कालराय और कुश के कालकेतु उत्पन्न हुए। कालराय का विवाह एक राजकुमारी से हुआ जिससे सोढ़ी वंश हुआ। इसी वंश में गुरु गोविंद सिंह जी जन्मे। वे अप्रतिम योद्धा तो थे ही, एक महान रामभक्त और कवि भी थे। उनका 'रामावतार' काव्य ग्रंथ एक अनुपम रचना है। इसमें सीता जी के रूप सौंदर्य और मनोभावों का बड़ा मनोहारी चित्रण है। उनके श्रीविग्रह का वर्णन करते हुए वे कहते हैं-किधौं देवकन्या किधौं वासवी है।/ किधौं जच्छनी किन्नरी नागनी है।। किधौं राग पूरे भरी रागमाला।/ वरी राम तैसी सिया आज बाला।। सीता स्वयंवर के बाद वे भक्ति भाव में भरपूर डूबे,मानो सीता जी के अंतःकरण में प्रविष्ट हो गए। राम को जयमाला पहनाने के उपरांत जब सीता जी की सखियों ने उनसे कहा कि 'श्रीराम के चरण स्पर्श करो',तो वे असमंजस में पड़ीं,यानी डर गईं। उन्हें भय हुआ कि इनके चरण स्पर्श से तो पत्थर स्त्री रूप में परिणत हो जाता है और मेरी अंगूठी में हीरा जड़ा है। कहीं वह भी स्त्री न बन जाए,तब एक सौतन और उपस्थित हो जाएगी। यही नहीं जब धनुष भंग हो गया,तो उसकी तीव्र ध्वनि सुनकर परशुराम आ गए। गोस्वामी तुलसीदास ने उनकी अधिकांश वार्ता लक्ष्मण से वर्णित की है,किंतु गुरुजी ने यह वार्ता राम से हुई बखानी है। अंततोगत्वा परशुराम जी श्रीराम को सारंग धनुष प्रत्यंचा चढ़ाने को देते हैं। जैसे ही राम वह धनुष हाथ में लेते हैं तो सीता पुनः भीता होती हैं। उनके भय का कारण बनता है कि धनुष तोड़ने से इन्हें पत्नी मिल जाती है और यह धनुष तो ये आसानी से तोड़ ही देंगे। ऐसे में कोई दूसरी सुंदरी यहां प्रतिद्वंद्विनी बनकर न खड़ी हो जाए। बहरहाल ये सभी शंकाएं निर्मूल रहीं और वे सकुशल ससुराल पहुंच गईं। लगता है सीता जी पति पर आधिपत्य बनाए रखने हेतु बहुत सचेष्ट थीं। अशोक वाटिका में जब हनुमान जी ने तरु पल्लव से छिपकर श्रीराम द्वारा प्रेषित मुद्रिका डाली तो वे स्त्री जाति को उलाहना देने लगीं। कवि केशवदास ने 'रामचंद्रिका' में लिखा है कि वे बोलीं,"ऐ मुदरी! अब स्त्रियों का विश्वास कौन करेगा? क्योंकि उत्तरोत्तर राम को वे धोखा दे रहीं हैं। लक्ष्मी (धन संपत्ति) ने उनका साथ अयोध्या में छोड़ दिया। वन आने पर मैंने उनका साथ छोड़ दिया और अब तू भी उन्हें छोड़कर चली आई?"



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# विधि एवं न्याय के परिप्रेक्ष्य में रामराज्य



डॉ.अमित सिंह
संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष
विधि, एमजेपीआयू, बरेली

राजा में प्राथमिक गुण न्यायप्रिय और पक्षपात रहित होना चाहिए। यह प्रशासनिक विधि का प्रारंभिक सिद्धांत है।

भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम कहा जाता हैं,क्योंकि उनका व्यक्तित्व मर्यादा, करुणा,सत्य,धर्म व सदाचार से ओत-प्रोत है। मर्यादा का अर्थ संस्कृत में न्याय एवं धर्म की सीमा है। पुरुषोत्तम श्रीराम का चरित्र भी मर्यादित है। इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम कहा जाता है। श्रीराम ने अपने पिता को दिए गए वचनों का पालन किया। दिए गए वचन का पालन ही विधि एवं न्याय का आधार है। इसे विधि में विबंधन का सिद्धांत कहते हैं। विधि और न्याय के अनुसार मानवाधिकारों का संरक्षण, प्रजा में अंतिम व्यक्ति तक को न्याय एवं सर्वांगीण विकास की संकल्पना उनको मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम बनती है।

रामराज्य का अर्थ है राजा अथवा शासक द्वारा राज्य में विधि एवं न्याय के अनुसार सुशासन व्यवस्था होना है। रामराज्य कुशल राजव्यवस्था, शासन के संचालन के लिए आवश्यक है। प्रजा के हित में विकसित, प्रगतिशील,संपन्न एवं सकारात्मक सुदृढ़ राज्य की स्थापना करना है,जो भारतीय संविधान,अंतर्राष्ट्रीय विधियों एवं संधियों में राज्य की परिकल्पना ही मर्यादा पुरुषोत्तम राम के रामराज्य शासन का प्रतिबिंब है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि भारतीय संस्कृति, नैतिकता, भारतीय विधि व राजनीतिक मूल्यों के आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन दर्शन के अनुरूप हैं। राम द्वारा अपने वचनों का पालन हमें हमारे जीवन में वचनों को निभाने की प्रेरणा देते हैं। वचनों के पालन से संबंधित भारतीय संविदा विधि हमारे सामने है। लंका के साथ युद्ध में शामिल होने से पहले, राम ने सीता की शांतिपूर्ण वापसी सुनिश्चित करने और युद्ध से बचने के प्रयास में अंगद को दूत के रूप में रावण के दरबार में भेजा था। रावण ने इस अवसर का उपयोग अंगद को मारने के लिए योजना बनाई। हालांकि उनके भाई विभीषण ने उन्हें याद दिलाया कि एक राजदूत या दूत को मारना राजधर्म या राजा के कर्तव्य के विरुद्ध है। यह सिद्धांत राजनयिक संबंधों पर वियना कन्वेंशन 1961 के अनुच्छेद 29 में प्रतिबिंबित होता है। यह राजनयिक प्रतिरक्षा और विशेषाधिकारों को नियंत्रित करता है। किसी राजनयिक एजेंट को गिरफ्तार या हिरासत में नहीं लिया जा सकता है। उन्हें राज्य के अतिथि के रूप में माना जाना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए जाने चाहिए कि उन्हें किसी भी तरह से नुकसान न हो।

विधि का शासन एवं अंतर्राष्ट्रीय विधि के नियम चाहे वह युद्ध नीति से संबंधित हो या राज्यों के पारस्परिक व्यवहार से संबंधित हो। राम का चरित्र एवं जीवन दर्शन हमारे सामने ही इन्हें सर्वांगीण रूप से व्यवहार में अमल में लाने की सीख देता है। पैक्टा सैंट सर्वेंडा संधि सदैव पालनीय है,क्योंकि संधि का पालन सदैव विबंध में बांधता है। यह आदर्श वाक्य "रघुकुल रीति सदा चली आई प्राण जाए पर वचन न जाए" में प्रतिबिंबित होता है। जिस समय राजा दशरथ ने प्रभु श्री राम को 14 वर्षों का वनवास दिया उस समय राम ने उनकी आज्ञा को इस प्रकार माना जैसे ऑस्टिन के सिद्धांत में संप्रभु की आज्ञा को सर्वोपरि माना गया है। ऑस्टिन सिद्धांत में राजा की आज्ञा को भगवान की आज्ञा के समान माना गया है। विधि शास्त्र रामराज्य शासन व्यवस्था पर आधारित है।

राजा में प्राथमिक गुण न्यायप्रिय और पक्षपात रहित होना चाहिए। यह प्रशासनिक विधि का प्रारंभिक सिद्धांत है। आदर्श राजा का उदाहरण आदर्श युद्ध नीति एवं कुशल योद्धा के रूप में भगवान श्रीराम न सिर्फ कुशल योद्धा थे,बल्कि सभी को साथ लेकर चलने वाले थे। उन्होंने अपने युद्ध कौशल के कारण पत्थरों से रामसेतु का निर्माण किया। उन्होंने युद्ध की स्थिति में शत्रु राज्य से शरणार्थियों को शरण देकर रक्षा का आश्वासन दिया। जब विभीषण भगवान श्रीराम से मिलने आए तब सुग्रीव ने कहा कि वह दुश्मन के भाई हैं,लेकिन श्रीराम ने उन्हें समझाते हुए कहा कि उनको अपने देश से निष्कासित किया गया है और वह उनसे शरण मांगने आए प्रत्येक व्यक्ति को शरण देना और उसकी रक्षा करना उनका स्वभाव व धर्म है,जो प्राकृतिक न्याय सिद्धांत पर आधारित है। रामायण एक आदर्श महाकाव्य है,जो हमेशा विधि और न्याय व्यवस्था के लिए एक आदर्श है चाहे वह समानता का अधिकार हो या प्राण व दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार व नीति निर्देशक तत्व,इनको समझने के लिए हमें श्रीराम,सीता,लक्ष्मण आदि का चरित्र समझना होगा। रामराज्य में हमेशा स्त्रियों के सम्मान की बात कही गई एवं स्त्रियों को पुरुषों से पहले संरक्षित किया एवं सम्मान दिया। वेदों व दूसरे ग्रंथों में पहले सीता का नाम लिया जाता है और जयसियाराम कहा जाता है।

## सोशल फोरम

# तीन प्रमुख शक्तियां

तीन प्रमुख शक्तियांः ईश्वर, प्रकृति और समाज हैं। इस बात में उलझन है कि ईश्वर ने ही प्रकृति बनाया या ईश्वर और प्रकृति समानांतर शक्तियां हैं। हालांकि तमिलनाडु के द्रविड़ प्रकृति को ईश्वर के समानांतर मानते हैं। बाकी का पूरा विश्व ईश्वर को ऊपर रखता है,फिर प्रकृति और प्रकृति से उपजा समाज।

प्रकृति को समझना और उसको एन्जाय करना एक आनंद है। अब प्रकृति क्या है? जैसे नाग का विष प्रकृति ने दिया है और डंसने का स्वभाव भी प्रकृति ने दिया है। जैसे ही आप सांप की प्रकृति से परिचित होते हैं,आप सावधान हो जाते हैं। गाय की प्रकृति दूध देना है। आप अपनी सामाजिक शक्ति के साथ गाय के दूध को अपनाते हैं। यह समझ आपको समाज से मिली है और गाय के दूध को अपने लिए प्रयोग करना, यह इंसान की मानसिक प्रकृति है, क्योंकि वह विचार वाला प्राणी है। जिसे भी दिमाग होगा,वह अपने फायदे के लिए ही सोचेगा और यहीं से इंसान प्रकृति का दोहन शुरू कर देता है। उदाहरण के लिए कोई सीधा सपाट इंसान मिल गया और आप उसके प्रकृति से जैसे परिचित हुए-दोहन शुरू। यह कितनी अजीब बात है-सामाजिक शक्तियों से परिपूर्ण इंसान -सबसे पहले प्रकृति को ही नुकसान पहुंचाता है या प्रकृति को अपने फायदे के हिसाब से दोहन करता है। हिंदू धर्म की करोड़ों कहानियां मूलतः समाज की शक्ति को ही बल देती है।



आलोक खरे
प्रोफेसर, बरेली कालेज बरेली।

आप कोई भी कहानी पढ़ लीजिए। उसके अंत में समाज ही होगा या प्रकृति नियंत्रित समाज, लेकिन इस बात को समझ लेना चाहिए कि प्रकृति ही समाज को जन्म देती है,लेकिन समाज ही सब कुछ नहीं है। वह प्रकृति गाइडेड है और शायद इसलिए समाज के नियम कानून बदलते रहते हैं,लेकिन मनुष्य? वह इन तीनों के मार खाकर भी लड़ता रहता है। कभी समाज से,कभी प्रकृति से और कभी ईश्वर से। समाज से थक गया- वहीं समर्पित हुआ। प्रकृति से लड़ा-प्रकृति से हार गया। ईश्वर से भी लड़ता है,क्योंकि जब आप प्रकृति से लड़ रहे हो मतलब ईश्वर को चैलेंज कर रहे हो। समाज से लड़ रहे हो मतलब आप प्रकृति को चैलेंज कर रहे हो।

**-फेसबुक वॉल से**

# चावल में मूल्य वृद्धि के मायने



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चावल की बढ़ती कीमतों के पीछे एक महत्वपूर्ण कारण है चावल की बढ़ती मांग। पूरे विश्व विशेष कर के एशिया क्षेत्र में लगभग 3.5 बिलियन लोगों के लिए चावल मुख्य भोजन एवं आजीविका का प्रमुख साधन है। वैश्विक स्तर पर चावल का उत्पादन 900 मिलियन निर्धन व्यक्तियों को भोजन प्रदान करती है। हालांकि ईरान से संबंध बिगड़ने के बाद वहां सीधे चावल नहीं आ रहा है,परंतु अभी भी इराक के रास्ते चावल वहां जा रहा है। सऊदी अरब और यमन में भी भारतीय चावल की डिमांड बढ़ी है। पाकिस्तान में फसल खराब होने के कारण भारतीय चावल की मांग बढ़ी है। बांग्लादेश और नेपाल में भी सेवा और कामना चावल की मांग तेजी से बढ़ी है। चीन चावल का सबसे बड़ा उत्पादक होने के बावजूद भारत से ब्रोकन राइस आयात करता है। इससे वहां राइस प्रोडक्ट बनाया जाता है, जाहिर है कि भारत दुनिया में चावल का सबसे बड़ा निर्यातक है। चावल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है। ऐसे में जब भारत ने गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है जिसके चलते भी कीमतों में वृद्धि हुई है। कुछ चावल उत्पादक देशों में अनियमित मौसम की स्थिति के कारण भी पैदावार का कम होना भी एक महत्वपूर्ण कारण है जिसकी वजह से आपूर्ति में अधिक गिरावट आई है। अलनीनो की वजह से एशिया में अनाज उत्पादन कम हुआ है।

वर्ष 2023-24 में थाईलैंड के धान के उत्पादन में लगभग छह प्रतिशत की कमी होने की आशंका है। वियतनाम ने तो सूखे की आशंका को देखते हुए किसानों को नई फसल लगाने को कहा है। भारत में भी गत सीजन के 136 मिलियन टन की तुलना में चावल उत्पादन के 134 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया गया है। बाढ़ के कारण उत्तरी भारत में धान का उत्पादन प्रभावित होने और कम बारिश होने के कारण चालू खरीफ की बुआई के दौरान अनाज का रकबा कम होने की आशंका से भी कीमतें बढ़ी हैं। व्यापारियों का एक वर्ग छत्तीसगढ़ में चावल की कीमतों में बढ़ोतरी के लिए धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाकर 2800 रुपये प्रति क्विंटल करने के कदम को जिम्मेदार ठहरा रहा है। अब तो वहां नई सरकार बनने के बाद तो 3100 रुपए प्रति कुंतल धान खरीदा जा रहा है जिसका असर घरेलू मूल्य पर पड़ा है। गैर बासमती चावल के नेपाल, मलेशिया, कैमरुन सहित 14 एशियाई और अफ्रीकी देशों को 2.77 एलएमटी चावल के निर्यात आदेश का भी असर पड़ा है। हरियाणा की कापरेटिव संस्था हैफेड के भी धान खरीद में उतरने से मंडी में प्रतिस्पर्द्धा बढ़ी है जिससे भी भाव में तेजी आई है। स्वाभाविक रुप से बाजार में जितनी प्रतिस्पर्द्धा बढ़ेगी किसानों को फसल का उतना अच्छा दाम मिलेगा।

पिछले एक वर्ष में चावल की खुदरा कीमतों में लगभग 13 से 15 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। बढ़ते चावल मूल्य का असर न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत खरीदे जा रहे सरकारी चावल पर पड़ा है। सरकार का लक्ष्य 2023-24 सीजन में खरीफ से उगाई जाने वाली फसल से 521.27 लाख टन चावल खरीदने का है, कम खरीद में योगदान देने वाले कारकों में प्रमुख उत्पादक राज्यों में पिछले साल मानसून की कमी, 2023 में शुष्क अगस्त का धान की फसलों पर प्रभाव, दोबारा बुआई के कारण देरी से आगमन और कुछ क्षेत्रों में देर से फसल शामिल है। केंद्र ने धान के एमएसपी में सात प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की,जो सामान्य किस्म के लिए 2183 रुपए प्रति क्विंटल और 'ए' ग्रेड के लिए 2203 रुपए प्रति क्विंटल है। सरकार अगले साल आम चुनाव से पहले खाद्य महंगाई बढ़ने को लेकर चिंतित हैं। इसीलिए भारत की ओर से कड़े एक्सपोर्ट प्रतिबंध, अच्छी फसल और पर्याप्त सरकारी भंडार के बावजूद चावल की कीमत बढ़ रही हैं। चावल की बढ़ती कीमत का कई देशों की खाद्य सुरक्षा पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। वैश्विक चावल निर्यात में भारत की 40 फीसदी हिस्सेदारी है। देश से निर्यात होने वाले कुल चावल में गैर-बासमती सफेद चावल की हिस्सेदारी करीब 25 फीसदी है। दक्षिण एशियाई देशों पर भारी असर पड़ेगा, जो भारत के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार हैं, खासकर चावल के लिए। अफ्रीका का 80 से 90 प्रतिशत चावल आयात भारत से ही होता है। अपने कम कीमत और आर्थिक गुणवत्ता की वजह से उप-सहारा अफ्रीका, भारतीय गैर-बासमती सफेद चावल का सबसे बड़ा आयातक देश है। ऐसे में निश्चित रूप से निर्यात पर प्रतिबंध की वजह से वैश्विक बाज़ार को चावल कमी का सामना करना पड़ेगा,जिस वजह से कीमतों में भारी वृद्धि होगी और आम जन की थालियों से चावल दूर होता जाएगा।

## व्यंग्य

# अजीब उलझन है, जाऊं कि न जाऊं



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

आज पूरी दुनिया उत्तरोत्तर राममय होती जा रही है। हर कोई रामलला के दर्शनार्थ अयोध्या की ओर भागा जा रहा है। एक मैं हूं,जो द्वंद्व और दुविधा में फंसा हूं कि जाऊं या न जाऊं? अयोध्या जाने के मामले में जितने असमंजस में मैं हूं,उतने असमंजस में तो राम भी वनवास जाते समय नहीं रहे होंगे,बल्कि राम तो दशरथ और कौशल्या के आदेश को पाते ही वन-गमन को तत्पर हो गए थे। पहले मुझे कृष्ण भी सपने में सही राह सुझा जाते थे। अब कृष्ण नहीं आते हैं तो राम ही चले आते,पर भाई! वे क्यों आएंगे! वे तो इंग्लिश साहित्य में 'ईडीपस कांप्लेक्स' को दुनिया की सबसे बड़ी जटिलता या असमंजस माना जाता है। (यूनानी लोक कथाओं के अनुसार अज्ञानता और परिस्थितिवश थेब्स के राजा, ईडीपस ने अपनी मां को अपनी पत्नी बना लिया था। उन दोनों से बच्चे भी पैदा हुए। जब राजा-रानी,यानि ओडीपस और उसकी मां को वास्तविकता ज्ञात हुई तो ईडीपस ने आंखें फोड़ लीं और मां ने आत्महत्या कर ली।) मैं भी आज ईडीपस से कम किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं हूं।

लोग कहते हैं,अयोध्या मैं इसलिए नहीं जाना चाहता कि राम के भक्त हनुमानों से मुझे डर लगता है। बकौल तुलसी, 'बररै बालकु एकु सुभाऊ। इन्हहि न संत बिदूषहिं काऊ' ॥ पर भाई जानों! सच मानो मुझे ऐसा कोई डर नहीं है। मुझे लाज-वाज की भी कोई चिंता नहीं है,पर मैं बहुत सोच-सोच कर अपनी छवि बनाता हूं और फूंक-फूंक कर कदम रखता हूं। लड़कों से वैसे भी गलतियां हो जाती हैं। मुझे सबसे अधिक डर इस बात का लगता है कि अगले चुनाव में कहीं लोग अट्टहास कर मुझसे यह यह न कहें,'तेरा क्या होगा कालिया?' मुझे हर समय अपना भविष्य दिखाई देता रहता है और तुलसी की,'उघरहि अंत न होहि निबाहू। कालनेमि जिमि रावण-राहू' चौपाई याद आती रहती है।

अभी कल-परसों एक बहाना यह भी दिमाग में आया था कि कर्नाटक में उठे हिजाब को उत्तर प्रदेश में गिराकर (चेहरे पर) फायदा उठाया जा सकता है, पर कल ही एक घटना ने मुझे उसे न अपनाने के लिए समय रहते सचेत कर मेरे प्लान पर तुषारापात कर दिया। (कल की ही घटना है,एक लड़का डटकर मेकअप के द्वारा अपने को लड़की बनाकर हिजाब में किसी लड़की की जगह प्रतियोगी परीक्षा देने गया और वहां धर लिया गया।) आखिर मुझे एक रास्ता सूझ ही गया जिसके तहत मैंने सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया कि मैं 22 के बाद अपनी टीना के साथ अयोध्या जाऊंगा। साथ में संभव हुआ तो टीना की टीम-ईना-मीना-डीना को भी साथ लाऊंगा। घोषणा तो घोषणा ही है और फिर हमारे खानदान की घोषणाएं दशरथ के ,'प्राण जाएं,बरु बचन न जाई' जैसे वंश की घोषणाएं थोड़ा ही हैं। सबसे बड़ी बात यह कि कल देखा किसने है?

# 22 जनवरी भारत के विश्वास, लोकआस्था व गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का दिन

## अयोध्या में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कहा-बेहतरीन ग्रीन कॉरिडोर की हुई है व्यवस्था

## मुख्यमंत्री योगी ने लोगों से की अपील, पैदल न आएं, कहीं अव्यवस्था की स्थिति न बने

## सबके सहयोग, संतों के आशीर्वाद और रामलला की कृपा से प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा भव्यः योगी

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कई शताब्दियों के बाद रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पल श्रद्धालुओं को अंतःकरण से आनंद की अनुभूति करा रहा है। यह भारत के विश्वास व लोकआस्था, गौरव की पुर्नप्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। विश्वास जताया कि अभी तक जैसे सभी कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुए हैं, वैसे ही 22 जनवरी का कार्यक्रम भी ऐतिहासिक होगा। जनता के सहयोग, संतों के आशीर्वाद और रामलला की कृपा से इसे सकुशल संपन्न करने में सफल होंगे।

वे शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। में कहीं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास के तत्वावधान में श्रीरामजन्मभूमि पर प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में 22 जनवरी को प्रभु श्रीरामलला का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होना है। इसे लेकर संपूर्ण अयोध्या धाम, उत्तर प्रदेश व देश में उत्साह का माहौल है। उन्होंने बताया कि समारोह की दृष्टि से अयोध्या में प्रशासनिक रूप से बाहर क्या व्यवस्थाएं हुई हैं। इसकी समीक्षा भी की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर प्रशासन व प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने पहले से ही सभी व्यवस्थाओं की तैयारी कर ली है। बेहतर तालमेल के जरिए लोकल स्तर पर न्यास से समन्वय, सुविधा, ट्रैफिक, सुरक्षा आदि के जरिए 22 जनवरी के ऐतिहासिक कार्यक्रम को भव्यता, दिव्यता, सुरक्षित व सुव्यवस्थित तरीके से कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। शेष बचे कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कर लिया जाएगा।


राममंदिर के बाहर जायजा लेने के बाद प्रसन्नचित मुद्रा में खड़े सीएम योगी।

### तीर्थ क्षेत्र न्यास की कार्ययोजना में सहयोग करेगी राज्य सरकार

योगी ने कहा कि 22 जनवरी के बाद भी तीर्थ क्षेत्र न्यास की ओर से श्रीरामलला के दर्शन के लिए जो भी कार्ययोजना तैयार होगी, उसके अनुसार राज्य सरकार स्थानीय स्तर पर पूरा सहयोग करेगी। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को श्रद्धा के साथ दर्शन करने का अवसर प्राप्त हो, यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पूरा सहयोग दे रही है। टेंट सिटी, धर्मशाला, होटल की भी समुचित व्यवस्था की गई है। लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी व प्रयागराज समेत अन्य शहरों से आने के लिए बेहतर ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था की गई है, जिससे किसी को दिक्कत न हो। सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं।

### प्रदेश की सुरक्षा एजेंसियां समन्वय कर रहें अलर्ट

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या की सुरक्षा के लिए प्रदेश की सुरक्षा एजेंसियों के साथ-साथ केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां भी उपस्थित हैं। ऐसे में अस्थायी पुलिस लाइन बनाया जाए। यहां इनके रहने, खाने के स्तरीय प्रबंध होने चाहिए। केंद्रीय एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय बनाएं। हर प्रकार के बाह्य और आतंरिक सुरक्षा की आशंकाओं के दृष्टिगत कड़े सुरक्षा इंतज़ाम किए जाएं। चिन्हित रेड जोन/यलो जोन में पेट्रोलिंग बढ़ाएं। योगी ने निर्देश दिए कि सरयू नदी के पुराने पुल पर आवागमन न होने दें। सरयू नदी में जल पुलिस को सक्रिय रखें। यहां तैनाती पाने वाले पुलिसकर्मियों का व्यवहार प्रदेश की छवि प्रभावित करने वाला होगा। ऐसे में उनकी काउंसिलिंग की जाए।

### छह माह की स्थिति का आकलन कर बनाएं कार्ययोजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 व 23 जनवरी के बाद हर दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का अयोध्या आगमन होगा। हर कोई रामलला के दर्शन करने को उत्सुक है। भारत के सभी राज्यों से लोग आएंगे। ऐसे में आगामी 6 माह की स्थिति का आंकलन करते हुए कार्ययोजना तैयार कर लें। अंतर्जनपदीय तथा अंतरराज्यीय पुलिस कोऑर्डिनेशन होना चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार असुविधा न हो। कॉल सेंटर में तैनात कार्मिकों का व्यवहार मधुर हो, सरल हो। प्रमुख मार्गों अथवा गलियों में धूल न उड़े, गंदगी न हो। जगह-जगह कूड़ेदान रखे हों। सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने का प्रयास होना चाहिए। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन और महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के आसपास साफ-सुथरा परिवेश हो। यहां की सुरक्षा की परख कर ली जाए किसी प्रकार की कोई कमी न रहे। आरपीएफ से भी कोऑर्डिनेशन होना चाहिए।


शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

### सजावट ऐसी हो कि मोह ले मन

योगी ने कहा कि धर्म पथ, जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, राम पथ की थीम आधारित सजावट कराएं। यह उत्सव, आनंद का ऐतिहासिक अवसर है। ऐसे प्रयास करें कि हर आगंतुक/श्रद्धालु/पर्यटक यहां से सुखद अनुभव लेकर जाए। इन मार्गों के शेष कार्यों को तत्काल पूरा कराएं। स्ट्रीट लाइट आदि की जांच-परख कर ली जाए।

### टेंट सिटी में हो सभी इंतजाम

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि टेंट सिटी में अच्छी व्यवस्था है। यहां साफ सफाई का ध्यान रखें। यहां ठहरने वालों को गर्म पानी मिले। टेंट सिटी में खाद्यान्न की उपलब्धता बनी रहे। इसी तरह, गर्मी के मौसम में सुविधाजनक स्थिति हो। फायर सर्विस की प्रभावी उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। रैन बसेरों को और व्यवस्थित करें। कई स्थानों पर इनकी संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। धर्मनगरी में रात्रि विश्राम करने वाला एक भी व्यक्ति ठंड से ठिठुरता न मिले।

### सीएम योगी ने किए रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन

**राज्य ब्यूरो, अयोध्या। अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन करके सुखी-स्वस्थ प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन, आरती व परिक्रमा की। महज तीन बाद रामलला अपने भव्य-दिव्य मंदिर में विराजमान होंगे। ऐसे में सीएम ने यहां की सभी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। शुक्रवार सुबह रामनगरी पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। 11 दिन के भीतर (9 जनवरी, 14 जनवरी और 19 जनवरी) यह तीसरा दौरा है। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़ी तैयारियों के संदर्भ में भी जानकारी ली।

**▸▸ 11 दिन में मुख्यमंत्री ने रामनगरी का किया तीसरा दौरा**

### रामलला के चरणों में लगाई हाजिरी

हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। यहां उन्होंने संतों-महंतों से भी हालचाल जाना। यहां ट्रस्ट से जुड़े लोगों ने मुख्यमंत्री को प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़ी जानकारी दी। दर्शन-पूजन के दौरान काबीना व प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, डॉ. अमित सिंह चौहान, रामचंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### अयोध्यावासियों को न हो कोई तकलीफ

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के चलते अगले दो-तीन दिनों तक अयोध्या में सामान्य आवागमन/यातायात प्रभावित होने की संभावना है। ऐसे में नगरवासियों को खाद्यान्न, पेयजल, रसोई गैस आदि आवश्यक वस्तुओं का अभाव न हो, इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय से कर लिए जाने चाहिए।

### बेहतर हो पार्किंग कार्ययोजना

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया समारोह और उसके बाद के लिए पार्किंग और यातायात प्रबंधन की बेहतर कार्ययोजना बनाएं। रुट डायवर्जन के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। विभिन्न जनपदों से अयोध्या को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गो पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था हो। आगंतुकों के आवागमन के लिए इलेक्ट्रिक बसों की पर्याप्त उपलब्धता हो।

# सूर्य के प्रकाश से लेकर चंद्रमा की किरणों तक अतुलनीय अयोध्या...

विवेक सक्सेना, अयोध्या

**अमृत विचार :** जैसे - जैसे भव्य मंदिर में आराध्य के विराजने की घड़ी निकट आ रही है, वैसे - वैसे अयोध्या अतुलनीय होती जा रही है। सूर्य के प्रकाश से लेकर चंद्रमा की किरणों के बीच फूट रहे उल्लास व उत्सव के साथ रामनगरी वैभव की रामनामी ओढ़ती जा रही है। दिन में श्रद्धालुओं का कोलाहल तो शाम को झिलमिलाती नगरी अतुल्य भारत की प्रतीक बन रही है।

उल्लासित अयोध्या धाम में चारों दिशाओं से प्रवेश करते ही नव्य अयोध्या का आभामंडल हर किसी को न केवल हतप्रभ कर रहा है वरन उनके रोंम- रोंम को राम के अनुराग से भर दे रहा है। इतना ही नहीं ऐसा प्रतीत होता है जैसे मानों साक्षात श्रंगार की देवी शैलपुत्री ने स्वयं रामनगरी को अलौकिक रुप दे दिया हो। 'अमृत विचार' ने गुरुवार शाम अयोध्या धाम की अलौकिकता को सहजने का प्रयास किया।


नयाघाट पर गुरुवार शाम उत्सव और उल्लास का रहा माहौल।

### चंद्रमा की किरणों के प्रस्फुटन के मध्य जय श्री राम...की आभा

रामपथ पर टेढ़ी बाजार चौराहे पर सीताराम - सीताराम की धुन, चहुंओर भवनों पर झिलमिलाती झालरें, इन्हीं झालरों के मल्टीप्लेक्स भवन पर प्रभु का अलौकिक रूप कदमों को रोक देता हैं। लोगों में यह चित्रण मोबाइल में कैद करने की आतुरता। बहराइच से आए दंपति मन मिश्र और आरती मिश्रा बोलीं कि विश्वास नहीं हो रहा है, यह वही अयोध्या है जहां हम आया करते थे। उज्जैन के रमेश मंडल ने कहा कि रामजन्मभूमि की अयोध्या अब विश्व की सर्वश्रेष्ठ नगरी बन गई है।

### जय श्रीराम का उद्‌घघोष और उल्लास और आस्था का नृत्य

श्रीराम जन्मभूमि मार्ग... श्रद्धालुओं का तांता पूरे मार्ग पर, भंडारे में उमड़ते लोग, प्रकाशमय रामपथ - दुकानों पर केसरिया पताकाओं के साथ केसरिया झालरों की पट्टियां - अलौकिकता का प्रदर्शन कर रहीं हैं। दिल्ली से आए चक्रधारी पांडेय बोले वापस जाने का मन नहीं कर रहा है। 22 जनवरी का प्रतिबंध नहीं होता तो एक सप्ताह और प्रवास करता। प्रसाद के दुकानदार रमेश अग्रहरि ने कहा अब अच्छे दिन लौट आएं हैं।

**▸▸ उत्सव के साथ रामलला के स्वागत के लिए अदभुत श्रंगार से सजी रामनगरी**

### इठलाती सलिला सरयू और लता मंगेशकर चौक पर रामोत्सव

चंद्रमा की किरणों से झिलमिल करती सलिला सरयू और रामोत्सव का अदभुद संगम। लता मंगेशकर चौक पर पेड़ों तक में दीपों की श्रंखला। राम-सीता बने कलाकारों के साथ शंखनाद करते साधु संत, सर्द हवा भी आस्था के आगे नतमस्तक। चौक पर अपार जनसमूह और नृत्य करते श्रद्धालु। यहां तैनात सुरक्षा बलों के जवान भी यह उत्सव देख आह्लादित दिखते हैं। बच्चों के साथ पहुंचे अहमदाबाद के मनसुखभाई बोले हमारे मोदी जी ने अयोध्या को दिव्यता प्रदान की। बताया 26 जनवरी को फिर अहमदाबाद सत्संग मंडल के साथ आएंगे।

### बोले लोग - 21 को छोटी और 22 को मनाएंगे बड़ी दीपावली

जुड़वा नगर भी उत्सव में सहभागिता के लिए वृहद स्तर पर तैयारी में है। साहबगंज निवासी अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि 500 वर्षों का सपना साकार होने जा रहा है, दीपावली तो बनती है। उन्होंने अभी से घर पर झालर सजा दी है। अंगूरीबाग की पार्वती शुक्ला बोलीं 21 जनवरी को छोटी और 22 को बड़ी दीपावली होगी। दीए खरीद लाएं हैं। पांच दीपक चौखट पर तो मुंडेर पर श्रंखला प्रज्वलित करेंगे। विशेष यह कि फैजाबाद नगर में सिविल लाइंस, रीडगंज, नियावां, रिकाबगंज क्षेत्रों में आवासों पर झालरें सजने लगीं हैं। कई स्थानों पर अभी से एलईडी लगा कर रामायण का प्रसारण शुरू कर दिया गया है।


रामपथ पर अपने आराध्य श्रीराम के कटआउट को लेकर दर्शन-पूजन को जाता श्रद्धालु।

### अब तारीख भी हुई राममय...

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा में जहां देश से लेकर विदेशों तक लोगों के साथ भवन, सड़क, मंदिर चारो ओर सभी कुछ राममय हो गया है और उत्साह छलक रहा है। ऐसे में तारीख भी राममय होने में पीछे नहीं रही। इसी बीच सोशल मीडिया पर चर्चित एक तस्वीर बहुत वायरल हो रही है। जिसमें 22 जनवरी को राम लिखा दर्शाया जा रहा है। ऐसे में कैप्शन भी वायरल हो रहा है कि तारीख भी हुई राम मय। तारीख वाली तस्वीर में 22 जनवरी 24 को शेड के साथ ऐसा 22124 लिखा है कि एक बार सचमुच वह तारीख नहीं राम लिखा हुआ ही दिखता है। इसे कहते हैं युग और वातावरण का प्रभाव।






रामपथ पर टेढ़ी बाजार पर मल्टीप्लेक्स भवन का दृश्य।


लता मंगेशकर चौक पर पेड़ पर झिलमिलाते घंटी नुमा दीपक।


उल्लास का शंखनाद

# सीएम योगी ने सोलर बोट का किया उद्घाटन

**राज्य ब्यूरो, अयोध्या। अमृत विचार :** प्रदेश की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर अयोध्या को विकसित करने का योगी सरकार का सपना वास्तविकता की शक्ल ले चुका है। इसमें शुक्रवार को एक और अध्याय जुड़ गया। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को यूपीनेडा द्वारा विकसित की गई रूफ टॉप माउंटेड सोलर बोट सर्विस का उद्घाटन किया। यह देश में पहली बार इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से गेमचेंजिंग साबित होने वाले इलेक्ट्रिक सोलर टेक्नोलॉजी बेस्ड बोट सर्विस है। अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने के साथ ही उसे आधुनिकता और विरासत के समावेश से विकसित करने की प्रक्रिया के अंतर्गत 'नव्य अयोध्या' परियोजना बेहद सफल हो रही है। इसी परियोजना के अंतर्गत सरयू नदी को सौर व स्वच्छ ऊर्जा नौका परिवहन तथा इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से रोल मॉडल के तौर पर स्थापित करने की दिशा में योगी ने नए अध्याय की नींव रखी। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ तैयारियों का जायजा लेने अयोध्या आए हैं। इस क्रम में उन्होंने इस बोट के परिचालन को लेकर तमाम तकनीकी पहलुओं के निरीक्षण के साथ ही इनलैंड वॉटरवेज के विकास के लिहाज से अयोध्या में हो रहे प्रयासों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बटन दबाकर बोट संचालन की शुरुआत की तथा सरयू नदी में बोट पर सवार होकर नदी किनारे बने फ्लोटिंग जेटी व फ्लोटिंग बोट चार्जिंग स्टेशन का भी जायजा लिया।

### सरयू में बोटिंग कर लिया तैयारियों का जायजा


सोलर बोट पर बैठकर लोगों का अभिवादन करते सीएम।

योगी ने अयोध्या में सरयू घाट पर शुक्रवार को सोलर बोट के संचालन का शुभारंभ करते हुए बोट के नेवीगेशन बटन को दबाकर आगाज किया। इस दौरान उन्होंने सरयू नदी में इस बोट के जरिए नौकायन भी किया तथा सरयू नदी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं तथा इनलैंड वॉटरवेज के हिसाब से विकसित की जा रही सुविधाओं का जायजा लेते हुए उनके बारे में जानकारियां प्राप्त कीं। इस दौरान, सेलिंग जेटी के तौर पर कार्यरत ई-बोट चार्जिंग स्टेशन बनाए गए गंगा-6 को भी देखा तथा इसके बारे में जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि यह सेलिंग जेटी 15 दिसंबर से अयोध्या में डेरा डाले हुए है तथा यह 20 बोट्स के बर्थिंग का माध्यम बन सकता है। सेलिंग जेटी पर इलेक्ट्रिक पावर चार्जिंग प्लग प्वॉइंट्स को भी विकसित किया गया है, जिसके जरिए सरयू नदी में चलने वाली ई-बोट्स की चार्जिंग व बर्थिंग प्रक्रिया को पूर्ण किया जा सकेगा। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चौहान, रामचंद्र यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### महज संयोग नहीं, देव योग की साक्षी बन रही है मौजूदा पीढ़ी

**राज्य ब्यूरो अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या दौरे के दौरान एक ओर 22 जनवरी को होने वाले भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर तैयारियों का जायजा लेते दिखे वहीं, दूसरी ओर विभिन्न मंचों के जरिए उन्होंने लोगों से मर्यादित व संयमित उदाहरण प्रस्तुत कर अयोध्या की छवि को देश-दुनिया में ख्याति दिलाने का आह्वान भी किया। जगद्‌गुरू स्वामी रामभद्राचार्य के अमृत महोत्सव में शिरकत कर उन्होंने जय जय सीताराम के नारे का उद्‌घोष करते हुए कहा कि व्यासपीठ पर विराजमान जगतगुरू रामभद्राचार्य महाराज, दीदी मां साध्वी ऋतंभरा, कथाव्यास देवकीनंदन ठाकुर व सभी सम्मानित श्रद्धालुजन का मैं मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की इस पीवन धरा पर प्रदेश शासन की ओर से हृदय से अभिनंदन करता हूं। ये महज संयोग नहीं है बल्कि देवयोग से निर्धारित कार्यक्रम होगा कि जब पूज्य जगतगुरू रामभद्राचार्य जी के जन्मोत्सव का अमृत महोत्सव हो तो उसी अवसर पर प्रभु राम 5 शताब्दी की अपनी इस अवधि को विस्मृत कर अपनी इस जन्मभूमि पर विराजित हो रहे हों। प्रभु की कृपा के सिवाय इस प्रकार के देवयोग मिलने कठिन हैं। हमारी तो पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि हमने संघर्ष को नजदीक से देखा और आज अपने इस भौतिक चक्षु से न केवल प्रभु श्रीराम को अपने भव्य मंदिर में विराजमान होता देखत रहे हैं बल्कि एक नए भारत की नई अयोध्या का दर्शन भी हम सबको हो रहा है।


मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अयोध्या में जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य के अमृत महोत्सव में भागीदारी की।

**रामोत्सव** | आध्यात्मिक और पौराणिक धार्मिक किंवदंतियों को समेटे हुए है बड़ी देवकाली मंदिर

# यहां श्रीराम को दर्शन कराने लायी थीं माता कौशल्या

### प्राण प्रतिष्ठा से पहले रघुकुल के घराने की कुलदेवी का होगा पूजन

अंकित सेन, अयोध्या

**अमृत विचार :** आध्यात्मिक और पौराणिक धार्मिक किंवदंतियों को समेटे हुए बड़ी देवकाली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रघुकुल के घराने की कुलदेवी के पूजन की तैयारी है। बताया जाता है कि यहां त्रेतायुग में जन्में रामलला को लेकर दर्शन कराने माता कौशल्या आईं थीं। शास्त्रों में उल्लेख है कि प्रभु श्रीराम के पूर्वज राजा रघु को युद्ध में कहीं जाना था, तब उनके स्वप्न में आकर कुलदेवी ने विजयश्री प्राप्त करने के लिए शतचंडी महायज्ञ कराने का आदेश दिया था। राजा रघु ने यहां प्राचीनतम मंदिर में शतचंडी महायज्ञ करा विजयश्री का वरण किया था।

22 जनवरी को जब रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो उनकी कुलदेवी के मंदिर में विशेष पूजन अर्चन तैयारी की जा रही है। सिद्धपीठ बड़ी देवकाली मंदिर के महंत सुनील पाठक का कहना है कि यूं तो हर मठ-मंदिरों में आरती, कीर्तन व अन्य धार्मिक अनुष्ठान होगा लेकिन रामलला की कुलदेवी के मंदिर में महोत्सव को लेकर विशेष पूजन हो रहा है। उनका कहना है कि 21 जनवरी को मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन होगा। वहीं 22 जनवरी को मंदिर परिसर व पौराणिक कुंड पर दीपों का प्रज्ज्वलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रीराम के पूर्वज राजा रघु किसी युद्ध में जाने की तैयारी करते थे तो महारानी ने उनको स्वप्न में शतचंडी महायज्ञ करने का आदेश दिया था। उसके बाद राजा रघु ने यहां आकर महायज्ञ किया था और विजयश्री हासिल की थी। वहीं त्रेतायुग में अवतार लेने के बाद माता कौशल्या में रामलला को यहां लाकर कुलदेवी का दर्शन कराया था। मंदिर में ही माता कौशल्या के साथ श्रीराम बालरूप में पालने में विराजमान हैं।


श्रीराम की कुलदेवी मां बड़ी देवकाली का मंदिर।

### मंदिर में एक साथ विराजमान हैं माता के तीन विग्रह

महंत सुनील पाठक का कहना है कि बड़ी देवकाली मंदिर के गर्भगृह में महाकाली, महासरस्वती व महालक्ष्मी तीनों देवियां एक साथ विराजमान हैं। उन्होंने बताया कि देवी भागवत के सातवें अध्याय के 11वें स्कंद में त्रिगुटा का वर्णन हैं। त्रिगुटा का मतलब महाकाली, महालक्ष्मी व महासरस्वती। रजोगुण, तपोगुण व सतोगुण तीनों रूपों में बड़ी देवकाली में मातारानी एक साथ विराजमान हैं।

### भूमि पूजन से पहले भी कुलदेवी का हुआ था पूजन

बड़ी देवकाली मंदिर के महंत सुनील पाठक के अनुसार 5 अगस्त 2020 को जब प्रधानमंत्री ने राम मंदिर में भूमि पूजन किया था तो उससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य व राजा अयोध्या विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र ने भूमि पूजन के सकुशल संपन्न होने को लेकर यहां पूजन-अर्चन किया था।



भूमि पूजन से पहले यहां पर ट्रस्ट की ओर पूजन अर्चन किया गया था। अब मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होने जा रही है, इसको लेकर यहां विशेष पूजन की तैयारी है। हालांकि अभी तक ट्रस्ट की ओर से कोई बात नहीं हुई है, लेकिन मान्यताओं के अनुसार यहां पूजन होना चाहिए। उम्मीद ही नहीं विश्वास है कि प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व यहां पर कुलदेवी का पूजन जरूर होगा। **- सुनील पाठक, महंत, बड़ी देवकाली**

# भाजपा में मुस्लिमों को मिला सर्वाधिक लाभ : राजेश

## बैठक में भाजपाइयों ने लोकसभा चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** शुक्रवार को श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में भाजपाइयों ने बैठक का आयोजन किया। इसमें लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई।

मुख्य अतिथि जिला प्रभारी राजेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। मुस्लिम समाज को सबसे ज्यादा भाजपा सरकार में लाभ मिला है। पिछली सरकारों ने मुस्लिम समाज को छलने का काम किया है। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को नमो ऐप डाउनलोड कराया और अपने बूथों पर वोटरों को नमो ऐप डाउनलोड कराने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं से अपने बूथ को मजबूत करने का आग्रह किया। नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को घर-घर संपर्क कर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताने के लिए कहा गया।

बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नसीम खान ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार में गुंडागर्दी खत्म हुई है। गरीबों को सम्मान मिला है। सरकार सबका साथ सबके विकास के साथ कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रमन भूषण, मंडल अध्यक्ष रतनपुर बृजेश लोधी, मंडल अध्यक्ष महमदपुर माफी हरिओम सैनी, अमर सिंह सैनी, महामंत्री संजय दिवाकर, नक्शे अली, हाजी मजलूम पाशा, नरेंद्र चौधरी, हरपाल सैनी, डॉ. मुकीम पाशा, तबस्सुम, शहनाज, कमर जहां आदि मौजूद रहे। संचालन मंडल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर ने किया।



कार्यक्रम में बोलते जिला प्रभारी राजेश यादव। ● अमृत विचार

## एक नजर

### आवारा कुत्तों ने आठ लोगों को काटकर किया जख्मी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** आवारा कुत्तों ने आठ लोगों को काटकर जख्मी कर दिया। परिजनों ने घायलों का सरकारी अस्पताल में उपचार कराया है। इसमें गोपीवाला निवासी मोहम्मद जुबैर, ग्राम रतुपुरा निवासी इकबाल, सरकड़ा करीम निवासी अर्चित, दलपतपुर निवासी योगेश कुमार, तरफदलपत निवासी नीतू, सरकड़ा करीम निवासी समरपाल, लेदा निवासी मोहम्मद कैफ, जाफराबाद निवासी वैष्णवी शामिल हैं। सभी को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई गई है।

### बैंक प्रबंधक पर लगाया रिश्वत लेने का आरोप

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के किसानों ने बैंक प्रबंधक पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई है। गांव राजपुर केसरिया निवासी किसान मुन्ना, राहत अली, इसरार अली, गांव नाखूनका निवासी शाहीन परवीन आदि ने मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत में कहा है कि गांव जटपुरा स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में तैनात प्रबंधक कृषि लोन रिनुअल करने के नाम पर 5000 रुपये की अवैध वसूली रहा है। वह किसानों को दी जा रही सब्सिडी भी हड़प रहा है। किसान राहत अली ने बताया कि पिछले वर्ष उसने 1,35,000 का लोन रिनुअल कराया था। बैंक प्रबंधक ने रकम वापस नहीं दी और पासबुक पर गलत तरीके से एंट्री कर दी। किसानों ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### चौकीदारों से की सहयोग करने की अपील

**डिलारी, अमृत विचार :** शुक्रवार को थाना परिसर में चौकीदारों के साथ बैठक की गई। अध्यक्षता करते हुए थाना अध्यक्ष पवन कुमार ने बढ़ते अपराध को रोकने के लिए चौकीदारों से सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि घने कोहरे में चोरों के सक्रिय होने का अंदेशा बना है। घटना की तुरंत जानकारी दें। थानाध्यक्ष ने चौकीदारों के अधिकारों को विस्तार से बताया। इस मौके पर रफत, गंगाराम, शाहिद, मोहम्मद अली, दिलशाद, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।

### राम जन्मभूमि के पुरोधाओं को किया सम्मानित

**बिलारी, अमृत विचार :** रामजन्म भूमि निर्माण में अपना योगदान देने जेल जाने के साथ ही अनेकों संघर्ष की गाथा लिखने वाले लोगों को वैंक्वेट हॉल में कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। भाजपा के जिला प्रभारी राजेश यादव ने फूलमाला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सभी ने राम जन्मभूमि से संबंधित गाथा गाई। इसके साथ ही अपने संघर्षों को याद किया। भाजपा के नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता के तत्वाधान में हुए कार्यक्रम में जिला प्रभारी ने राम जन्मभूमि निर्माण में योगदान देने वाले रामनिवास शर्मा, नंदकिशोर गुप्ता, लोचन सिंह, अजय बंसल, भगवान दास कोरी, प्रेम प्रकाश उर्फ पप्पू सुपारी, हरि नारायण सिंह, सुनील कुमार आर्य, पंकज चौहान आदि को सम्मानित किया। सभी ने कहा कि आज गर्व का विषय है कि हम सब भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के प्रत्यक्षदर्शी बन रहे हैं।



लेखपालों को दिशा-निर्देश देते अधिकारी। ● अमृत विचार

## मंदिरों में अनुष्ठान कराने के निर्देश

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसील में एसडीएम व तहसीलदार ने लेखपालों की बैठक आयोजित कर अपने क्षेत्र के मंदिरों के आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और मंदिरों में भजन, कीर्तन कराने के निर्देश दिए।

एसडीएम जितेंद्र सिंह वीरवाल ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इससे पूर्व सभी मंदिरों में भजन-कीर्तन, सुंदरकांड आदि अनुष्ठान शुक्रवार से ही शुरू हो रहे हैं। सभी लेखपाल अपने क्षेत्र के मंदिरों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर लें। अगर कहीं कोई समस्या है तो बताएं, ताकि समय रहते सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी लेखपाल अपने क्षेत्र में घूम कर मंदिरों पर जाकर स्थिति से अवगत कराएं।

ग्राम प्रधानों एवं राशन डीलरों को पहले ही इस संबंध में निर्देश दे दिए हैं। सभी मंदिरों में भजन कीर्तन, सुंदरकांड आदि अनुष्ठान जारी रखे जाएं। तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने भी सभी लेखपालों एवं राजस्व निरीक्षकों को विस्तार से जानकारी दी।

## आज शोभायात्रा निकालेंगे व्यापारी

**कांठ, अमृत विचार :** पवित्र नगरी अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली भगवान श्री राम के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व शनिवार को (आज) नगर में भव्य भगवान श्री राम शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष निरुपम विश्नोई ने सहयोगियों को शोभा यात्रा की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा दोपहर 12 बजे बस स्टैंड स्थित श्री विश्नोई मंदिर से प्रारंभ की जाएगी। शोभायात्रा निर्धारित मार्गों से होते हुए गंतव्य पर संपन्न होगी। व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने धर्म प्रेमियों से शोभायात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में उप जिलाधिकारी, क्षेत्र अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक आदि मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर कुलदीप विश्नोई, अनु विश्नोई, मोनू विश्नोई मनोज कुमार, सोनू, राम, शिवकुमार वर्मा, पुष्पेंद्र विश्नोई, अमित उर्फ छोटू, सचिन भार्गव, प्रेम भार्गव, गौरव कुमार, विजय माहेश्वरी, रोमी माहेश्वरी, अंशुल आदि मौजूद रहे।



मंदिर में मौजूद एसडीएम व अन्य। ● अमृत विचार

## शिव मंदिर में सुंदरकांड पाठ शुरू

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। लदावली स्थित शिव मंदिर में एसडीएम तथा ग्रामीणों की मौजूदगी में सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया।

22 जनवरी को भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का उल्लास सिर्फ अयोध्या में ही नहीं बल्कि विश्व भर में है। तहसील क्षेत्र के मंदिरों में उत्सव को लेकर तैयारी जोरो से चल रही हैं। मंदिर संचालक समिति तथा महंत, पुजारी मंदिरों की साफ-सफाई में लगे हैं। ग्राम लदावली में शिव मंदिर पर सिद्धबली सेवा संस्थान के संस्थापक अरविंद गुरुजी, एसडीएम जितेंद्र सिंह वीरवाल, भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष चौधरी यशपाल सिंह, आशीष कटारिया ने श्रद्धालुओं को साथ लेकर सफाई अभियान चलाया। मंदिर में सुंदरकांड का पाठ एसडीएम तथा अरविंद गुरुजी द्वारा शुरू कराया गया।

मंदिर तथा गांव में उत्सव जैसा माहौल है। 22 जनवरी को तहसील क्षेत्र में रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसे शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए श्रद्धालुओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## सार-संक्षेप



विचोला कुंदरकी गांव में शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### शोभायात्रा निकालकर की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

**बिलारी, अमृत विचार :** स्टेशन रोड के निकट विचोला कुंदरकी गांव में प्रभु श्री राम की शोभा यात्रा निकाली गई। इसके बाद प्रभु श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। शुक्रवार को शोभा यात्रा का शुभारंभ पंडित दिनेश चंद सती ने विधि विधान से किया। मुख्य अतिथि भाजपा के जिला प्रभारी राजेश यादव एवं जिला महामंत्री चंद्रपाल सैनी रहे। शोभायात्रा गांव की गलियों में होती हुई शिव मंदिर में संपन्न हुई। यहां पुरोहितों ने प्रभु श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए। शोभा यात्रा में जिला पंचायत सदस्य विश्वास यादव, महमूदपुर माफी अध्यक्ष प्रतिनिधि मंगल सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष अवनीश चौधरी, पंडित रामनिवास शर्मा, डॉ. गीता शर्मा, रेखा, रिंकी, उमा पाठक, योगेश्वरी देवी, मीनू, कुमकुम, देववती, संतोष, सुमन, मुन्नी देवी, बीना देवी, कन्यावती आदि मौजूद रहे

### खंड शिक्षाधिकारी ने की विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी वेगीश सिंह गोयल की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापक व इंचार्ज अध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें खंड शिक्षाधिकारी ने यू-डीआईएसई (यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) प्रगति, ऑपरेशन कायाकल्प, डीबीटी, कन्या सुमंगला योजना, समर्थ ऐप, जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा, परिवार सर्वेक्षण आदि बिंदुओं पर प्रधानाध्यापकों के साथ विद्यालयवार समीक्षा की। एआरपी पीयूष कुमार प्रशान्त और सतीश मोहन ने निपुण भारत कार्यक्रम, परीक्षा पे चर्चा, पीटीएम और वार्षिक सामरोह, नुक्कड़ नाटक, टैबलेट मैपिंग और निपुण कार्ययोजना आदि बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में अवधेश कुमार, राजपाल सिंह, त्रिवेंद्र सिंह, विवेक कुमार, आशीष चौहान, संजय भारती, संगीता कुमारी, सोनिया चौहान, रेनू वर्मा, विनीता चौधरी आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



ईवीएम से मतदान का प्रशिक्षण लेते मतदाता। ● अमृत विचार

### मतदाताओं को दिया ईवीएम से मतदान का प्रशिक्षण

**कांठ, अमृत विचार :** शुक्रवार को तहसील में मतदाताओं को ईवीएम से मतदान का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान 150 लोगों को ईवीएम का बटन दबाकर वोट डालने हेतु जागरूक किया गया। तहसील में लेखपाल निपेन्द्र सिंह ने लगभग 150 युवाओं एवं बुजुर्गों को ईवीएम का बटन दबाकर वोट डालने के लिए जागरूक किया। प्रशिक्षण में बताया गया कि मशीन का बटन किस प्रकार दबाना है। बटन दबाने पर आपको सफेद पर्ची मशीन के अंदर नजर आएगी। इस पर जो बटन दबाएंगे वही निशान नजर आएगा। इससे स्पष्ट हो जाएगा कि आपका वोट पड़ चुका है। तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने बताया कि ईवीएम के प्रति जागरुकता पैदा करने और भ्रम की स्थिति को दूर करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सायं काल ईवीएम को रूम नंबर 13 में सील कर दिया जाता है और अगले दिन प्रात 10 बजे से मतदाताओं को ईवीएम के माध्यम से वोट डालने का तरीका बताया जा रहा है।

## गन्ना मूल्य में 20 रुपये बढ़ोतरी नाकाफी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के नेता प्रीतम सिंह के नेतृत्व में किसान गन्ना मूल्य वृद्धि की मांग को लेकर गन्ना विकास परिषद पहुंचे। मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक हशमुल हसन को सौंपा।

इसमें किसान नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि गन्ने की मूल्य वृद्धि केवल 20 रुपये प्रति क्विंटल लंबे इंतजार के बाद की गई है। यह किसानों के लिए संतोष जनक व पर्याप्त नहीं है। गन्ने की फसल में लागत और श्रम लगातार बढ़ता जा रहा है। कीटनाशक, उर्वरक, डीजल, पेट्रोल आदि के दाम आसमान छू रहे हैं।

स्थानीय कोल्हूओं पर भी 400 रुपये से अधिक प्रति क्विंटल गन्ना बिक रहा है। किसानों को 370 रुपए का मूल्य स्वीकार नहीं है। सरकार गन्ने का रेट 450 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करें। जिला महासचिव कामरेड कैलाश सिंह, हर स्वरूप सिंह, रवि कुमार, सरदार जसवंत सिंह, पर्यवेक्षक विद्या सागर, नागेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक हशमुल हसन को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

## लेनदेन को लेकर मारपीट में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव समाथल में रुपयों के लेनदेन को लेकर मारपीट करके घायल कर दिया। इस मामले में चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव समाथल निवासी राजेश्वर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी मौसी के लड़के हरप्रकाश से गांव के ही रामनरेश, उसके भाई प्रशांत, रामऔतार व राम औतार आदि से रूपयों के लेनदेन का विवाद चल रहा था। जिसको लेकर उनके द्वारा दोनों पक्षों को समझाया गया था। इस बात को लेकर चारों उससे रंजिश रखने लगे। जब वह सवेरे 8:30 बजे अपने घर से मुरादाबाद काम करने जा रहा था तो रामनरेश, प्रशांत, पिंटू व रामऔतार ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और मारपीट की। पीड़ित के मुताबिक उनके शरीर पर खुली व गुम चोटें आईं। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## गन्ना मूल्य बढ़ाने पर जताया आभार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने गन्ने का रेट 20 रुपये प्रति क्विंटल बढाने पर जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा सतेंद्र चौधरी के नेतृत्व में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिलाध्यक्ष सतेन्द्र चौधरी ने कहा देश की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार निरंतर किसान हित में कार्य कर रही है। किसान हित में अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। भाजपा सरकार ने किसानों से किए वादे पूरे किए हैं। इस मौके पर जिला महामंत्री अनुज विश्नोई, अजय, नितिन गुर्जर, मंडल अध्यक्ष राम सिंह चौहान, सुनील कुमार, जय प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।



डीएम को ज्ञापन देते भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाजपा किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री को भेजा धन्यवाद ज्ञापन

**कांठ, अमृत विचार :** सरकार द्वारा गन्ने का मूल्य 20 रुपये बढ़ाने पर भाजपा किसान मोर्चा ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापन भेजा है। सरकार द्वारा गन्ने के मूल्य में 20 रुपये बढ़ाए जाने पर किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष तेजा गुर्जर के निर्देश पर जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा सतेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के जरिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापन देकर उनका धन्यवाद किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सतेन्द्र चौधरी ने कहा भाजपा सरकार किसान हित में कार्य कर रही है। भाजपा सरकार ने किसानों से किए हुए वादे पूरे किए हैं। इस दौरान जिला महामंत्री अनुज विश्नोई, अजय, नितिन गुर्जर, मण्डलाध्यक्ष राम सिंह चौहान, सुनील कुमार, जयप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।



प्रमाण पत्र वितरित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### लाभार्थियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

**छजलैट, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम कुड़ा मीरपुर एवं अन्यारी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सरकार की योजनाओं से अवगत भी कराया गया। ग्राम कुड़ा मीरपुर एवं अन्यारी उर्फ अलीनगर में मुख्य अतिथि डॉ. अंगद सिंह चौहान मंडल महामंत्री (मंडल संयोजक भारत विकसित संकल्प यात्रा) ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कहा कि पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपना आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराएं। लाभार्थियों को उज्जवला गैस कनेक्शन, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, शौचालय प्रमाण पत्र, किसान सम्मान निधि प्रमाण पत्र एवं अन्य पात्रों को प्रमाण पत्र दिये गये। इस अवसर पर वीर सिंह सैनी जिला मंत्री किसान मोर्चा, राजेश त्यागी, अशोक त्यागी, सविता सिंह, अनिता देवी ग्राम प्रधान, बिजेंद्र सिंह ग्राम प्रधान एवं समस्त विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्राची ने पास की यूजीसी की नेट परीक्षा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** यूजीसी ने नेट का 2023 का परीक्षाफल घोषित कर दिया है। इसमें नगर निवासी पूर्व नगराध्यक्ष शिवेंद्र गुप्ता की पुत्री प्राची अग्रवाल ने 300 में 154 अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की है। उसकी सफलता पर परिजनों के साथ सगे संबंधियों ने भी शुभकामनाएं दी। प्राची ने इंटरमीडिएट तक की शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय से प्राप्त की है।



श्रद्धांजलि देते अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### महाराणा प्रताप को अर्पित की श्रद्धांजलि

**कांठ, अमृत विचार :** महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ. अशोक चौहान के आवास पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नेतृत्व में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर शोक सभा की गई। इसमें महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के शौर्य, पराक्रम व त्याग पर प्रकाश डाला। डॉ. अशोक चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप ने मुगलों तथा अकबर को युद्ध के मैदान में अपने पराक्रम से धूल चटा दी थी। उन्होंने राष्ट्र और सभी जाति-धर्म के लिए युद्ध लड़ा। विषम परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और दुश्मनों से डटकर मुकाबला किया। उनका त्याग, बलिदान, शौर्य इतिहास के पन्नों पर सुनहरे अक्षरों में लिखा गया। उनकी जीवन शैली से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। त्याग व राष्ट्र प्रेम की भावना दिल में लेकर कार्य करना चाहिए। उनके घोड़े चेतक ने भी युद्ध के मैदान में डटकर साथ दिया और अंत में अपने प्राण त्याग दिए। शोक सभा में डॉ. कमल आर्य, ललित, लक्की कुमार, मनीष कुमार, हर्ष पाल सिंह, मुकुल, राजू सिंह, अभिषेक, अरविंद कुमार, विवेक, शानव, सर्वश्रेष्ठ चौहान आदि मौजूद रहे।

## जब्त अंकतालिकाएं एसपीएसएम कालेज को लौटाईं

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** स्ववित्त पोषित विद्यालय प्रबंधक एवं शिक्षक एसोसिएशन के एकजुट होकर मोर्चा खोलने पर एसडीएम की कार्रवाई में जब्त एसपीएसएम इंटर कालेज की जब्त अंकतालिकाओं को वापस कर दिया गया है। अब अंकतालिकाओं का वितरण कालेज से ही किया जाएगा।

एसडीएम अजय कमार मिश्रा से चार जनवरी को छात्राओं ने एसपीएसएम कालेज रामूवाला गनेश में विगत वर्षों की अंकतालिकाओं के एवज में अवैध वसूली की शिकायत की थी। इस पर एसडीएम ने कालेज पहुंचकर अंक तालिकाएं कब्जे में लेकर राजकीय कालेज को सौंप दी थी। इस प्रकरण को लेकर स्ववित्त प्रोषित विद्यालय प्रबंधक एवं शिक्षक एसोसिएशन ने विरोध किया था। जिलाधिकारी से शिकायत की थी। एसोसिएशन के अध्यक्ष खड़क सिंह के अनुसार सभी अंकतालिकाओं को विद्यालय को सौंप दिया गया है।

## महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाई

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में शुक्रवार को क्षत्रिय समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

भाजपा के मंडल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर ने कहा कि महाराणा प्रताप का कद 7 फीट 5 इंच था। उनका भाला, तलवार और कवच काफी भारी थे। वह वीर, साहसी और निडर थे। उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने जीवन को अर्पण कर दिया। हमें उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम में ठाकुर प्रमोद पुंडीर, संजय ठाकुर, मनोज कुमार पुंडीर, राजकुमार पुंडीर, राजेश सिंह, राजू सिंह, सतीश सिंह, टीकमसिंह, टिकू सिंह, कोमल सिंह, हरिओम सिंह, जगराज सिंह, बादल पुंडीर, हिमाशु, जीतू, मोनू, लकी आदि मौजूद रहे।



महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित करते क्षत्रिय समाज के लोग। ● अमृत विचार



युवक को मिठाई खिलाती मां व परिजन।

## भू वैज्ञानिक बनेगा किसान का बेटा

**कुंदरकी, अमृत विचार :** किसान का बेटा भू वैज्ञानिक बनेगा। ऑल इंडिया स्तर पर यूपीएससी की कंबाइंड जिओ साइंस्टिट परीक्षा पास कर किसान के बेटे ने क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। उसने ऑल इंडिया स्तर पर 145वीं रैंक हासिल की है।

ग्राम हरियाना निवासी मोहम्मद गुलाब नबी अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में रिसर्च स्कॉलर की पढ़ाई कर रहे हैं। शुक्रवार को अलीगढ़ से पैतृक गांव पहुंचे गुलाम नबी को दादा बन्ने खां, मां आशरून जहां, भाई मोहम्मद उमर खां, बहन आयशा, युसूफ खान, जावेद मुगल, आलेनबी, डा. मुबारिक ने मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी।

## कोर्ट मैरिज करने वाली युवती की संदिग्ध हालात में जलकर मौत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**घटना**

- परिजनों ने आनन-फानन में किया अंतिम सस्कार
- समय रहते उपचार मिल जाता तो बच सकती थी जान

**अमृत विचार :** युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस व युवती के परिजनों को सूचना दिए ही आनन फानन में शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ख्वाजपुर धनतला के युवक का पड़ोसी गांव निवासी दूसरी बिरादरी की युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों ने एक वर्ष पूर्व कोर्ट मैरिज कर लिया था। इसे लेकर दोनों के परिजन नाराज थे। किसी बात को लेकर युवती की ससुराल वालों से कहा सुनी हो गई। इससे गुस्साई युवती ने गुरुवार को घर में रखे ज्वलनशील पदार्थ शरीर पर डालकर आग लगा ली। किसी तरह ससुराल वालों ने कंबल आदि डाल कर उसे बचा लिया। बताया जाता है कि इस दौरान युवती 80 प्रतिशत जल गयी थी। इसके बावजूद उसका उपचार नहीं कराया गया। परिणामस्वरूप शुक्रवार को उसकी मौत हो गयी। गांव में चर्चा है कि युवती ने इससे पूर्व भी कई बार आत्महत्या का प्रयास किया था। मगर उस समय किसी तरह बच गई थी। उसके ससुराल वालों ने बिना किसी को सूचना दिए कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए आनन फानन में युवती का अंतिम संस्कार भी कर दिया।

रानी नागल पुलिस चौकी प्रभारी देव सिंह ने बताया कि उन्हें इस सम्बध में कोई जानकारी नहीं है। इस तरह की कोई शिकायत भी नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## राम मंदिर आंदोलन में मैंने उड़ते देखीं संविधान की धज्जियां, इस लड़ाई में मैंने दुःख झेले, प्रताड़नाएं सहीं

# जो श्रीराम का नहीं वो किसी काम का नहीं है : ऋतम्भरा

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राम मंदिर आंदोलन की अग्रिम पंक्ति की नेत्री साध्वी ऋतम्भरा अब बेहद खुश हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी उनके चेहरे पर खेलती दिखाई दे रही है। प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव में शामिल होने वाली वह उन गिनी-चुनी हस्तियों में शुमार हैं जिन्हें आयोजन में ससम्मान बुलाया गया है।

शनिवार को अयोध्या रवाना होने से पहले अमृत विचार से मुखातिब साध्वी ऋतम्भरा ने छूटते ही कहा कि जो श्रीराम का नहीं है वो किसी काम का नहीं है। राम मंदिर आंदोलन में मैंने संविधान की धज्जियां उड़ते देखी हैं। प्रस्तुत हैं साध्वी ऋतम्भरा से हुई बातचीत के चुनिन्दा अंश।

● राम मंदिर आन्दोलन ने आपको बहुत कम उम्र में काफी बड़ा कद दे दिया था लेकिन राजनीति की चौड़ी सड़क छोड़कर आप वृन्दावन में आश्रम बनाकर बस गईं, क्यों ?

● मैं राम की लड़ाई लड़ने आयी थीं। यह लड़ाई भारत के स्वाभिमान की थी। मैंने पहले दिन ही तय कर लिया था कि मंदिरों की लड़ाई को सत्ता से परे रखूंगी। इस लड़ाई में मैंने जो दुःख झेले, जो प्रताड़नाएं सहीं। दुनिया के सामने मेरी जो तस्वीर बनाई गई। विदेशों में मुझे जिस नजरिये से देखा गया। इंग्लैण्ड का वीजा मिलने में जो दिक्कतें आईं। उसने मुझे इस बात के लिए तैयार किया कि राम का संघर्ष जारी रखना है और सत्ता के रास्ते पर नहीं बढ़ना है।

● अच्छे लोग राजनीति में रहें तो हालात और भी बेहतर हो सकते हैं, ऐसा आप क्यों नहीं सोचतीं ?



● आपकी बात सही है लेकिन मुझे लगता है कि मेरे जैसे लोगों को सत्ता से दूर रहकर राजनीति को सचेत करने का काम करना चाहिए। राजनीति में अच्छे लोग आने लगे थे। मैंने समझ लिया था कि यह अच्छे लोग राम मंदिर का रास्ता बनाएंगे। इसी वजह से मैं आश्रम बनाकर सुखी हो गई। वृन्दावन में वात्सल्य आश्रम के जरिये मैंने कितना बढ़िया काम किया इसे देखने के बजाय लोग लगातार मुझ पर आरोप लगाते रहे। आज मोदी जी और योगी जी ने साबित कर दिया कि सत्ता सही रास्ते पर हो तो राजनीति सही दिशा में बढ़ ही जाती है।

● राजनीति और सत्ता को संविधान के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए, इससे आप कितना सहमत हैं ?

● संविधान की रक्षा तो सत्ता के सामने पहली शर्त होती है। राम मंदिर आन्दोलन में मैंने संविधान की धज्जियां उड़ते देखीं। संविधान बचाने के नाम पर निहत्थे राम भक्तों पर गोलियां चलाई गईं। यह गोलियां तुष्टिकरण के नाम पर चलाई गईं थीं। यह बात सभी को अच्छे से समझ लेनी चाहिए कि भारत राम और कृष्ण के बिना कुछ नहीं है। राम की लड़ाई तो भारत के स्वाभिमान की लड़ाई थी। हमें खुशी है कि उस लड़ाई का हम हिस्सा रहे।

● आप सौभाग्यशाली हैं कि आपको निमंत्रण मिला। बहुत से लोग तो इसी से नाराज हैं कि बुलाया नहीं ?

● राजनीति करने वाले तो राजनीति ही करेंगे। यह उनका पेशा है। उन्हें हम क्या कहें। बस यही कह सकते हैं कि ऐसी राजनीति करने वालों के दिन लद गए। राजनीति करने वालों को जनता के मन को समझना होगा। राजनीति सत्य को स्थापित करने के लिए है। राजनीति भारत को गाली देने के लिए नहीं है।

● राजनीति भाग्य बदल देने का नाम भी है

● यही बात समझ ली गई होती तो भारत को संताप के दिन नहीं देखने पड़ते। भारत को उसका खोया गौरव बहुत पहले ही मिल गया होता। राजनीति के लिए कुशलता की जरूरत होती है। राजनीति करने वाले का लक्ष्य निर्धारित होना चाहिए। मैं आज देख पा रही हूं कि बीजेपी वाले जीते या हारे लेकिन उनका लक्ष्य राम का मंदिर ही रहा। वह कभी लक्ष्य से नहीं भटके। नतीजा देखिए आज बीजेपी पर सवाल उठाने वालों के पेट में दर्द हो रहा है। भाग्य बदल गया या नहीं।

● अब राम मंदिर का लक्ष्य पूरा हुआ। आपका वात्सल्य आश्रम वास्तविक परिवार की परिकल्पना को भी हासिल कर चुका है। अपने दोनों लक्ष्य हासिल होने के बाद कौन आपका दोस्त है और कौन आपका दुश्मन ?

● (साध्वी ऋतम्भरा के चेहरे पर मुस्कान खेल जाती है ) जो राम का नहीं है वो किसी काम का नहीं है। अब तक दुनिया में जहां भी जाती थीं मेरे विरोध में खड़े लोग दिखाई देते थे। अब मैंने खुद को साबित कर दिया है। राजनीति न तब मुझे आकर्षित करती थी न अब। वात्सल्य को और श्रेष्ठ बनाने के लिए जुटूंगी।

# मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार का हिसाब नहीं दे रहे जिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 2018 से 2023 तक ग्राम पंचायतों को मिली थी प्रोत्साहन राशि
- उपभोग प्रमाण पत्र के साथ निदेशालय ने मांगी कार्यों की फोटो

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार के लाखों रुपये लेने के बाद जिलों ने धनराशि का हिसाब नहीं दिया है। यह धनराशि किस विकास कार्य में खर्च हुई इसका उपभोग प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है। निदेशक पंचायती राज ने कार्यों की फोटो समेत 2018 से 2023 तक का हिसाब मांगा है।

प्रदेश में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना 2018 से शुरू हुई थी। यह योजना पंचायत को प्रोत्साहित करने के लिए है। इसमें बेहतर विकास कार्य कराने वाली ग्राम पंचायतों का चयन कर 8 लाख रुपये तक बजट के अतिरिक्त दिए जाते हैं। इससे जिन कार्यों में बजट का अभाव होता है वह कार्य आसानी से कराए जाते हैं। प्रदेश में 2018 से 2023 तक ग्राम पंचायतों को पुरस्कार धनराशि दी गई। लेकिन, यह कौन से कार्य में इस्तेमाल हुई, कार्य की प्रगति क्या है।

इसका उपभोग प्रमाण पत्र निदेशालय को नहीं भेजा है। सिर्फ वाराणसी ने 2020-21 का हिसाब दिया है। पंचायती राज निदेशक राज कुमार ने सभी जिलों के डीपीआरओ को चेतावनी देकर कार्यों की फोटो समेत उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं। गड़बड़ी पर कार्रवाई की जाएगी।

# ब्रम्होस, चंद्रयान के कलपुर्जे बनाने को डिफेंस कॉरिडोर का होगा विस्तार

## लखनऊ नोड के लिए अधिग्रहित की जाएगी 35.67 हेक्टेयर भूमि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ब्रम्होस मिसाइल और चंद्रयान के कल-पुर्जे बनाने को इकाई स्थापित करने लिए उप्र. डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना का विस्तार किया जा रहा है। इसके मद्देनजर यूपी डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना लखनऊ नोड में 35.67 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित करने के लिए औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को 45.18 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इसके जरिये भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई को पूरा किया जाएगा।




देश की सुरक्षा के लिए तैयार खड़े ब्रम्होस। ● अमृत विचार

- औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी ने भूमि अधिग्रहण के लिए 45.18 करोड़ की दी मंजूरी

यूपी डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना लखनऊ नोड के 80 हेक्टेयर भूमि पर ब्रम्होस मिसाइल की इकाई स्थापित की जा रही है, जिसका कार्य तीव्र गति से चल रहा है। वहीं 20 हेक्टेयर भूमि पर एयरोस्पेस एवं चंद्रयान आदि के कल-पुर्जे बनाने वाली कम्पनी एरोलॉय को स्थापित करने का कार्य चल रहा है। इसके अलावा तीन अन्य कम्पनियों को लखनऊ नोड में भूमि उपलब्ध करा दी गई है। वहीं कई कम्पनियों के लिए भूमि की आवश्यकता को देखते हुए भूमि अर्जन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

# एमएलसी चुनाव में भाजपा से दारा का नामांकन ही वैध

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधान परिषद (एमएलसी) उप चुनाव में शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान ने का नामांकन पत्र वैध पाया गया है, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी ओमकार नाथ चौरसिया का नामांकन खारिज हो गया। अब दारा की जीत की घोषणा होना ही शेष रह गया है। एमएलसी पद पर उपचुनाव में गुरुवार को दो नामांकन पत्र दाखिल हुए थे। भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार सुबह 11 बजे निर्वाचन कार्यालय में उपस्थित हुए। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी ओमकार नाथ चौरसिया आए भी नहीं थे। उनकी ओर से नामांकन की न फीस जमा की गई थी, न ही कोई प्रस्तावक था। चुनाव अधिकारी बृज भूषण दूबे ने बताया कि दारा सिंह चौहान ने 10 प्रस्तावकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया था, जिसे जांच में वैध पाया गया है। निर्दलीय नामांकन करने वाले ओमकार नाथ चौरसिया का अपूर्ण नामांकन खारिज कर दिया गया है।

# पारस शुक्ला बने प्रदेश युवा कांग्रेस (पश्चिमी) के अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पारस शुक्ला को उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस (पश्चिमी) का अध्यक्ष बनाया गया है। इसको लेकर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी की ओर से पत्र जारी किया गया।पारस शुक्ला बरेली महानगर कांग्रेस अजय शुक्ला के बेटे हैं। अजय शुक्ला के पिता पंडित राम स्वरूप शुक्ला लगातार 12 साल जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे हैं।पारस शुक्ला के अध्यक्ष बनाये जाने पर बरेली में महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष अजय शुक्ला के निवास पर बैठक हुई, जिसमें पारस शुक्ला के नियुक्त होने पर हर्ष व्यक्त किया गया। मिठाई बांटी गई।



बैठक में वक्ताओं ने कहा कि एनएसयूआई के जमाने से ही कठोर परिश्रम कर अपनी पहचान बनाने वाले पारस शुक्ला को अपनी मेहनत का परिणाम मिला है। पारस शुक्ला के पारिवारिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी विचारधारा की है। वक्ताओं ने कहा कि हमें आशा है कि पारस शुक्ला के अध्यक्ष बनने से राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी। पूर्व पार्षद महेश पंडित ने कहा कि युवा कांग्रेस पार्टी की वीर कही जाती है। पीसीसी सदस्य योगेश जौहरी ने कहा कि बरेली का इतिहास बनने जा रहा है। पारस शुक्ला ने विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने कभी कांग्रेस का दामन नहीं छोड़ा। डॉक्टर शरबत हुसैन हाशमी ने कहा कि उन्होंनें विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी को हमेशा मजबूत करने का काम किया है। बधाई देने वालों में बरेली महानगर प्रवक्ता योगेश जौहरी, सरदार इकबाल सिंह वाले, हाजी सुलतान, फिरोज खान, मुकेश वाल्मीकि, राहुल शुक्ला, रवि पाल, आदि शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### बहराइच में तेंदुए के हमले से बालिका की गयी जान

**बहराइच, अमृत विचार :** कतर्निया घाट रेंज के अयोध्यापुरवा में शुक्रवार को पिता के साथ खेत गयी बालिका पर तेंदुए ने हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। डीएफओ ने बताया कि पीड़ित परिवार को सहायता राशि दी जाएगी। शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे सुजौली के अयोध्यापुरवा की आयशा (10) पिता इसराइल के साथ खेत गई थी। पिता खेत में खाद डालने लगा। तभी तेंदुए ने अकेली बैठी बालिका पर झपट्टा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसकी चीख सुनकर आसपास के किसानों ने शोर मचाया तो तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। कुछ देर बाद मौके पर ही बालिका ने दम तोड़ दिया।

### 17 जिला आबकारी अधिकारी बदले गए

**लखनऊ, अमृत विचार :** आबकारी विभाग में राजधानी समेत 17 जिलों में आबकारी अधिकारी बदले गए हैं। साथ ही 33 सहायक आबकारी आयुक्त व जिला आबकारी अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। आबकारी आयुक्त सैंथिल पांडियन सी ने तबादलों की सूची जारी किया है। आबकारी आयुक्त ने शुक्रवार को बताया कि अयोध्या, गाजियाबाद, बुलंदशहर व झांसी आदि जिलों में जिला आबकारी अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। तबादलों में कल्प नाथ रजक को हरदोई से गाजियाबाद का जिला आबकारी अधिकारी बनाकर भेजा गया है, अभिमन्यु प्रताप सिंह को मोदी आसवानी गाजियाबाद, अखिलेश कुमार आर्य को अमेठी, रवि शंकर प्रथम को फिरोजाबाद मे जिला आबकारी अधिकारी, राधा कृष्ण वर्मा को संभल में, रविशंकर पाठक को शाहजहांपुर का सहायक आबकारी अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार विभिन्न जिलों में नए अधिकारियों की सूची जारी की गई है।

# स्मार्ट बिजली मीटर के लिए एमटीसीटीई प्रमाणन जरूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर स्मार्ट बिजली मीटर लगाने के पहले इन मीटरों का एमटीसीटीई प्रमाणन मैंडेटरी टेस्टिंग एंड सर्टिफिकेशन ऑफ टेलीकॉम इक्युपमेंट जरूरी कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने सुरक्षा मानकों का पालन कराने के लिए सभी वितरण बिजली कंपनियों को निर्देश जारी किया है।

कॉरपोरेशन ने केंद्र सरकार के आदेश के क्रम में यह निर्देश जारी किया है। इसके तहत बिजली उपभोक्ताओं के घरों में लगने वाले सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को अब अनिवार्य रूप से उसमें लगने वाले टेलीकॉम उपकरण मॉडम आईओटी गेटवे ट्रैकिंग डिवाइस राउटर लाइन स्विच और फाइबर केबल की 1 जनवरी 2024 से 1 अप्रैल 2024 बीच बिना टेलीकॉम उपकरणों की टेस्टिंग कराए उसे उपभोक्ताओं के घर में नहीं लगाया जा सकेगा। पावर कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य अमित श्रीवास्तव की ओर से बिजली कंपनियों को जारी निर्देश में केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय व केंद्रीय टेलीकॉम सचिव की तरफ से जारी निर्देश का हवाला दिया गया है। कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उससे निकलने वाली रेडियो फ्रीक्वेंसी उत्सर्जन यानी तरंगों से आम जनता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव तो नहीं पड़ रहा है।

### मीटर के अंदर नहीं लग सकेंगे घटिया उपकरण

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बडे.पैमाने पर स्मार्ट मीटर कंपनियां घटिया क्वालिटी के मीटर बना रही हैं। इसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ता है। अब जब सभी मीटर निर्माता कंपनियों को अपने टेलीकॉम प्रोडक्ट की जांच करानी पडे़गी। इससे स्मार्ट मीटर निर्माता कंपनियां मीटर के अंदर लगने वाली चिप और मॉडेम घटिया क्वालिटी की नहीं लगा सकेंगी।

# लोस चुनाव से पहले सपा ने अपने 74 नेताओं को बनाया पैनलिस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मीडिया के समक्ष रखेंगे पार्टी का पक्ष और विभिन्न मुद्दों पर देंगे प्रतिक्रिया
- सूची में लखनऊ से 18, कांसगंज दो, शाहजहांपुर से एक तो बरेली से तीन नेता शामिल

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी ने पैनलिस्टों की सूची जारी की है। इसमें 74 नेताओं के नाम हैं। यह सभी मीडिया को पार्टी का पक्ष रखने व प्रतिक्रिया देने के लिए अधिकृत किए गए हैं। बीते साल अप्रैल में 62 लोगों की सूची जारी की गई थी। अब इसमें 12 पैनलिस्ट की बढ़ोत्तरी हो गई है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पिछले दिनों पैनलिस्टों की बैठक ली थी और उसके बाद अब संशोधित सूची जारी की गई। अलग-अलग दो दर्जन से ज्यादा जिलों से इस सूची में लखनऊ से 18, कांसगंज दो, शाहजहांपुर से एक तो बरेली से तीन समेत अन्य नेता शामिल हैं।

शुक्रवार को जारी सूची में अभिषेक मिश्र, अरविंद गुप्ता, अशोक यादव, अतुल यादव, धर्मेंद्र सिंह समेत कुछ नेताओं के नाम नहीं हैं। जबकि इस सूची में अनुराग भदौरिया, राजपाल कश्यप, उदयवीर सिंह, सुनील सिंह साजन , आईपी सिंह, जूही सिंह, आशुतोष वर्मा, नेहा यादव, पूजा शुक्ला, अनूप सांडा, राज कुमार भाटी, डॉ. अजीज खान, अमीक जमाई, पवन पांडेय, राजीव राय के नाम शामिल है।

इसके अलावा नाहिद लारी खान, प्रदीप भाटी, मनोज यादव, मनोज काका, समीर सिंह यादव, मनीष सिंह, गौरव चचरा, भुवन भास्कर जोशी, शाद शेरवानी, निधि यादव, जगदीश सिंह, अब्दुल हाफिज गांधी, कीर्ति निधि पांडेय, नितेन्द्र सिंह, मो आजम, मो साजिद, डॉ अभिषेक राय, सुमैय्या राणा, नसीर सलीम, धर्मेंद्र कुमार, धर्मेंद्र सिंह, फखरुल हसन, चंचल कुमार, विनय सिंह ''बिन्नू'', मनोज राय धूपचंडी, फराजुद्दीन किदवई, पूजा मिश्रा, ज़ाहिदा सुल्तान, कपीश श्रीवास्तव, अब्बास हैदर, विवेक सैलास, ओम प्रकाश आंबेडकर, राम प्रताप सिंह का नाम शामिल है।

इसके साथ ही मनीष सिंह, घनश्याम तिवारी, शर्वेन्द्र सिंह, दीपक रंजन, अतुल सक्सेना, अजीत यादव, डॉ एसके दुबे, अखिलेश कटियार, शरद सरन, तारिक खान, विजय राठी, यश भारतीय, आर ए उस्मानी, अभिषेक बाजपाई, सुधीर पवार, अशोक यादव, अशोक तिवारी, महेश आर्य, अतुल यादव, वैभव पाठक, मयंक शुक्ला, विनय सिंह, रमेंद्र त्रिपाठी, फैज़ान किदवई, जीतेन्द्र वर्मा और रविंद्र सिंह का भी नाम शामिल है।

## वर्ग पहेली-318

**बाएं से दाएं**

2. 1. बढ़िया और महीन कपड़ा 2. सन या तीसी के रेशे से बना कपड़ा, क्षौम-वस्त्र 3. उत्तरीय, दुपट्टा।

3. 1. युग का निर्माता 2. युग का सूत्रपात करने वाला।

4. लखनऊ का, लखनऊ से संबंधित।

6. 1. नायक 2. गणेश।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. जमोगने अर्थात स्वीकार करने की क्रिया 2. किसी दूसरे की बात का किसी तीसरे के द्वारा समर्थन 3. चित्रकला में बेल-बूटे आदि को एक-दूसरे से नियत दूरी और अपने-अपने ठीक स्थान पर बैठाने की क्रिया या भाव 4. सामने का निश्चय, तसदीक 5. ऋण चुकाने की एक प्रथा जिसमें ऋणी व्यक्ति अपने ऋण का भार किसी और पर डाल देता है।

2. जो दुविधा रहित हो, जिसे कोई दुविधा न हो, असमंजस न हो।

4. 1. दो व्यक्तियों या दलों का परस्पर झगड़ा या घात-प्रतिघात करना 2. बहस या तकरार करना 3. कुश्ती या खेल-कूद में मुकाबला करना 4. दो व्यक्तियों या वस्तुओं का आपस में टकराना।

5. 1. पंक्ति, कतार 2. रास्ता, मार्ग, सड़क 3. बाज़ार, हाट 4. सूर्य के भ्रमण का मार्ग 5. (पुरातत्व) भवन में आने-जाने के लिए लता




### वर्ग पहेली - 317 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | ड़ा | ■ | ■ | 2 वि | ■ |
| ■ | ■ | 3 ह | ठ | यो | ग |
| 4 पा | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| 5 षा | ण् | 6 मा | सि | क | ■ |
| ण | ■ | ल | ■ | ■ | 7 रे |
| म | ■ | 8 वि | ला | य | त |
| णि | ■ | का | ■ | ■ | ना |

## सुडोकू-35

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 3 | 2 | | | | 6 |
| 7 | | | | | 1 | | 5 | |
| | 2 | 4 | | 8 | | 3 | | 1 |
| 1 | | 8 | | | 6 | | 9 | 7 |
| | 5 | | 9 | | | 8 | | |
| 4 | | | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | 5 | | | 4 | | 2 | |
| | 7 | | | | | | | 5 |
| | | | 7 | | 2 | | 3 | |

### सुडोकू - 34 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 |
| 6 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 1 | 9 | 6 | 2 | 5 | 3 | 8 | 7 |
| 2 | 3 | 8 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 |
| 1 | 6 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 9 | 5 | 7 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 | 6 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 8 |
| 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जनवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष,पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-दशमी 19 .26 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11 .56-12 .39 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-06 .56-07 .39, 07 .39-08 .22 तक।
दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 21 जनवरी 03 .09 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** — आज दिन की शुरुआत काफी कमजोर रहेगी। विदेश से जॉब के प्रस्ताव मिल सकते हैं। नशे और अनैतिक गतिविधियों में धन बर्बाद न करें। प्रेमी जन आपको कुछ उपहार भेंट कर सकते हैं। व्यापार में आप जोखिम भरे निर्णय ले सकते हैं।

**वृष** — आज निजी रिश्तों में नजदीकियां बढ़ेंगी। संतान की तरफ से सुखद समाचार मिलेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। आपको सहयोगियों से थोड़ा सावधान रहना चाहिए। विवाह तय करने को लेकर तुरंत निर्णय लेने से बचें।

**मिथुन** — आज अनावश्यक कार्यों में धन खर्च होगा। अपनी कार्य योजना में सुधार लाने का प्रयास करें। मनोनुकूल काम न हो पाने के कारण आपका मन उदास हो सकता है। अपनी दिनचर्या को संतुलित रखने का प्रयास करें।

**कर्क** — आज आपको मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा। मेडिकल छात्रों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के अधिकार बढ़ सकते हैं। घर में काफी रौनक और उत्साह का वातावरण रहेगा।

**सिंह** — आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। उच्चाधिकारियों के साथ गंभीर विषयों पर चर्चा करेंगे। संतान को लेकर परेशानी दूर होगी। मित्रों के साथ आपको धन लाभ मिलेगा। मार्केटिंग से जुड़े कार्यक्षेत्र से आपको उत्तम परिणाम मिलेंगे।

**कन्या** — आज विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। रिटेल से संबंधित व्यापार में थोड़ी कठिनाई आ सकती है। धन उधार देने को लेकर धर्म-संकट में फंस सकते हैं। आप प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहेंगे।

**तुला** — आज किसी कानूनी मामले में उलझ सकते हैं। तनाव का आपकी नींद पर बुरा असर पड़ सकता है। घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर का वातावरण थोड़ा अस्त-व्यस्त रहेगा। पुरुष जातक महिलाओं के प्रति भाव शुद्ध रखें।

**वृश्चिक** — आज प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन परिणाम मिल सकते हैं। मांगलिक कार्यक्रमों की योजना बना सकते हैं। अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। बिजनेस में आप बड़ा निवेश कर सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा।

**धनु** — आज व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ विवाद शांत होगा। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ मिलेगा। कुछ लोग आपकी छवि को लेकर दुष्प्रचार कर सकते हैं। व्यवसाय में प्रभावशाली लोगों से संबंध मजबूत होंगे। राजनीतिक संपर्क का लाभ उठाएंगे।

**मकर** — आज अपने काम के प्रति काफी गंभीर रहेंगे। छिपे हुए प्रेम संबंध व्यक्त हो सकते हैं। अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। आपकी प्रभावशाली वाणी की लोग काफी प्रशंसा करेंगे। पारिवारिक वातावरण काफी सुखद रहेगा।

**कुंभ** — आज व्यापार के दृष्टिकोण से दिन काफी सामान्य रहने वाला है। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। नौकरीपेशा लोग बॉस से कुछ नाखुश रहेंगे। गरिष्ठ भोजन का सेवन करने से बचें अन्यथा पाचन प्रभावित हो सकता है।

**मीन** — आज आवश्यक दस्तावेजों को संभालकर रखें। अटके हुए कार्यों को तेजी से पूरा करने का प्रयास करेंगे। आप काफी रोमांटिक मूड में रहेंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन होगा। कारोबार में आपको अचानक से बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- पृथ्वी — दोपहर : 12 .00
- यस बॉस — रात : 07 .00

SONY MAX
- लगे रहो मुन्ना भाई — सुबह : 08 .00
- जब तक है जान — रात : 07 .00

SONY PIX
- जुमांजी — सुबह : 09 .17
- लाइफ — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- घायल — सुबह : 10 .30
- जीरो — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- साजन — दोपहर :12 .00
- दिलवाले — शाम : 04 .10

### आज की सुपरहिट फिल्म

DILWALE

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम-04 .10 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बच्चा- नल से आते पानी को देखकर बोला,पापा ये पानी कहां से आता है?
पापा- बेटा नदी से...
बेटा-तो फिर मुझे नदी देखनी है।
पापा उसे नदी दिखाने ले जाते हैं।
बच्चा उन्हें नदी में धक्का मारकर गिरा देता है और भागता हुआ घर आकर मां को कहता है।
मम्मी जल्दी से नल खोलो ,पापा आते होंगे...

अध्यापक- रोहन, अगर तुम्हारे पास पंद्रह सेब हों जिनमें से छह तुम निर्मला को दे दो,चार सुनिता को दे दो और पांच डौली को दे दो तो तुम्हें क्या मिलेगा?
रोहन- सर ! मुझे तीन नई गर्लफ्रेंड मिलेगी।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,683.23 | 21,622.40 |
| फायदा | 496.37 | 160.15 |
| प्रतिशत में | 0.70 | 0.75 |

# कारोबार/कृषि



अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, शनिवार, 20 जनवरी 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक –995, फ्लैग–1115, डीएमओ–815, बोल्ड–1155 **चन्दौसी**–शिवालिक– 1000, फ्लैग–1120, बोल्ड– 1170, डीएमओ– 900

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1880, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1790, फॉर्चुन ली0 1610, जय जवान 1450, सचिन 1435, सूरज 1475, अवसर 1485, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1695, स्वास्तिक 1850 ।किराना–( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–10000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 15000–20000, सोंठ 35800, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 600–800 ।चावल–( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350। दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500–14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 6950–7700, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650–10400, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000–11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7100, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000–13800, सच्चा हीरा 14400, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 10900, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11600, अरहर पटका छोटा 13600–14000, अरहर कोरी छोटी 15200 ।चीनी–डालमियां 4070, पीलीभीत 4030, नवाबगंज 4010 (नयी), बहेड़ी 4030 ( नयी )।

# दूरसंचार में व्यवहार्यता बढ़ाने को नीतिगत उपाय करने की अपील

## आम बजट : सीओएआई ने वित्त मंत्रालय को सौंपी अपनी सिफारिशें

नई दिल्ली, एजेंसी



देश में डिजिटल संचार पारितंत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष उद्योग निकाय सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने वित्त मंत्रालय को आम बजट 2024-25 के लिए अपनी सिफारिशें सौंपी हैं जो इस उद्योग की वित्तीय बेहतरी पर केंद्रित है। सीओएआई का मानना है कि आदर्श रूप में यूएसओएफ शुल्क खत्म किया जाना चाहिए। हालांकि, यह संभव नहीं हो तो मौजूदा यूएसओ निधि (77,000 करोड़ रुपये) खर्च होने तक एजीआर के 5 प्रतिशत का यूएसओ अंशदान निलंबित किया जा सकता है। इसके अलावा, लाइसेंस शुल्क जल्द से जल्द 3 प्रतिशत से एक प्रतिशत पर लाया जाना चाहिए जिससे दूरसंचार विभाग के केवल प्रशासनिक खर्चों को पूरा किया जा सके।

सकल राजस्व (जीआर) की मौजूदा परिभाषा में सभी दूरसंचार गतिविधियों से आय शामिल है। दूरसंचार गतिविधि शब्द परिभाषित नहीं है, बल्कि इसमें ऐसी गतिविधियां शामिल हैं जो संयोग से दूरसंचार गतिविधि समझी जाती है। सीओएआई ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 72 के तहत दूरसंचार ऑपरेटरों के लिए एक विशेष व्यवस्था शुरू किए जाने का अनुरोध किया है जहां कारोबारी नुकसानों को आगे ले जाया जा सके और मौजूदा आठ वर्ष से 16वें आकलन वर्षों तक इसे समायोजित किया जा सके। आठ वर्षों बाद कारोबारी नुकसान की भरपाई नहीं होना, पहले से तनावग्रस्त दूरसंचार उद्योग के लिए संकट खड़ा करने वाला होगा (विभिन्न कारकों की वजह से जैसे एजीआर मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले, उत्पाद के कम मूल्य निर्धारण की वजह से टैरिफ मार्जिन में कमी, भारी पूंजी निवेश के साथ अतिरिक्त स्पेक्ट्रम लेने की आवश्यकता आदि) क्योंकि वसूली चरण के दौरान आय, कर अदायगी और एजीआर, स्पेक्ट्रम आदि से संबंधित अन्य भुगतान से जुड़ी होगी जिससे इस क्षेत्र के अनुचित मुश्किल पैदा होगी।

# 'श्रीराम मंदिर अयोध्या प्रसाद' नाम से मिठाई बेचने के लिए अमेजन को नोटिस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' के नाम से मिठाई बेचने के लिए अमेजन को नोटिस जारी किया है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि सीसीपीए ने नोटिस जारी होने के सात दिनों के भीतर अमेजन से जवाब मांगा है। अन्यथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के तहत उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

मुख्य आयुक्त रोहित सिंह की अध्यक्षता में, सीसीपीए ने 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' नाम के तहत 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एमेजन डॉट इन' पर मिठाइयों की बिक्री के संबंध में अमेजन सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। यह कार्रवाई व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रतिवेदन के आधार पर शुरू की है। आरोप लगाया गया है कि अमेजन 'श्रीराम मंदिर अयोध्या प्रसाद' की आड़ में मिठाइयों की बिक्री से जुड़ी भ्रामक व्यापार में शामिल है। सीसीपीए ने पाया है कि विभिन्न मिठाइयां/खाद्य उत्पाद अमेजन ई-कॉमर्स मंच पर 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' होने का दावा करते हुए बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

# टर्म इन्श्योरेन्स को लेकर नजरिया बदलने की जरूरत

महंगी कार, महंगे होटल में रुकने, विदेशों में जाकर लाखों का खर्च भारतीयों द्वारा किया जा रहा है, लेकिन परिवार को आर्थिक सुरक्षा देने के मामले में बीमा, निवेश सलाहकार के आफिस में जाकर बीमा प्लानिंग करने का ध्यान नहीं है। आज के हालात में युवाओं को टर्म इन्श्योरेन्स के बारे में नजरिया तुंरत बदलने की जरूरत है। दो माह पूर्व एक 36 वर्षीय युवा की अचानक तबियत बिगड़ी मात्र 10 मिनट में मृत्यु हो गई परिवार से फोन आया कि कितना भुगतान लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी से मिल जायेगा, क्योंकि उस युवा ने अपना पोर्टफोलियो तैयार कराया था उनकी पत्नी को तुंरत पता चल गया कि डेथ क्लेम धनराशि का भुगतान कितना मिलेगा।

जो भी युवा टर्म इन्श्योरेन्स कराने की सोच रहे हैं, निर्णय लेने में विलम्ब न करें। बढ़ते क्लेम के कारण इन्श्योरेन्स कंपनियां प्रीमियम दरें बढ़ाने पर निर्णय ले चुकी हैं। कभी भी प्रीमियम दरें बढ़ सकती है। ऑन लाइन सस्ती प्रीमियम दरों के लालच में फंसकर टर्म इन्श्योरेन्स पॉलिसी नहीं लेना चाहिए। अधिकांश मामलों में पिछली सभी की पॉलिसियों की जानकारी बीमा प्रस्ताव में नहीं दी जा रही है। बीमा कंपनी को कोई भी तथ्य छुपाए जाने की जानकारी मिलने पर मृत्यु दावा, पॉलिसी प्रस्ताव रिजेक्ट करने का अधिकार होता है। बीमा एजेंट से ली गई पॉलिसी में उसकी नैतिक जोखिम रिपोर्ट ( एम एच आर ) लगती है, जिस पर कंपनियां ज्यादा भरोसा करती है।

युवा चाहते थे कि निवेश, बीमा की ऐसी पॉलिसी हो जिसमे दोनों मिल सके, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने यूनिट लिंक इंश्योरेंस पॉलिसी में प्रीमियम का सौ गुना बीमा लेने का नया प्रोडक्ट लांच किया है।



अनुज अग्रवाल, वरिष्ठ बीमा, निवेश सलाहकार

**ऑन लाइन सस्ती प्रीमियम दरों के लालच में फंसकर नहीं लेनी चाहिए टर्म इन्श्योरेन्स पॉलिसी**

### जीवन बीमा पॉलिसियों का पोर्टफोलियो तैयार कराने के लाभ

- टर्म इंश्योरेन्स कितनी अवधि का, कौन सा प्रीमियम भुगतान विकल्प लिमिटेड अवधि 5,10,15,20,25 या रेगुलर चुनना चाहिए।
- अचानक मृत्यु की स्थिति में परिवार को कितनी बीमा धनराशि बीमा कंपनी परिवार को देगी।
- वर्तमान पॉलिसियों से किस उम्र तक का बीमा कवरेज है।

### यह भी जरूर ध्यान रखें

- बीमा पॉलिसी बॉन्ड फाइल में रखकर नॉमिनी को सौप दे।
- सभी पॉलिसियों में मोबाइल नम्बर, ई मेल आईडी, एवम वर्तमान पता अवश्य अपडेट रखें।
- पोर्टफोलियो हर वर्ष बीमा सलाहकार के आफिस में जाकर रिव्यू अवश्य करते रहें।

हर युवा व्यापारी/ फैक्ट्री मालिक को बिजनेस लोन, व्यक्तिगत जिम्मेदारियों की गणना करके 1 से 10 करोड़ या अधिक की टर्म इंश्योरेन्स पॉलिसी तुंरत करा लेनी चाहिए। टर्म इंश्योरेन्स पॉलिसी अभी भी वाहन बीमा से सस्ती है। पर्याप्त जीवन बीमा कवर होने से हमें मन की शांति रहती है कि हमारा परिवार आर्थिक रूप से सुरक्षित है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 73250 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 82500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 87500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 47650–478500 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 63,850 |
| सोना रवा | 63,700 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 63500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 62500 |
| सिल्वर ( पक्की) | 724 (अनुमानित ) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 63,800 |
| चांदी आभूषण | 73,400 |

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव :दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

## कानपुर मंडी

गेहूँ दड़ा–2525–2550, आरआर21 2700–2750, फारम–2800–2850–जौ–2000 –2100, ज्वार–2600 –4000 बाजरा–2125–2175, मकाई–2000 –2200, चना–5200 –5400।

# हिंदुस्तान यूनीलिवर का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 2,508 करोड़

**नई दिल्ली।** साबुन, शैम्पू, कॉफी जैसे दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली हिंदुस्तान यूनीलिवर लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में मामूली 1.08 प्रतिशत बढ़कर 2,508 करोड़ रुपये रहा।

हिंदुस्तान यूनीलिवर लिमिटेड (एचयूएल) ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 2,481 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने कहा कि उत्पादों की बिक्री से उसकी आमदनी आलोच्य तिमाही में मामूली घटकर 15,259 करोड़ रुपये रही। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसकी आमदनी 15,314 करोड़ रुपये रही थी। दिसंबर तिमाही में एचयूएल का कुल व्यय कुछ बढ़कर 12,305 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की एकीकृत कुल आमदनी 0.47 प्रतिशत बढ़कर 15,781 करोड़ रुपये हो गई। एक साल पहले समान अवधि में यह 15,707 करोड़ रुपये थी।

# किआ सेल्टोस डीजल संस्करण में मिला मैनुअल ट्रांसमिशन

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी किआ ने कॉम्पैक्ट एसयूवी सेल्टोस को अब 1.5 लीटर डीजल इंजन के साथ छह स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन में पेश किया है जिसकी शुरूआती कीमत 12 लाख रुपये है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि बीते साल इस फ्लैगशिप एसयूवी का फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च किया गया था। अब इसके 1.5 लीटर डीजल इंजन के साथ 6 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन पेश किया गया है। डीजल मैनुअल संस्करण की एक्स शोरूम कीमत 12 लाख रुपए से लेकर 18.28 लाख रुपए तक है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### कामतापुर कर्मियों के रेल रोको आंदोलन से आवाजाही बाधित

**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के उत्तरी हिस्से में अलग कामतापुर राज्य की मांग कर रहे ऑल कामतापुर स्टूडेंट्स यूनियन (एकेएसयू) ने शुक्रवार को 12 घंटे का "रेल रोको" आंदोलन शुरू किया जिससे लंबी दूरी के कई यात्री ट्रेनें सहित वंदे भारत की भी आवाजाही बाधित हो गयी। आंदोलन जलपाईगुड़ी जिले के मैनागुड़ी के पास बेदगारा रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह 0700 बजे शुरू हुआ। सूत्रों ने बताया कि एकेएसयू कार्यकर्ताओं और केपीपी यूनाइटेड के सदस्यों द्वारा पटरियों पर बैठकर ट्रैक अवरुद्ध करने पर एनएफआर अधिकारियों को लंबी दूरी की यात्री ट्रेनों के साथ-साथ मालगाड़ियों को भी रोकना पड़ा।

### बी वराले को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बनाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने शुक्रवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की। कॉलेजियम ने अपने एक अन्य निर्णय में न्यायमूर्ति वराले की सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नति के बाद कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी एस दिनेश कुमार को (उच्च न्यायालय का) मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की। न्यायमूर्ति कुमार 24 फरवरी को सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

### निर्माण कंपनी और प्रवर्तक के खिलाफ ईडी की छापेमारी

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महानगर स्थित एक सिविल निर्माण और आधारभूत ढांचा कंपनी, उसके प्रमोटर और संबंधित व्यक्तियों से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत शुक्रवार को चेन्नई में कई परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच ग्रेटर चेन्नई पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) द्वारा ओशन लाइफस्पेसेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, इसके प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एस के पीटर, कुछ निदेशकों और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी का संज्ञान लेने के बाद शुरू की गई थी। चेन्नई महानगर और उसके आसपास लगभग छह-सात स्थानों पर ईडी अधिकारियों द्वारा धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापेमारी की जा रही है।

### आईपीओ अभिदान बढ़ाकर पेश करने वाले तीन पर होगी कार्रवाई

**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने शुक्रवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक को तीन मर्चेंट बैंकर के शेयर बिक्री के दौरान अभिदान बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की गतिविधियों में शामिल होने का पता चला है। उन्होंने उनके खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। यहां निवेश बैंकर के समूह की तरफ से आयोजित वार्षिक सम्मेलन में बुच ने कहा कि सेबी को ऐसे मामलों की भी जानकारी मिली है जहां कुछ निर्दोष लोगों के खातों का नियंत्रण लेकर शेयर बाजार में कारोबार किया जाता है। ये वे लोग होते हैं, जो नहीं चाहते कि उन्होंने जो कारोबार किया, उसका पता किसी को चले। बुच ने कहा कि अधिक संख्या में अभिदान का आभास देने के लिए आईपीओ आवेदन संख्या को बढ़ाने की प्रवृत्ति भी है, सेबी के पास इस बारे में आंकड़े तथा सबूत हैं।

# मोदी ने बोइंग के वैश्विक इंजीनियरिंग एवं तकनीकी केंद्र परिसर का किया उद्घाटन

बेंगलुरु, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बेंगलुरु के पास अमेरिकी विमान विनिर्माता बोइंग के नए वैश्विक इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी केंद्र परिसर का उद्घाटन किया। अत्याधुनिक बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर परिसर करीब 1,600 करोड़ रुपये की लागत से 43 एकड़ जमीन पर बना है। यह बोइंग का अमेरिका के बाहर अपनी तरह का सबसे बड़ा निवेश है।

बेंगलुरु के बाहरी इलाके देवनहल्ली में स्थित हाईटेक डिफेंस और एयरोस्पेस पार्क में बना यह परिसर भारत में जीवंत स्टार्टअप, निजी और सरकारी परिवेश के साथ साझेदारी के लिए एक आधारशिला बनेगा। बोइंग का यह केंद्र वैश्विक वैमानिकी एवं रक्षा उद्योग के लिए अगली पीढ़ी के उत्पादों और सेवाओं को विकसित करने में मदद करेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने ''बोइंग सुकन्या कार्यक्रम'' भी शुरू किया। इसके जरिये पूरे भारत से देश के बढ़ते विमानन क्षेत्र में अधिक लड़कियों के प्रवेश को समर्थन देना है। बोइंग ने एक बयान में कहा कि यह कार्यक्रम समूचे भारत की लड़कियों एवं महिलाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित (एसटीईएम) क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कौशल सीखने और विमानन क्षेत्र में नौकरियों के लिए प्रशिक्षण का अवसर प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम के तहत युवा लड़कियों के लिए एसटीईएम क्षेत्र के करियर में दिलचस्पी जगाने के लिए 150 स्थानों पर एसटीईएम लैब बनाए जाएंगे। यह पायलट प्रशि क्षण ले रही महिलाओं को छात्रवृत्ति भी प्रदान करेगा। बोइंग ने कहा कि यह कार्यक्रम उड़ान प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, प्रमाणपत्र हासिल करने, सिम्युलेटर प्रशिक्षण के लिए वित्त पोषण और करिअर विकास कार्यक्रमों का समर्थन करेगा। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक और बोइंग की मुख्य परिचालन अधिकारी स्टेफ़नी पोप भी मौजूद रहे।



बेंगलुरु में नए अत्याधुनिक बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया से भी मुलाकात की। ● एजेंसी

### वैमानिकी नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

बोइंग के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी डेविड एल कैलहॉन ने कहा, हम भारत के लिए प्रधानमंत्री मोदी के बदलावकारी नजरिये का समर्थन कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हम देश में वैमानिकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बोइंग परिसर को समर्पित करने के लिए आभारी हैं। पिछले वर्षों में भारत में बोइंग की इंजीनियरिंग और शोध एवं विकास टीम अमेरिका के बाहर सबसे अधिक हो चुकी है। दिसंबर तक इस टीम में 6,000 से अधिक कर्मचारी तैनात थे।

### वैश्विक विमानन बाजार में जान फूंकने को तैयार भारत : मोदी

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि बढ़ती मांग की वजह से देश में कई एयरलाइन ने सैकड़ों विमान के ठेके दिए हैं और भारत अब वैश्विक विमानन बाजार में नई जान फूंकने को तैयार है। प्रधानमंत्री ने यहां विमान विनिर्माता बोइंग के एक कार्यक्रम में कहा कि महिलाएं विमानन तथा वैमानिकी क्षेत्र में आगे हैं, चाहे वह लड़ाकू विमान हो या नागरिक विमान। मोदी ने कहा कि बढ़ती मांग की वजह से भारत में कई एयरलाइन ने सैकड़ों विमान के ठेके दिए हैं। भारत वैश्विक विमानन बाजार में नई जान फूंकने को तैयार है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारत दुनिया का तीसरा प्रमुख घरेलू विमानन बाजार बन गया है और एक दशक में यात्रियों की संख्या दोगुनी हो जाएगी।

विमानन क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश में 15 प्रतिशत पायलट महिलाएं हैं जो वैश्विक औसत का तीन गुना है। मोदी ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का समय आ गया है।

# शाह ने महाभैरब मंदिर में की पूजा स्वच्छता अभियान में लिया भाग

**तेजपुर (असम)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां ऐतिहासिक महाभैरब मंदिर में पूजा-अर्चना की और फिर इसके परिसर में स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

शाह पूर्वोत्तर राज्यों मेघालय और असम की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। वह शाम को शिलांग से यहां पहुंचे और उनका ''गायन और ब्यान'' (ड्रम और झांझ के साथ एक धार्मिक नृत्य प्रदर्शन) के साथ पारंपरिक स्वागत किया गया। गृह मंत्री ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के साथ मंदिर के अंदर पूजा-अर्चना की और बाद में सफाई अभियान के लिए प्रांगण में आए। शाह को प्रांगण में कई जगहों पर बाल्टी से पानी डालते और वाइपर से इसे साफ करते हुए देखा गया। शर्मा ने भी इस अभियान में हिस्सा लिया। हालांकि, शाह ने उनका इंतजार कर रहे मीडियाकर्मियों से बात नहीं की, लेकिन मंदिर परिसर से तेजपुर विश्वविद्यालय के लिए रवाना होने से पहले भीड़ की ओर हाथ हिलाया। विश्वविद्यालय में राज्य के सांस्कृतिक मामलों के विभाग ने असम के प्रसिद्ध गायक भूपेन हजारिका को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किया है। शाह शनिवार को यहां सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के 60वें स्थापना दिवस और ढेकियाजुली में ऑल बाथौ महासभा के 13वें त्रिवार्षिक सम्मेलन में शिरकत करेंगे।



शुक्रवार को सोनितपुर जिले के तेजपुर में महाभैरब मंदिर के परिसर में स्वच्छता अभियान में भाग लेते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह। ● एजेंसी

# तीन दिवसीय दौरे पर चेन्नई पहुंचे मोदी

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलो इंडिया यूथ गेम्स का उद्घाटन करने और विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ करने के लिए तमिलनाडु के तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को यहां पहुंचे, जहां उनका स्वागत हुआ।

मोदी त्रिची, रामेश्वरम और धनुषकोडी में विभिन्न मंदिरों में जाएंगे और पूजा-अर्चना करेंगे। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से यहां पहुंचने पर श्री मोदी का चेन्नई हवाई अड्डे पर तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन.रवि, मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, शीर्ष सरकारी और पुलिस अधिकारियों ने स्वागत किया। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर पुलिस ने चेन्नई और राज्य के अन्य जिलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। ड्यूटी पर 22,000 पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ पांच स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले के पक्षकार को धमकी देने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

मथुरा, एजेंसी



मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान-ईदगाह प्रकरण के वादी आशुतोष पाण्डेय को कथित तौर पर पाकिस्तान और अन्य देशों से फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से धमकी देने वाले अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध जिले के जैंत थाने की पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (नगर) डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि इस संबंध में जैंत थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 295 ए (धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने का प्रयास) 153 ए (विभिन्न धर्मों के बीव शत्रुता को बढ़ावा देना) 507 (अज्ञात हमलावरों द्वारा आपराधिक धमकी) तथा सूचना प्रौद्योगिकी कानून की धारा 67 में प्राथमिकी दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

आशुतोष पांडेय के सहयोगी धर्मेन्द्र गिरि ने बताया कि यह प्राथमिकी मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव के आदेश पर दर्ज की गई है। गिरि ने बताया कि प्रमुख सचिव ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से कार्यवाही के संबंध में तत्काल रिपोर्ट भी तलब की है। गौरतलब है कि हिन्दू पक्ष के एक वादकारी आशुतोष कुमार पाण्डेय ने विगत दिन पहले सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से केंद्र व राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों व स्थानीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को टैग करते हुए आरोप लगाया था कि पाकिस्तान से कुछ अतिवादी उन्हें श्रीकृष्ण जन्मभूमि - शाही ईदगाह मामले में पक्षकार बनकर हर स्तर पर पैरवी किए जाने पर धमकी दे रहे हैं। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पाण्डेय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए थाना जैंत प्रभारी को मामले की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे।

# अब्दुल्ला ने सीट बंटवारे पर 'इंडिया' के साथ बातचीत में देरी से किया इनकार

**जम्मू।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू कश्मीर में सीट बंटवारे को लेकर विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के साथ बातचीत में किसी भी तरह की देरी से शुक्रवार को इनकार किया और कहा कि इस दिशा में बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है।



अब्दुल्ला का यह बयान तब आया है जब उन्होंने हाल में कहा था कि अगर सीट बंटवारे पर जल्द सहमति नहीं बनी तो 'इंडिया' के लिए मुश्किल हो सकती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल के साथ उनके यूट्यूब चैनल पर चर्चा में, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था, यदि सीट बंटवारे को अंतिम रूप नहीं दिया गया तो गठबंधन के लिए खतरा हो सकता है। इस काम को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना चाहिए। यह संभव है कि कुछ लोग एक साथ आकर एक अलग गठबंधन बना लें, जो मुझे सबसे बड़ा खतरा लगता है। अभी भी समय है। अब्दुल्ला ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा कि उनकी पार्टी को जम्मू कश्मीर में सीट बंटवारे के मुद्दे पर 'इंडिया' गठबंधन से कोई समस्या नहीं है।

# लालू और तेजस्वी यादव को ईडी ने फिर भेजा समन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनके बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को अपने पटना कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने को लेकर फिर से समन जारी किया है।

सूत्रों ने बताया कि प्रसाद को जहां 29 जनवरी को पेश होने के लिए कहा गया है, वहीं तेजस्वी को 30 जनवरी को बुलाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि एक टीम समन देने के लिए प्रसाद की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के पटना स्थित आधिकारिक आवास पर गई थी।

### शरद पवार के पोते रोहित को 24 को तलब किया

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (एमएससीबी) घोटाले में धन शोधन जांच के तहत 24 जनवरी को पूछताछ के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) सुप्रीमो शरद पवार के पोते और महाराष्ट्र के विधायक रोहित पवार को तलब किया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ईडी ने पांच जनवरी को बारामती, पुणे, औरंगाबाद और कुछ अन्य स्थानों पर रोहित पवार के स्वामित्व वाली कंपनी बारामती एग्रो और कुछ संबंधित इकाइयों के परिसरों पर छापा मारा था। रोहित पवार (38) महाराष्ट्र विधानसभा में कर्जत-जामखेड सीट से राकांपा विधायक हैं तथा बारामती एग्रो के मालिक और सीईओ हैं।

# बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ आगाज करने उतरेगा भारत

## अंडर 19 विश्व कप के लगातार चार बार के चैंपियन भारत का पहला मुकाबला आज

ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

अंडर 19 विश्व कप के इतिहास की सबसे कामयाब गत चैंपियन भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को अपने अभियान का आगाज करेगी तो उदय सहारन की कप्तानी में उसका लक्ष्य इस परंपरा को आगे बढ़ाने का होगा। ग्रुप ए में पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम पहले दौर में एशियाई प्रतिद्वंद्वी से खेलेगी। इसके बाद आयरलैंड और अमेरिका से मुकाबले होंगे। भारत ने 2002 में मोहम्मद कैफ की कप्तानी में पहला खिताब जीता था। इसके बाद से 2008, 2012, 2018 और 2022 में भारत चैंपियन रहा।

**2008** से लगातार अंडर 19 विश्वकप का चैंपियन है भारत

मैचः दोपहर 1:30 बजे से।



### आईपीएल टीमों के भी दो खिलाड़ी

भारतीय टीम में अर्शिन कुलकर्णी भी हैं जो आईपीएल में अनुबंध पाने वाले इस टीम के दो खिलाड़ियों में से एक हैं। महाराष्ट्र प्रीमियर लीग की खोज अर्शिन ने टूर्नामेंट में नौ छक्के लगाए थे। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स ने अरावेली अश्विन के साथ करार किया है, जिसने नवंबर में चार देशों की शृंखला में 93 गेंद में 163 रन बनाए थे। पिछले साल कूच बिहार ट्रॉफी में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे। मुशीर खान और कप्तान उदय सहारन पर भी नजरे होंगी। गेंदबाज राज लिंबानी ने हाल ही में नेपाल के खिलाफ 7 विकेट लिए थे, जबकि उपकप्तान स्वामी पांडे ने अफगानिस्तान के खिलाफ 6 विकेट चटकाए थे।

### हर ग्रुप से 3 टीमें पहुंचेंगी सुपर सिक्स में

आईसीसी का यह टूर्नामेंट पहले श्रीलंका में होना था लेकिन ऐन मौके पर दक्षिण अफ्रीका को मेजबानी सौंपी गई। इसमें चार समूहों में 4-4 टीमें रखी गई हैं। हर समूह से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल आठ और छह फरवरी को, जबकि फाइनल 11 फरवरी को बेनोनी में होगा। भारतीय टीम राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में कई शिविरों के बाद यहां आई है और इसने दो ही टूर्नामेंट एशिया कप और दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय शृंखला खेली है। एशिया कप में भारत सेमीफाइनल में हार गया जिसमें बांग्लादेश ने उसे चार विकेट से मात दी। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय शृंखला भारत ने अपराजेय रहकर जीती, जिसमें अफगानिस्तान तीसरी टीम थी। फाइनल बारिश की भेंट होने से भारत और दक्षिण अफ्रीका संयुक्त विजेता रहे।

**टीमें**

**भारत :** उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन दास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावेली अवनीश राव, स्वामी कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्य शुक्ला, राज लिंबानी, नमन तिवारी।

**बांग्लादेश :** महफुजूर रहमान रब्बी (कप्तान), आशिकुर रहमान शिबली, जिशान आलम, आरिफुल इस्लाम, मोहम्मद शिहाब जेम्स, अहरार अमीन, शेख परवेज जिबोन, वासी सिद्दीकी, मारूफ एम, चौधरी मोहम्मद रिजवान, आदिल बिन सिद्दीक, मोहम्मद अशरफुज्जामन, मोहम्मद रफी उज्जामन रफी, रहनत दौला बोरसन, इकबाल हुसैन एमन।

# श्रीजा ने पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीता

टेक्सास (अमेरिका), एजेंसी



डब्ल्यूटीटी फीडर कोरपस क्रिस्टी में अमेरिका की लीली को हराया

भारत की दो बार की टेबल टेनिस राष्ट्रीय चैंपियन श्रीजा अकुला ने डब्ल्यूटीटी फीडर कोरपस क्रिस्टी में महिला एकल खिताब जीता जो उनकी पहली अंतर्राष्ट्रीय ट्रॉफी है। भारतीय खिलाड़ी ने गुरुवार रात को हुए फाइनल में दुनिया की 46वें नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी लिली झांग को 3-0 (11-6, 18-16, 11-5) से मात देकर नये सत्र की शानदार शुरुआत की। यह मुकाबला एकतरफा रहा।

श्रीजा अकुला ने कहा कि वह अपने प्रयासों से यहां पहुंची जहां होना चाहती थी। यह उनका पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब है। उन्होंने टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल के करीबी मुकाबलों के बाद यह खिताब जीता है। दोनों एमी और लिली उच्च रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं।

हैदराबाद की इस 25 साल की खिलाड़ी ने अमेरिका की शीर्ष वरीय एमी वांग को क्वार्टरफाइनल में 3-2 (11-9, 9-11, 11-1, 6-11, 11-9) से मात दी। विश्व रैंकिंग में 94 रैंकिंग की खिलाड़ी श्रीजा ने सेमीफाइनल में अमेरिका की जियांगशान गाओ पर 9-11, 11-5, 11-6, 10-12, 11-9 की जीत से फाइनल में प्रवेश किया।

# जोकोविच की ग्रैंडस्लैम में लगातार 31वीं जीत

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में थॉमस मार्टिन एटचेवेरी को सीधे सेटों में हराया

मेलबर्न, एजेंसी



नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने 100वें मैच में शुक्रवार को सीधे सेटों में जीत दर्ज करके चौथे दौर में प्रवेश किया। जोकोविच ने थॉमस मार्टिन एटचेवेरी को 6-3, 6-3, 7-6 (2) से हराया। यह वर्तमान टूर्नामेंट में पहला अवसर है जब विश्व के नंबर एक खिलाड़ी ने सीधे सेटों में जीत दर्ज की। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच का ऑस्ट्रेलियाई ओपन में रिकॉर्ड 92-8 है। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 10 खिताब जीते हैं और शुक्रवार की जीत से उन्होंने मेलबर्न पार्क पर अपना विजय अभियान 31 मैच तक पहुंचा दिया है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उनसे अधिक मैच केवल रोजर फेडरर (117) और सेरेना विलियम्स (115) ने खेले हैं।

### अगला मुकाबला मन्नारियो से

जोकोविच का अगला मुकाबला फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो से होगा, जिन्होंने बेन शेल्टन को हराया है। जोकोविच ने कहा कि पहले दो दौर की तुलना में उनका प्रदर्शन अच्छा था और यह सकारात्मक बदलाव है लेकिन मैं अब भी अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखा पा रहा हूं।

### जोकोविच ने की रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी

जोकोविच ने इस जीत के साथ ही चौथे दौर में पहुंचने के साथ ही स्विट्जरलैंड के पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। पिछले 45 वर्षों में केवल दो खिलाड़ी ही 36 साल की उम्र के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में पहुंच पाए हैं। इससे पहले फेडरर ने ऐसा किया था और अब जोकोविच इस सूची में शामिल हो गए हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में लगातार 31वीं जीत हासिल की है। उनकी नजर 11वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में जीतने पर हैं।

### बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी तीसरे दौर में



भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू इबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को शुक्रवार को तीसरे दौर में पहुंचने के लिए जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की स्थानीय वाइल्डकार्ड जोड़ी को एक घंटे से जरा ज्यादा समय तक चले दूसरे दौर के मैच में 6-2, 6-4 से पराजित किया। अब तीसरे दौर में इस जोड़ी की भिड़ंत नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेकटिच की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगी। भारतीय श्रीराम बालाजी ने रोमानियाई जोड़ीदार विक्टर व्लाड कोर्निया के साथ मिलकर पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। उन्होंने इटली के मात्तेओ अर्नाल्डी और आंद्रिया पेलेग्रिनो को 6-3, 6-4 से हराया। अगले दौर में उनका सामना दसवीं वरीयता प्राप्त अल सल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पाविच से होगा।

### सबालेका ने महज 52 मिनट में सुरेंको को हराया

गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने यूक्रेन की लेसिया सुरेंको को 6-0, 6-0 से हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। बेलारूस की दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेका ने एक साल पहले अपने कॅरिअर का पहला ग्रैंडस्लैम जीता था। उन्हें यह मैच जीतने में सिर्फ 52 मिनट लगे। मैच के बाद दोनों ने हाथ नहीं मिलाया क्योंकि यूक्रेन के खिलाड़ी रूस या बेलारूस के प्रतिद्वंद्वियों से हाथ नहीं मिलाते लेकिन सुरेंको ने सबालेंका को बधाई दी। अब सबालेंका का सामना अमांडा एनिसिमोवा से होगा।

**इंडिया ओपन**

# प्रणय सेमीफाइनल में शी युकी से होगी भिड़ंत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के एचएस प्रणय ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के वैंग जू वेइ को हराकर इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रणय ने 21-11, 17-21, 21-18 से जीत दर्ज की। वैंग के खिलाफ प्रणय की नौ मैचों में यह छठी और पिछले छह मैचों में पांचवीं जीत है। सेमीफाइनल में प्रणय की भिड़ंत दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी चीन के शी युकी से होगी। छठे वरीय शी युकी ने क्वार्टर फाइनल में जापान के कोकी वातानाबे को सीधे गेम में 23-21, 21-23 से हराकर बाहर किया। जापान के कोडाई नाराओका और चीनी ताइपे की ताइ जू यिंग ने जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। वहीं दक्षिण कोरिया की विश्व चैंपियन आन से यंग चोट के कारण क्वार्टर फाइनल मुकाबले के बीच से हट गईं।

## खेल डायरी

### रेलवे के पहलवान मान्यता प्राप्त चैंपियनशिप में लेंगे भाग



नई दिल्ली। भारतीय रेलवे के पहलवान जयपुर में आयोजित होने वाली केवल स्वीकृत और मान्यता प्राप्त सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेंगे। चैंपियनशिप का आयोजन दो से पांच फरवरी तक जयपुर में किया जाएगा। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के सचिव प्रेम चंद लोचब ने कहा कि रेलवे के पहलवान जयपुर में आरएसपीबी द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में भाग लेंगे। रेलवे के पहलवान निलंबित डब्ल्यूएफआई की ओर से आयोजित किसी कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। खेल मंत्रालय ने कहा था कि कुश्ती के लिए नियुक्त तदर्थ समिति की देखरेख में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप को खेल संहिता के तहत स्वीकृत और मान्यता प्राप्त चैंपियनशिप माना जाएगा। केवल तदर्थ समिति की ओर से आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सभी सरकारी सुविधाएं मिलेंगी।

### विदेशी कोचों ने पीसीबी में पद से दिया इस्तीफा

**कराची।** विदेशी कोच मिकी आर्थर, ग्रांट ब्राडबर्न और एंड्रयू पुटिक ने राष्ट्रीय टीम और पीसीबी में अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। भारत में 50 ओवरों के विश्व कप के बाद उनके पोर्टफोलियो में बदलाव करके उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इन तीनों के साथ गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल भारत में विश्व कप में पाकिस्तानी टीम के साथ थे। पाकिस्तान टूर्नामेंट में नॉकआउट चरण में भी नहीं पहुंच सका, इसके बाद पीसीबी प्रबंध समिति के प्रमुख जका अशरफ ने उन्हें एनसीए भेज दिया। तीनों ने इससे इनकार किया और छुट्टी लेकर घर लौट गए। मोर्कल ने विश्व कप के तुरंत बाद इस्तीफा दे दिया था। बताया जा रहा है कि इन तीनों से बातचीत की गई और उन्हें खुद ही इस्तीफा देने के लिए कहा गया। अनुबंध के तहत अगर पीसीबी उन्हें बर्खास्त करता तो छह महीने का वेतन देना पड़ता। उन्होंने जनवरी के आखिर में इस्तीफा देने पर रजामंदी जताई।

### आईडब्ल्यूएल में प्रमोशन रेलीगेशन की सिफारिश

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की लीग समिति ने इंडियन वुमैंस लीग में प्रमोशन और रेलीगेशन आधारित प्रणाली की सिफारिश की है। आईडब्ल्यूएल 2016 में शुरू हुई थी, जिसमें चार टीम ने अब तक खिताब जीते हैं। मौजूदा चैंपियन गोकुलम केरला तीन बार विजेता रही है। एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि समिति ने आईडब्ल्यूएल और आईडब्ल्यूएल 2 की टीम के लिए प्रमोशन और रेलीगेशन प्रणाली शुरू करने की सिफारिश की, जो 2024-25 सत्र से प्रभावी होगी। कुल मिलाकर सात टीमें प्रतियोगिता में हिस्सा लेती हैं, जिसमें चैंपियन को एएफसी एशियाई महिला क्लब चैंपियनशिप में खेलने का मौका मिलता है। साथ ही समिति ने गुरुवार को बैठक के दौरान एआईएफएफ क्लब प्रतियोगिता के प्रस्तावित कैलेंडर की भी जांच की।

### आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को टेस्ट में 3 दिन में हराया

**एडीलेड।** जोश हेजलवुड ने एक टेस्ट पारी के पांच विकेट लेने का कारनामा 11वीं बार किया जिसकी मदद से आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट के तीसरे ही दिन लंच से पहले दस विकेट से हरा दिया। आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज को 13वें ओवर में 120 रन पर आउट कर दिया, जिससे उसे 26 रन का लक्ष्य मिला। स्टीव स्मिथ (11) और उस्मान ख्वाजा (9) ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। हालांकि ख्वाजा बाउंसर लगने से रिटायर्ड हर्ट हो गए, जब आस्ट्रेलिया को एक ही रन चाहिए था। मार्नस लाबुशेन ने दो गेंद बाद विजयी रन बनाए। हेजलवुड एक दिन पहले ही 18 रन देकर 4 विकेट ले चुके थे, जिसकी वजह से आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के 6 विकेट 73 रन पर निकाल दिए थे। इससे पहले वेस्टइंडीज के 188 रन के जवाब में आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 283 रन बनाए थे। तीसरे दिन मिचेल स्टार्क ने जोशुआ डा सिल्वा (18) और अलजारी जोसेफ (16) को आउट किया, जबकि हेजलवुड ने गुडाकेश मोती (3) को पवेलियन भेजा। वेस्टइंडीज के 9 विकेट 94 रन पर गिर गए थे।

# स्कीट क्वालीफिकेशन के पहले दिन तीन भारतीय निशानेबाज शीर्ष छह में

कुवैत सिटी, एजेंसी

**गनेमत दूसरे और महेश्वरी चौहान तीसरे स्थान पर, अनंत जीत चौथे पायदान पर**

भारत के तीन निशानेबाज शुक्रवार को शॉटगन के लिए एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन में स्कीट स्पर्धा के पहले दिन के क्वालीफिकेशन में शीर्ष छह में शामिल रहे। गनेमत सेखों अपने तीन दौर में 71 अंक बनाकर महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में दूसरे स्थान पर हैं। महेश्वरी चौहान 70 अंक से तीसरे स्थान पर हैं। वहीं पुरुषों की स्पर्धा में अनंत जीत सिंह नरूका ने चौथे स्थान प्राप्त किया।

प्रत्येक स्पर्धा में दो पेरिस ओलंपिक स्थान उपलब्ध हैं और एक देश केवल एक कोटा ही हासिल कर सकता है। भारत स्कीट स्पर्धा में पहला पेरिस कोटा जुटाने की कोशिश में जुटा है। भारतीय निशानेबाजी टीम ने अब तक रिकॉर्ड 17 कोटे हासिल कर लिए हैं। भारत की नंबर एक गनेमत ने पहले दिन 24, 24 और 23 के राउंड लगाए। वह चीन की गाओ जिनमेई से एक स्थान पीछे और महेश्वरी से एक स्थान ऊपर हैं। महेश्वरी ने 23, 23 और 24 अंक बनाए। रेजा ढिल्लों आठवें स्थान पर चल रही हैं।

पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में भारत के नंबर एक निशानेबाज नरूका ने 25 के राउंड से शुरुआत की लेकिन वह दो अन्य निशानेबाजों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर बने हुए हैं। शनिवार को दो और राउंड खेले जाने हैं जिसके बाद फाइनल होगा।

# गुकेश ने इयान को हराया प्रज्ञाननंदा ने ड्रा खेला

**शतरंज**

**विज्क ऑन जी (नीदरलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने शुक्रवार को टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर रूस के इयान नेपोमनियाच्ची को हरा दिया। टूर्नामेंट में दूसरी जीत से गुकेश के पांच दौर में 2.5 अंक हो गए हैं। वह शुरुआती दो बाजियों में हार गए थे। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने टूर्नामेंट में शीर्ष पर चल रहे और गत चैंपियन होलैंड के अनीश गिरी से अंक बांटे।

जीएम विदित गुजराती ने लगातार पांचवां ड्रा खेला। उन्होंने स्थानीय खिलाड़ी मैक्स वार्डरमैन से अंक बांटे। अब टूर्नामेंट में आठ दौर बचे हैं। गिरी ने पांच में से चार अंक लेकर एकल बढ़त बनाई हुई है। प्रज्ञाननंदा, फ्रांस के फिरौजा अलीरेजा और उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव 4-4 अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। गुजराती और गुकेश 2.5 अंक लेकर तीन अन्य के साथ शामिल हैं। महिला विश्व चैंपियन चीन की जु वेनजुन ने अलीरेजा को शिकस्त देकर टूर्नामेंट का अब तक का बड़ा उलटफेर किया।

# भारतीय महिला हॉकी टीम का पेरिस ओलंपिक में खेलने का सपना टूटा

रांची, एजेंसी

**अंतिम तीन में शामिल होने के लिए खेले गए मैच में जापान ने 0-1 से दी शिकस्त**

भारतीय महिला हॉकी टीम की पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीद शुक्रवार को कांस्य पदक मुकाबले में जापान से 0-1 से हार के बाद समाप्त हो गई। शुक्रवार को बिरसा मुंडा इंटरनेशनल स्टेडियम में भारतीय टीम को जापान से हार का सामना करना पड़ा।

जापान की ओर से छठे मिनट में काना उराता ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। गोल खाने के बाद भारतीय टीम ने तेज आक्रमण करने के प्रयास किए और दो अच्छे मौके बनाए लेकिन दीपिका या लालरेमसियामी में से कोई भी लक्ष्य को भेदने में कामयाब नहीं हो पाई।

भारत को मैच के दौरान नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन जापान की रक्षापंक्ति ने उसके हर प्रयास को विफल कर दिया। जापान ने शानदार बचाव करते हुए मैच के अंत तक अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए मुकाबला जीत लिया।



### जर्मनी ने जीता क्वालीफायर खिताब

जर्मनी ने शुक्रवार को अमेरिका को 2-0 से हराकर एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर का खिताब जीता। उसने फाइनल में पहुंचने के साथ पहले ही पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह पक्की कर ली थी। जर्मनी ने अपने दोनों गोल पहले हाफ में किए। उसकी तरफ से यह गोल जेट फ्लेशफुट्ज़ (तीसरे मिनट) और सोंजा जिमरमैन (20वें मिनट) ने दागे।




## बॉलीवुड हलचल

# तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का ट्रेलर रिलीज



अभिनेता शाहिद कपूर और कृति सेनन की आने वाली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और अराधना शाह ने किया है। इसमें शाहिद और कृति के बीच बेहतरीन रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आ रही है। ट्रेलर में कृति सेनन एक रोबोट का किरदार निभाती दिख रही हैं, जिससे शाहिद कपूर को प्यार हो जाता है। इसके बाद वह कृति सेनन से शादी करने की कोशिश में लग जाता है लेकिन कहानी में ट्विस्ट तब आता है जब उसे पता लगता है कि वह एक रोबोट है। ट्रेलर में धर्मेंद्र और डिंपल कपाडिया की झलक भी देखने को मिल रही है। दिनेश विजान निर्मित तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

### फिल्म गदर 3 पर शुरू हुआ काम

सनी देओल की फिल्म गदर और गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी। दोनों की सफलता के बाद डायरेक्टर अनिल शर्मा फिल्म गदर 3 बनाने वाले हैं। जी स्टूडियो ने फिल्म को हरी झंडी दे दी है। इसकी शूटिंग 2025 के अंत तक शुरू हो सकती है।

### ओटीटी पर आज रिलीज होगी सालार

प्रभास की फिल्म सालार को लोगों ने काफी पसंद किया था। इसका बॉक्स ऑफिस पर फिल्म डंकी के साथ क्लैश हुआ था। अब फिल्म सालार की ओटीटी रिलीज डेट सामने आ गई है। प्रभास की फिल्म नेटफ्लिक्स पर 20 जनवरी को स्ट्रीम होगी।

# अजय देवगन ने शेयर किया शैतान का फर्स्ट लुक



अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म शैतान 08 मार्च को रिलीज होगी। अजय देवगन की सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान गुजराती थ्रिलर फिल्म वश का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में अजय देवगन के साथ-साथ आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिकाओं में हैं। अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म शैतान की रिलीज डेट का एलान किया है। साथ ही फिल्म का फर्स्ट लुक भी दिखाया है। विकास बहल के निर्देशन में बन रही फिल्म शैतान 08 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज की जायेगी।

### अजय देवगन की इसी साल आने वाली मूवीज

अजय देवगन का यह साल धमाकेदार होना वाला है। इस साल अजय देवगन की कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। उनकी फिल्म शैतान मार्च में, औरों में कहां दम था अप्रैल में, सिंघम अगेन अगस्त और रेड 2 नवंबर में रिलीज होने वाली है। इस तरह से अजय देवगन पूरे साल सिनेमाघरों में जलवा दिखाने वाले हैं। अजय देवगन की इन फिल्मों पर फैंस निगाहें लगाए बैठे हैं। अजय देवगन पिछली बार साल 2023 के मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म भोला में नजर आए थे।

# एक निडर खोजी पत्रकार की कहानी है भक्षक



बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की आने वाली क्राइम थ्रिलर फिल्म भक्षक का टीजर रिलीज कर दिया गया है। नेटफ्लिक्स इंडिया की फिल्म भक्षक की निर्माता गौरी खान ने इंस्टाग्राम पर टीजर शेयर करते हुए लिखा कि सभी बाधाओं के बावजूद सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर निकलीं एक निडर पत्रकार। सच्ची घटनाओं से प्रेरित भक्षक 9 फरवरी को केवल नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। पुलकित द्वारा निर्देशित भक्षक में भूमि पेडनेकर, संजय मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव और साई ताम्हणकर अहम भूमिका में हैं। वैशाली सिंह के रूप में भूमि पेडनेकर एक खोजी पत्रकार की भूमिका में नजर आ रही हैं, जो महिलाओं के खिलाफ अपराधों की जमीनी हकीकत को उजागर करते हुए एक जघन्य अपराध को समाज के सामने लाना चाहती है। भक्षक न्याय पाने के लिए एक महिला की अटूट खोज के सफर को दिखाती है।

### अगले हफ्ते रिजीज होगी यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370

अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370, 23 फरवरी को रिलीज होगी। जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज पॉलिटिकल ड्रामा आर्टिकल 370 को दर्शकों के समक्ष पेश करने के लिए एक साथ आए हैं। यामी गौतम अभिनीत इस फिल्म को आदित्य सुहास जांभले ने निर्देशित किया है। फिल्म निर्माताओं ने एक रोमांचक पोस्टर जारी किया है, जिसमें यामी गौतम को एक खुफिया एजेंट के रूप में दिखाया गया है। ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर द्वारा निर्मित फिल्म 23 फरवरी को रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# अमेरिकी सांसद कृष्णमूर्ति ने ट्रंप को झूठा बताया

वाशिंगटन, एजेंसी

» निक्की हेली पर जन्म संबंधी दावों के लिए पूर्व राष्ट्रपति की निंदा की



भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल डोनाल्ड ट्रंप की उनकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली के खिलाफ कथित जन्म संबंधी दावों के लिए निंदा की।

ट्रंप ने गत सप्ताह समाचार वेबसाइट द गेटवे पंडित का एक पोस्ट फिर से पोस्ट किया था जिसमें दावा किया गया है कि हेली अमेरिकी राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य हैं क्योंकि 1972 में उनके जन्म के समय उनके माता-पिता अमेरिकी नागरिक नहीं थे। भारतीय-अमेरिकी हेली इस देश में जन्म लेने के कारण अमेरिकी नागरिक बन गईं थीं।

डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद कृष्णमूर्ति ने गुरुवार को एक बयान में कहा, इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप अधिक झूठे और नस्लवादी जन्म संबंधी दावों के साथ लौट आए हैं।

उन्होंने कहा, एक गौरवशाली भारतीय अमेरिकी प्रवासी होने के नाते, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप निक्की हेली के खिलाफ जो घृणास्पद हमले कर रहे हैं, मैं उन्हें भलीभांति समझता हूं। इससे पहले ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के जन्म पर सवाल उठाए थे।

# युगांडा में गुटनिरपेक्ष आंदोलन का शिखर सम्मेलन शुरू

**कंपाला।** युगांडा में शुक्रवार को गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों का 19वां शिखर सम्मेलन शुरू हुआ। उद्घाटन समारोह में युगांडा ने आधिकारिक तौर पर अजरबैजान से एनएएम की अध्यक्षता संभाली। यह 120 सदस्यीय आंदोलन वैश्विक मामलों पर अधिक प्रभाव चाहता है जिसको लेकर इस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। अजरबैजान के विदेश मामलों के मंत्री जेहुन बायरामोव ने कहा कि बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अंतरराष्ट्रीय प्रणाली कई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने इन चुनौतियों से निपटने के लिए सदस्य देशों के बीच निरंतर एकता का आह्वान किया।

# मंगल की सतह पर भारी मात्रा में बर्फ के रूप में मिला पानी

## यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के मार्स एक्सप्रेस ऑर्बिटर की बड़ी खोज, सैकड़ों किलोमीटर में फैली है बर्फ

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार:** लाल ग्रह मंगल पर बर्फ के रूप के विशाल जलभंडार मिला है। इस बर्फ की मात्रा इतनी अधिक है कि पिघलने पर मंगल की सतह को उथले महासागर में ढक सकता है। मार्स एक्सप्रेस ऑर्बिटर ने लाल ग्रह के भूमध्य रेखा के समीप यह खोज की है। वैज्ञानिकों के अनुसार बर्फ से ढका यह क्षेत्र सैकड़ों किलोमीटर में फैला हुआ है। बर्फ की मोटी परत तीन हजार मीटर हो सकती है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) की यह खोज है। गहन जांच के बाद पानी के रहस्य का पता चला है।

ईएसए का मार्स एक्सप्रेस मिशन अनुभवी अंतरिक्ष यान है, जो 20 वर्षों से मंगल ग्रह के आसपास की टोह ले रहा है।



मंगल की धरती के इस क्षेत्र में है बर्फ के रूप में अकूत जल।

हालांकि यह पहली बार नहीं है कि लाल ग्रह के भूमध्य रेखा के पास बर्फ के सबूत मिले हैं। मगर नई खोज अब तक पानी की बर्फ की सबसे बड़ी मात्रा है और मंगल ग्रह पर जमे हुए पानी की पिछली खोजों से मेल भी खाती है।

स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के प्रमुख शोधकर्ता थॉमस वॉटर्स के अनुसार रोमांचक बात यह है कि रडार सिग्नल उस चीज़ से मेल खाते हैं जो हम परतदार बर्फ से देखने की उम्मीद करते हैं और मंगल ग्रह के ध्रुवीय कैप से मिलने वाले संकेतों के समान हैं, जिसे हम बर्फ से समृद्ध मानते हैं। 15 साल पहले मार्स एक्सप्रेस ने मेडुसे फॉसा फॉर्मेशन (एमएफएफ) ने मंगल पर नामक स्थान पर भूवैज्ञानिक संरचना के नीचे जमाव का पता लगाया था, लेकिन वैज्ञानिक निश्चित नहीं थे कि उन जमावों में क्या शामिल था।

मंगल का भूगोल उत्तरी उच्चभूमियों और दक्षिणी तराई क्षेत्रों के बीच विभाजित है, और 5,000 किलोमीटर लंबा विशाल क्षेत्र दोनों के बीच की सीमा के पास स्थित है। पानी की इस बड़ी खोज पर वैज्ञानिकों का मंगल पर बस्ती बसाने के सपने को बल मिलता है।

### तीन अरब साल पहले बहता था लावा

वैज्ञानिकों का मानना है कि यह क्षेत्र तीन अरब साल से लावा से प्रभावित था, जो ज्वालामुखीय राख में ढका हुआ था। तब मंगल ज्वालामुखीय रूप से सक्रिय था। आज यह क्षेत्र कई किलोमीटर ऊंचे धूल के ढेर में ढका हुआ है। यह वास्तव में पूरे ग्रह पर धूल का सबसे बड़ा स्रोत है। जिस कारण धूल भरी आंधियों से मंगल का बड़ा हिस्सा प्रभावित रहता है।

## एक नजर

### दिल्ली में दीवार पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे मिले

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस से कुछ दिन पहले, पश्चिम दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में एक सरकारी स्कूल की दीवार पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे मिले। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दीवार पर खालिस्तान एसएफजे जिंदाबाद के नारे लिखे थे और गुरुवार रात को इसका पता चला। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस घटना के संबंध में दिल्ली संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम की धारा तीन के तहत द्वारका जिले में मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए विशेष कर्मियों सहित जिले की कई टीम इस संबंध में कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

### हसीना सरकार को मान्यता न देने की अवधारणा से इंकार

**वाशिंगटन/ढाका।** अमेरिका ने बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के लगातार चौथे कार्यकाल को मान्यता न देने संबंधी अवधारणा से इनकार किया है। वाशिंगटन में गुरुवार को विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से दैनिक ब्रीफिंग में यह पूछे जाने पर कि जब आप कहते हैं कि बंगलादेश में चुनाव परिणाम विश्वसनीय, स्वतंत्र या निष्पक्ष नहीं थे तो क्या इसका मतलब यह तो नहीं है कि अमेरिका हसीना के लगातार चौथे कार्यकाल को मान्यता नहीं देगा। उन्होंने जवाब में कहा, नहीं, बिलकुल नहीं। उन्होंने हालांकि इस बात पर भी खेद व्यक्त किया कि बंगलादेश में आम चुनावों में सभी दलों ने भाग नहीं लिया और चुनाव के दौरान हिंसा भी हुई।

### पाकिस्तान में चुनाव कराने को समिति गठित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने देश में आठ फरवरी को होने जा रहे आम चुनाव में निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सात सदस्यीय समिति गठित की है। मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि संचार, रेलवे तथा समुद्री मामलों के अंतरिम मंत्री शाहिद अशरफ तरार को समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में गृह सचिव, चार प्रांतीय मुख्य सचिव शामिल हैं।

# दिसंबर में आएगा भारत में बना पहला चिप

## संचार और इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की घोषणा

दावोस, एजेंसी



संचार और इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत में बना पहला चिप दिसंबर तक बाजार में आ जाएगा। उन्होंने पूरे परिवेश पर ध्यान केंद्रित करने के साथ कम समय में देश में एक बहुत मजबूत सेमीकंडक्टर उद्योग विकसित करने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर बातचीत में मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जनवरी 2022 में एक सेमीकंडक्टर नीति शुरू की थी। जब उन्होंने यहां उद्योग के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी तब वे सभी इस बात से हैरान थे कि इतने कम समय में ऐसा कैसे किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, उन सभी ने नीति तथा इस तथ्य की सराहना की कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा एक व्यापक परिवेश बनाने पर जोर दिया है क्योंकि कई देशों के पास इस तरह की नीति नहीं है और इसलिए उन्हें ऐसी सफलता नहीं मिल सकी। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा एक ऐसा परिवेश विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया है जहां प्रतिभा पर बहुत अधिक ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा, 104 विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू (समझौता ज्ञापन) पहले से ही मौजूद हैं। उनके पाठ्यक्रम को संशोधित किया जा रहा है, एक अलग निवेश योजना के साथ डिजाइन पर अधिक ध्यान दिया गया है।

वैष्णव ने कहा कि कई डिजाइन कंपनियों को इससे फायदा मिला है और वे धीरे-धीरे मूल्य श्रृंखला में आगे आ रही हैं। इन सभी को दुनिया भर की कंपनियों से काफी सराहना मिल रही है। चिप विनिर्माता कंपनी मैक्रों का उदाहरण देते हुए वैष्णव ने कहा कि जिस तरह से मैक्रों की इकाई इतनी तेजी से आगे बढ़ी है, उससे सभी को आश्चर्य हुआ है। उन्होंने कहा, समझौते पर जून 2023 में हस्ताक्षर किए गए थे, जबकि निर्माण सितंबर 2023 में शुरू हुआ।

### मोदी के विचार दीर्घकालिक दृष्टिकोण वाले

भारत विनिर्मित पहली चिप दिसंबर 2024 में आएगी। उद्योग के विकास पर पहले ज्यादा ध्यान नहीं दिये जाने के बारे में पूछे जाने पर, वैष्णव ने कहा कि मोदी के विचार दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर केंद्रित होते हैं, चाहे वह रक्षा विनिर्माण हो, बुनियादी ढांचा निवेश हो। उन्होंने कहा, वह हमेशा 10 साल, 20 साल, 30 साल और 50 साल के दृष्टिकोण को लेकर सोचते हैं। उनका विचार है कि आज जो कुछ भी किया जा रहा है, उसका लाभ देश को कई वर्षों तक मिलना चाहिए।

### आखिरी दिन नेताओं ने की जलवायु परिवर्तन के जोखिम से निपटने की अपील

**दावोस।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के आखिरी दिन शुक्रवार को वैश्विक नेताओं से विश्वास की बहाली, अर्थव्यवस्था में नई जान डालने और भ्रामक सूचना, समाज में ध्रुवीकरण, जलवायु परिवर्तन एवं संघर्षों के जोखिमों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की अपील की गई। डब्ल्यूईएफ के अध्यक्ष बोर्ज ब्रेंडे ने कहा कि इस बार की सालाना बैठक महत्वपूर्ण और जटिल समय पर हुई। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तापमान, नाजुक अर्थव्यवस्था और सीमाओं से परे की सुरक्षा चुनौतियों से पता चलता है कि अकेले आगे बढ़ पाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, इन चुनौतियों की वजह से विश्वास की बहाली बेहद अहम हो जाती है। हम एक साथ काम करके ही ऐसा कर सकते हैं। ब्रेंडे ने कहा कि स्विट्जरलैंड के इस पर्वतीय इलाके में संपन्न बैठक में 350 सरकारी नेताओं समेत करीब 3,000 दिग्गज शामिल हुए। इसके अलावा यूक्रेन मसले पर चर्चा के लिए 80 से अधिक राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख भी यहां पहुंचे। डब्ल्यूईएफ की इस सालाना बैठक की शुरुआत 15 जनवरी को हुई थी। इस दिवसीय आयोजन में भारत से भी कई मंत्री, मुख्यमंत्री एवं उद्योगपति शामिल हुए।

# उ.कोरिया ने किया पानी में परमाणु हमला करने वाले ड्रोन का परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने इस सप्ताह दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के संयुक्त नौसैन्य अभ्यास के जवाब में पानी में परमाणु हमले करने वाले ड्रोन का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया ने अपने दुश्मन देशों पर क्षेत्र में तनाव बढ़ाने का आरोप भी लगाया है। यह ड्रोन परीक्षण ऐसे वक्त में किया गया है जब कुछ ही दिन पहले देश के नेता किम जोंग उन ने कहा था कि उनका देश अब दक्षिण कोरिया के साथ सुलह का प्रयास नहीं करेगा। साथ ही उन्होंने युद्ध में विभाजित देशों के बीच साझा राष्ट्र के विचार को खत्म करने के लिए उत्तर कोरिया के संविधान को फिर से लिखने का आह्वान किया। देश की सेना ने कहा कि उसने यह परीक्षण देश के पूर्वी जलक्षेत्र में किया और तीन देशों के साझा नौसैन्य अभ्यास के जवाब में किया। उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हमारी सेना की जल के भीतर परमाणु-आधारित जवाबी कार्रवाई को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। इसकी जल के भीतर तथा समुद्री कार्रवाइयां अमेरिका और उसके सहयोगियों की नौसेनाओं के शत्रुतापूर्ण सैन्य युद्धाभ्यास को रोकना जारी रखेंगी।

# जीआईबी पक्षी बचाने को केंद्र व्यापक योजना बनाए

नई दिल्ली, एजेंसी

» सुप्रीम कोर्ट ने विलुप्त होने की कगार पर खड़े पक्षी के संरक्षण के संबध में की याचिका की सुनवाई



उच्चतम न्यायालय ने विलुप्तप्राय पक्षी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (जीआईबी) को बचाने के मामले में गेंद केंद्र सरकार के पाले में डालते हुए शुक्रवार को इस पर व्यापक योजना तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही सौर ऊर्जा को लेकर भारत की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को भी ध्यान में रखा। यह पक्षी विशेष रूप से राजस्थान और गुजरात में पाया जाता है और इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार, यह पक्षी विलुप्त होने के कगार पर हैं और इनकी संख्या 50 से 249 के बीच है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि केंद्र हमें आगे के रास्ते के बारे में बताए। अन्यथा हम अंधेरे में हाथ पांव मारते रहेंगे। शीर्ष अदालत ने केंद्र से यह भी जानना चाहा कि क्या वैज्ञानिक अध्ययन पर आधारित कोई डेटा है कि ये पक्षी ओवरहेड पावर ट्रांसमिशन लाइन से टकराने से मरते हैं।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने पूछा, क्या हमारे पास जीआईबी को वरहेड पावर ट्रांसमिशन लाइन से टकराने से होने वाली मौतों से बचाने में बर्ड डायवर्टर्स के प्रभाव पर सरकार की निगरानी में किए गए अध्ययन से प्राप्त कोई प्रामाणिक आंकड़ा है।

पीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए नौ फरवरी की तारीख मुकर्रर की। सरकार को संबंधित पक्षों के साथ सुनवाई की अगली तारीख से तीन दिन पहले रिपोर्ट साझा करने के लिए कहा गया है। पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एमके रंजीतसिंह और अन्य की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान की दलीलों पर ध्यान दिया कि ग्रेट इंडियन बस्टर्ड विलुप्त होने के कगार पर है और अदालत के 2021 के फैसले का अनुपालन नहीं किया गया है।

# मोदी भारत के लिए सबसे अच्छे नेता : मैरी मिलबेन

**वाशिंगटन।** प्रतिष्ठित अफ्रीकी-अमेरिकी हॉलीवुड अभिनेत्री और गायिका मैरी मिलबेन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत और दोनों देशों के बीच संबंधों के लिए सबसे अच्छे नेता हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में कई लोग उन्हें फिर से निर्वाचित होते देखना चाहते हैं ताकि दोनों देशों के बीच संबंधों को और अधिक स्तर तक मजबूत किया जा सके। मिलबेन (41) ने यह भी कहा कि वह मानती हैं कि प्रधानमंत्री मई में जीत की राह पर हैं। मशहूर अफ्रीकी-अमेरिकी गायिका ने गुरुवार को एक साक्षात्कार में कहा, मैं आपको विश्वास के साथ बता सकती हूं कि यहां अमेरिका में प्रधानमंत्री के लिए अच्छा खासा समर्थन है। मैं मानती हूं कि कई लोग उन्हें फिर से निर्वाचित होते देखना चाहते हैं क्योंकि वह भारत के लिए सबसे अच्छे नेता है। उन्होंने कहा कि भारत में उनके काफी प्रशंसक हैं, खासतौर से राष्ट्रगान ''जन गण मन'' और मशहूर हिंदी गीत ओम जय जगदीश हरे गाने के बाद। मिलबेन ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को न केवल इस क्षेत्र में बल्कि पूरी दुनिया में असली आर्थिक शक्ति बनाने के लिए असाधारण कदम उठाए हैं।



# दिल्ली हवाई अड्डे पर 26 तक रोजाना दो घंटे बंद रहेंगी उड़ानें

» गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर लिया निर्णय

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों और समारोहों के मद्देनजर 26 जनवरी तक हर दिन पूर्वाह्न 10.20 से दोपहर 12.45 बजे तक दिल्ली हवाई अड्डे पर किसी भी उड़ान का आगमन या प्रस्थान नहीं होगा। विमानन क्षेत्र से जुड़े एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा जारी नोटम (वायुकर्मियों को नोटिस) में प्रतिबंध को संशोधित किया गया है।

अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि 19 से 26 जनवरी तक पूर्वाह्न 10.20 बजे से दोपहर 12.45 बजे के बीच दिल्ली हवाई अड्डे से किसी भी उड़ान की आवाजाही नहीं होगी। नोटम (वायुकर्मियों को नोटिस) में उड़ान संचालन में शामिल कर्मियों के लिए आवश्यक जानकारी होती है। गणतंत्र दिवस की तैयारियों और समारोहों के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध 19 जनवरी से 29 जनवरी तक रहेगा। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी नोटम में कहा गया था कि एयरलाइन की गैर-निर्धारित उड़ानों और अन्य विमानों को 19-25 जनवरी की अवधि के दौरान पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक उतरने या उड़ान भरने की अनुमति नहीं होगी।

# एमएनजीएल ने किया हीथ कंसल्टेंट्स के साथ समझौता

**ह्यूस्टन।** गैस वितरक महाराष्ट्र नेचुरल गैस लिमिटेड (एमएनजीएल) ने अपने प्राकृतिक गैस उपयोगिता बुनियादी ढांचे में कम-उत्सर्जन सुनिश्चित के लिए अमेरिका स्थित हीथ कंसल्टेंट्स इनकॉर्पोरेटेड के साथ एक प्रौद्योगिकी स्तर का सहयोग किया है। एमएनजीएल की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, यूएस-इंडिया लो एमिशन गैस टास्क फोर्स (एलईजीटी) के तहत हस्ताक्षरित एमओयू एमएनजीएल और हीथ को उत्सर्जन में कमी आदि के अवसरों की पहचान करने में मदद करेगा। एमएनजीएल के प्रबंध निदेशक कुमार शंकर ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से हम ऐसे पहचाने गए अवसरों को विशिष्ट कार्यान्वयन योग्य परियोजनाओं में बदलने के लिए काम करेंगे।

# भारतीय भाषाओं में अध्ययन सामग्री तीन वर्षों में डिजिटल रूप से उपलब्ध कराएं

नई दिल्ली, एजेंसी

» केंद्र सरकार ने स्कूलों, उच्च शिक्षा संस्थानों को जारी किए निर्देश

शिक्षा मंत्रालय MINISTRY OF EDUCATION सत्यमेव जयते

केंद्र सरकार ने स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों को अगले तीन वर्ष के भीतर भारतीय भाषाओं में सभी पाठ्यक्रमों के लिए अध्ययन सामग्री डिजिटल रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस निर्णय का उद्देश्य छात्रों को उनकी अपनी भाषा में अध्ययन करने का अवसर प्रदान करना है।

शिक्षा मंत्रालय (एमओई) ने एक बयान में कहा कि सरकार ने सभी स्कूलों और उच्च शिक्षा नियामकों जैसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), एनआईओएस, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), आईआईटी, सीयू और एनआईटी को अगले तीन वर्ष में सभी पाठ्यक्रमों के लिए भारतीय भाषाओं में अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

बयान में कहा गया है कि यूजीसी एआईसीटीई और स्कूल शिक्षा विभाग को भी राज्य के स्कूलों और विश्वविद्यालयों के संबंध में मुद्दा उठाने के लिए कहा गया है। इसमें कहा गया है कि उपरोक्त निर्देश हर स्तर पर शिक्षा में बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के तहत दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि अपनी भाषा में अध्ययन करने से छात्रों को बिना किसी बाधा के नवोन्मेषी ढंग से सोचने का स्वाभाविक मौका मिल सकता है।

### दो वर्षों से हो रहा काम

मंत्रालय ने कहा, सरकार पिछले दो वर्ष के दौरान पहले से ही इस दिशा में काम कर रही है। इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून और कौशल पुस्तकों का अनुवाद अनुवादिनी एआई आधारित एप के माध्यम से किया जा रहा है। ये किताबें ई-कुंभ पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

# भारत में चुनावों पर भरोसा काफी मजबूत : राजेश

दावोस, एजेंसी

» विश्व आर्थिक मंच की बैठक में डीपीआईआईटी सचिव का संबोधन



उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने विभिन्न संस्थाओं में विश्वास के मामले में भारत को अग्रणी बताते हुए शुक्रवार को कहा कि देश में चुनावों और अन्य संस्थाओं में विश्वास मजबूत बना हुआ है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक-2024 में मतपत्र पेटी पर 4.2 अरब लोग विषय पर एक सत्र को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भारत में चुनाव में बहुत ही विस्तृत प्रक्रिया-आधारित प्रणाली का पालन होता है।

उन्होंने कहा कि हमने 75 वर्षों से अधिक समय से विश्वसनीय चुनाव कराए हैं, जिनमें से 25 वर्ष के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से चुनाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह स्वयं एक सिविल सेवक के रूप में विभिन्न भूमिकाओं में चुनाव प्रक्रिया में शामिल रहे हैं।

इस साल के चुनाव से पहले मुद्दों के बारे में पूछे जाने पर डीपीआईआईटी के सचिव ने कहा कि रोजगार से जुड़े मुद्दे और विकास किसी भी अन्य देश की तरह (भारत के चुनाव में) प्रमुख मुद्दे होंगे, जबकि पिछले 10 वर्षों में मौजूदा सरकार का कामकाज भी मायने रखेगा। उन्होंने कहा, एक सिविल सेवक के रूप में मैं चुनाव (परिणाम) की भविष्यवाणी नहीं कर सकता और न ही करना चाहिए। सिंह ने भारतीय चुनावों पर किसी भी तरह के प्रभाव डालने वाली गलत सूचनाओं और रिश्वत को भी खारिज कर दिया।

रोबोटिक्स सम्मेलन | केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मांडविया ने कहा-

# भारत स्वास्थ्य सेवा क्रांति में सबसे आगे

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा समय में भारत का स्वास्थ्य देखभाल तंत्र अत्याधुनिक नवाचार और सुलभता के साथ गुणवत्तापूर्ण तथा किफायती स्वास्थ्य सेवाओं की असीमित आवश्यकता को पूरा कर रहा है।

मांडविया ने शुक्रवार को हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित प्रथम वैश्विक मल्टी-स्पेशियलिटी रोबोटिक्स सर्जिकल सम्मेलन को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा,हम एक ऐसे चौराहे पर खड़े हैं जहां एक दशक पहले, भारत के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य को नवाचार के साथ-साथ पहुंच और सामर्थ्य के संदर्भ में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। लेकिन भारत ने सामूहिक प्रयास और अटूट संकल्प से उल्लेखनीय प्रगति की है और विश्व में हम स्वास्थ्य सेवा क्रांति में सबसे आगे खड़े हैं।

उन्होंने कहा एकीकृत स्वास्थ्य इंटरफ़ेस, डिजिटल स्वास्थ्य जैसी देखभाल की अकल्पनीय प्रक्रियाएं वास्तविक बन गई हैं। सम्मेलन में मौजूद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और जनजातीय मामलों की राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी के बारे में एक साझा दृष्टिकोण साझा तैयार किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मानव जाति की भलाई के लिए और देश में सर्जिकल स्वास्थ्य सेवा में एक आदर्श बदलाव लाने के लिए प्रौद्योगिकी में मौजूद अपार संभावनाओं और अनंत संभावनाओं का प्रस्तुतिकरण होना चाहिए।

### सम्मेलन में दुनियां भर से पहुंचे 150 विशेषज्ञ

रोबोटिक सर्जरी के भविष्य पर चर्चा करने के लिए दुनिया भर से 150 से अधिक प्रसिद्ध विशेषज्ञ सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। यह सम्मेलन दो दिन चलेगा। देश का पहला और एकमात्र घरेलू सर्जिकल रोबोटिक सिस्टमएसएसआई मंत्र के निर्माता एसएस इनोवेशन ने इस वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया है। सम्मेलन में एसएसआई मंत्रा के साथ प्रसिद्ध रोबोटिक सर्जनों की लाइव सर्जरी की गई है। एसएस इनोवेशन के संस्थापक, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि यह सम्मेलन एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के साथ स्वास्थ्य सेवा के भविष्य के लिए मंच तैयार करेगा और रोबोटिक सर्जरी का भविष्य तय करेगा।

# अनुसूचित जाति के हितों की रक्षा को सरकार ने बनाई समिति

**नई दिल्ली।** मडिगा जैसे अनुसूचित जाति समुदायों के हितों की रक्षा के लिए उठाए जाने वाले प्रशासनिक कदमों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मामले से जुड़े एक सूत्र ने कहा प्रधानमंत्री के निर्देश पर कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में सचिवों की एक समिति गठित की गई है। यह उन प्रशासनिक कदमों की जांच करेगी जो अनुसूचित जाति समुदायों के हितों की रक्षा के लिए उठाए जा सकते हैं। जैसे कि मडिगा और अन्य ऐसे समूह। इन समूहों की शिकायत रही है कि उन्हें लाभ का उचित हिस्सा समान रूप से नहीं मिल रहा है। समिति में गृह मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, जनजातीय मामलों के मंत्रालय, कानूनी मामलों के विभाग और सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव शामिल होंगे।

# पाकिस्तान, ईरान सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग के लिए राजी

इस्लामाबाद, एजेंसी

» तनाव को दूर करने के लिए दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने टेलीफोन पर की बातचीत

एक-दूसरे के भूभाग में मिसाइल हमलों के बाद रिश्तों में पैदा हुए तनाव को दूर करने का प्रयास करते हुए पाकिस्तान और ईरान शुक्रवार को परस्पर विश्वास और सहयोग की भावना के साथ सुरक्षा मुद्दों पर करीबी सहयोग की आवश्यकता पर सहमत हुए। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी ने अपने ईरानी समकक्ष हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से बात की और आपसी विश्वास और सहयोग की भावना के आधार पर सभी मुद्दों पर ईरान के साथ काम करने की पाकिस्तान की इच्छा व्यक्त की।

दोनों मंत्रियों की टेलीफोन पर बातचीत के बाद जारी बयान में कहा गया, उन्होंने (जिलानी) सुरक्षा मुद्दों पर करीबी सहयोग की जरूरत पर जोर दिया। इस सकारात्मक घटनाक्रम से पहले पाकिस्तान ने गुरुवार को ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल से सैन्य हमले किए, जिसमें नौ लोग मारे गए।

ये हमले ईरान द्वारा पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले शुरू करने के दो दिन बाद हुए। विदेश कार्यालय ने कहा कि इससे पहले, जिलानी और तुर्किये के उनके समकक्ष हैकन फिदान ने पाकिस्तान और ईरान के बीच चल रहे घटनाक्रम पर चर्चा की। जिलानी ने फिदान को बताया कि सैन्य हमले ईरान के अंदर आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर किए गए थे और कहा कि पाकिस्तान को तनाव बढ़ाने में कोई दिलचस्पी या इच्छा नहीं है।